ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 27 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 204 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

केबीसी 15 में 'अंधविश्वास' को लेकर अमिताभ... पेज 12 पर



# पीएम मोदी का बड़ा ऐलान, 23 अगस्त को अब 'नेशनल स्पेस डे' के रूप में मनाया जाएगा

## जहां उतरा चंद्रयान-3 उस स्थान का नाम 'शिव शक्ति'

## जहां चंद्रयान-2 के पदचिह्न पड़े वो जगह अब 'तिरंगा'

**एजेंसी। बेंगलुरू**

प्रप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए बड़ा ऐलान किया। पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सराहना करते हुए शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 लैंडर चंद्रमा की सतह पर जिस स्थान पर उतरा है, उसका नाम शिव-शक्ति पॉइंट रखा जाएगा और 23 अगस्त को राष्ट्रीय



अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 में महिला वैज्ञानिकों ने अहम भूमिका निभाई है ..यह 'शिवशक्ति' प्वाइंट आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा कि हमें विज्ञान का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए ही करना है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इसरो प्रमुख ने प्रधानमंत्री का जताया आभार, कहा -

## उनके शब्दों ने वैज्ञानिकों को प्रेरित किया



**चंद्रयान 3** की सफलता के बाद शनिवार को पीएम के इसरो के आईएसटीआरएसी के मिशन संचालन परिसर में पहुंचकर वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करने के लिए इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने पीएम का आभार जताया है। इसरो प्रमुख ने मीडिया से बातचीत में पीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस ऐतिहासिक घटना को लेकर भावुक थे। चंद्रयान-2 और 3 की लैंडिंग साइट के 'तिरंगा' और 'शिव शक्ति' स्थलों का नामकरण जानकर बहुत खुशी हुई। यह वैज्ञानिकों को प्रेरित करने वाला कदम है। एस सोमनाथ ने कहा कि इसरो और भारतीय विज्ञान समुदाय पीएम की सराहना, अटूट समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त करता है। उनके शब्दों ने हमारे राष्ट्र और मानवता के लिए अधिक से अधिक उपलब्धियों के लिए नए सिरे से दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देने वाले वैज्ञानिकों को गहराई से प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करने के लिए पीएम शनिवार को बेंगलुरु में स्थित इसरो के आईएसटीआरएसी में पहुंचे। यहां उन्होंने इसरो चीफ से मिलकर उन्हें चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए बधाई दी।

## चंद्र मिशन के बाद इसरो आदित्य-एल1 सूर्य मिशन के लिए तैयार, दो सितंबर को करेगा लॉन्च

**चंद्र अभियान** की सफलता के बाद इसरो ने सूरज का अध्ययन करने के लिए संभवतः दो सितंबर को किए जाने वाले सूर्य मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है। एल1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह सूर्य के अवलोकन के लिए पहला समर्पित भारतीय अंतरिक्ष मिशन होगा, जिससे अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा प्रक्षेपित किया जाएगा। आदित्य-एल1 मिशन का लक्ष्य एल1 के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। यह अंतरिक्ष यान सात पेलोड लेकर जाएगा जो अलग-अलग वेव बैंड में फोटोस्फेयर (प्रकाशमंडल), क्रोमोस्फेयर (सूर्य की दिखाई देने वाली सतह से ठीक ऊपरी सतह) और सूर्य की सबसे बाहरी परत (कोरोना) का निरीक्षण करने में मदद करेंगे।



## प्रज्ञान रोवर ने शिव शक्ति प्वाइंट पर की सैर

**इसरो** ने शनिवार को बताया कि प्रज्ञान रोवर दक्षिणी ध्रुव पर चंद्र रहस्यों की खोज में शिव शक्ति प्वाइंट के आसपास घूम रहा है। आज ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विक्रम लैंडर के चांद की सतह पर लैंड होने वाले स्थान को शिव शक्ति प्वाइंट नाम दिया है। इससे पहले शुक्रवार को प्रज्ञान रोवर ने चांद की सतह पर आठ मीटर की सैर की थी। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त को चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। सतह पर जानकारी जुटाने के लिए प्रज्ञान रोवर के दो पे लोड और विक्रम लैंडर के तीन पे लोड सक्रिय हैं। रोवर 23 तारीख से अगले चौदह दिनों तक जानकारी जुटाएंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### दो पुलिस जवानों की हत्या में शामिल दो नक्सली गिरफ्तार

**प.सिंहभूम।** पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस पर घात लगाकर हमला कर झारखंड जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी समेत दो पुलिस जवानों की जान लेने की घटना में शामिल दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस कांड के अभियुक्तों के अपने गांव आने की सूचना पर 25 अगस्त को टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका के आस-पास गठित विशेष छापेमारी टीम ने दो संदिग्ध लोगों रामजा हेम्ब्रम और पाण्डु पुरती को गिरफ्तार किया गया।

### जेवरात लूटकर भाग रहे दो लुटेरे गिरफ्तार, तीसरे की डूबने से मौत

**गोड्डा।** गोड्डा जिले के महगामा में शनिवार को एक ज्वेलरी शॉप में हथियार के बल पर लुटेरों ने बेशकीमती जेवरात लूट लिए। लूट कांड को अंजाम देकर भागते लुटेरों में से दो को पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी भागते हुए नहर में गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर की है। बताया गया कि जैसे ही ज्वेलर्स शॉप में लूट हुई, बाजार में शोर मच गया। पुलिस को भी तुरंत सूचना मिली। लोग लुटेरों के भागने की दिशा में दौड़े। दो को रास्ते में दबोच लिया गया। उनके पास से लूटे गए आभूषण सहित एक थैले में रखे गये दो पिस्टल भी बरामद किए गए।

### अफीम तस्करी के दोषी को 12 साल कारावास की सजा

**खूंटी।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दो सत्यकाम प्रियदर्शी की कोर्ट ने शनिवार को अफीम तस्करी के एक दोषी को 12 वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जिला पुलिस ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कोर्ट ने मारंगहादा थाना कांड संख्या 08/19 के दोषी डोंगे मुंडा ग्राम कुरकुटा थाना मारंगहादा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 (बी) में सजा सुनाई।

### हाईकोर्ट ने निशि पांडेय के केस में सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में गैंगस्टर स्व. किशोर पांडेय की पत्नी निशि पांडेय के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) के तहत पारित आदेश को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई हुई। जिला प्रशासन द्वारा सीसीए के तहत निशि पांडेय को छह माह तक प्रतिदिन पतरातू थाना इंचार्ज के समक्ष हाजिरी लगाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि निशि पांडेय खिलाफ सीसीए लगाए जाने से संबंधित क्या केस बनता है। शनिवार को हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई आठ सितंबर निर्धारित की है।

### राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी-सह-जनपद संस्कृत सम्मेलन में राज्यपाल ने कहा-

# भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम है

### योग और आयुर्वेद की पद्धति अनुकरणीय

### संस्कृत के शास्त्रों में वर्णित ज्ञान अतुलनीय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम है। इसके लिए हमलोगों में गौरव का भाव होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन जीने के तरीकों के साथ मानव मूल्य भी स्थापित थे। शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान, जिसमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो। राज्यपाल शनिवार को संस्कृत विभाग, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तथा संस्कृत भारती के संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। योग और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन मूल्यों के प्रति सचेष्ट होना चाहिए।

चन्द्रयान की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि उसके टीम लीडर एस. सोमनाथ का मानना है कि संस्कृत के शास्त्रों में विज्ञान के बीज बिखरे पड़े हैं। संस्कृत के शास्त्रों में वर्णित ज्ञान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हमें मैकाले की शिक्षा प्रणाली को बदलना होगा और इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में अनेक प्रावधान किये गये हैं। भारतीय ज्ञान प्रणाली को प्रोत्साहन देना इस शिक्षा नीति के प्रधान उद्देश्यों में एक है। इस शिक्षा नीति के फलस्वरूप भारत निकट भविष्य में नवाचारों का केन्द्र बनेगा।

संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संघटन मंत्री दिनेश कामत ने कहा कि संस्कृत शिक्षा हमारी संस्कृति की संरक्षिका है, जिसमें सुदृढ़ सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के आधारभूत तत्व सन्निहित हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान की कोई भी शाखा संस्कृत स ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# शराब घोटाला मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी से की लंबी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शराब घोटाले मामले में योगेंद्र तिवारी और उसके सगे भाई से अमरेंद्र तिवारी से ईडी में लंबी पूछताछ हुई। ईडी ने समन जारी कर दोनो भाइयो को शनिवार के दिन कब 11 बजे तलब किया था, हालांकि दोनों ईडी दफ्तर डेढ़ घण्टे लेट पहुचे थे।

शराब घोटाला मामले में अपनी जांच की दिशा को आगे बढ़ाने के लिए ईडी ने घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी और अमरेंद्र तिवारी से शनिवार को लंबी पूछताछ की । ईडी के समन पर दोनों भाई शनिवार की दोपहर एजेंसी के दफ्तर पहुंचे थे। पूछताछ में दोनो भाइयो ने शराब के कारोबार में किस तरह घोटाला कर मुनाफा कमाया गया इसकी पूरी जानकारी ईडी को दी है।



### प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी की मदद से अफसरों जासूसी

ईडी के अधिकारियों को जानकारी मिली है कि योगेंद्र तिवारी के द्वारा ईडी के अफसरों की जासूसी भी करायी जाती थी, साथ ही उनके गतिविधियों पर नजर भी रखा जाता था। ईडी को जानकारी मिली कि योगेंद्र तिवारी बीते कई महीनों से ईडी के अफसरों की जासूसी कराते थे। बकायदा इसके लिए प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी की भी मदद योगेंद्र तिवारी के द्वारा लिए जाने की सूचना ईडी को मिली है। बुधवार को योगेंद्र तिवारी से पूछताछ के दौरान अधिकारियों ने इस संबंध में भी जानकारी मांगी थी।

जानकारी के मुताबिक, प्रेम प्रकाश के यहां हुए छापे के बाद ही योगेंद्र तिवारी ईडी की रडार पर आ गया था, तब से ही उसके द्वारा ईडी के अफसरों की गतिविधि पर नजर रखी जाती थी।कई बार ईडी के अफसरों के कहीं आने जाने की रेकी भी कराने की बात सामने आयी है। इस संबंध में भी तिवारी ब्रदर्स से पूछताछ की गई।

### घोटाले का किंगपिन है तिवारी

शराब घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी ने साल 2021-22 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था। झारखंड के सबसे बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने अपने राजनीतिक और नौकरशाही में संबंधों के जरिए राज्य में शराब के थोक कारोबार में वर्चस्व स्थापित किया था। साल 2021 में सरकार की थोक शराब नीति लागू होने के बाद योगेंद्र तिवारी ने अपने सिंडिकेट के जरिए 19 जिलों में शराब के ठेकों पर वर्चस्व स्थापित किया था, तब उत्पाद विभाग को भेजे गए बैंक खातों से तब इस बात का खुलासा हुआ था। ईडी ने अपने जांच में पाया था कि राज्य के 24 जिलों में से 19 जिलों में से तिवारी से संबंधित लोग ही अलग-अलग प्रतिष्ठान के नाम पर शराब के थोक व्यापार में शामिल थे। इसके लिए जामताड़ा के एक ही बैंक के शाखा से 30 करोड रुपए के डिमांड ड्राफ्ट बनवाए गए थे।

# झारखंडः संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मिलेगा 180 दिन का मातृत्व अवकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य कर्मियों की तर्ज पर संविदा के आधार पर नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों को मातृत्व अवकाश की सुविधा दी जाएगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में शनिवार को संकल्प जारी कर दिया है। वित्त विभाग के संकल्प के बाद अन्य विभागों की ओर से निर्देश जारी किये जा रहे हैं। इसी आलोक में ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड के सभी मनरेगा अंतर्गत संविदा पर कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को मातृत्व अवकाश के सुविधा अनुमान्य करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को पत्र लिखा है और नियमानुसार मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का निर्देश दिया है।

झारखंड राज्य के अन्य पड़ोसी राज्य में संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को पहले से ही मातृत्व अवकाश देने का प्रावधान है। ऐसे में राज्य सरकार ने विचार कर केंद्रीय अधिनियम झारखंड हाई कोर्ट में विभिन्न वादों में पारित आदेश तथा पड़ोसी राज्यों में संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने से संबंधित प्रभावी प्रावधान को देखते हुए संविदा पर नियुक्त एवं नियमित रूप से कार्यरत महिला कर्मियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# हम स्वाभिमान की राजनीति करते हैं : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को डुमरी विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुरा प्रखंड के तेलो पश्चिमी पंचायत स्थित तेली बांध कोचाटांड़ मैदान में शनिवार को सत्ताधारी गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम अपनी उपलब्धि गिनाने नहीं आये हैं। यह उपचुनाव बड़े भाई जगरनाथ महतो के कर्म और शहादत का चुनाव है। हम 2024



में आपको लेखा जोखा देंगे और विपक्ष से भी इनका लेखा जोखा लेंगे। पूर्व की डबल इंजन की सरकार ने डबल हाथों से इस राज्य को लूटने का काम किया है। हेमंत सोरेन ने कहा कि सेवा करते-करते टाइगर जगरनाथ महतो ने अपने आप को कुर्बान कर दिया। ऐसे समय में हमें उस महान व्यक्ति के साथ खड़ा होना चाहिए जो आपके लिए हमेशा काम करते रहे। सीएम ने कहा कि सरकारी संस्थाओं के दम पर विपक्ष के लोग चुनाव जीतने का प्रयास कर रहे हैं। हम चुनाव प्रचार न कर पाए, उसी की कोशिश में ये लोग लगे हुए हैं। लेकिन इनसे भी ताकतवर ईश्वर है जो हमारी सुरक्षा कर रहा है। विपक्षी दल 2019 से सरकार गिराने का षड्यंत्र रच रहे हैं और आज हम 2023 पर पहुंच चुके हैं। 2023 क्या, 2024 भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तीसरी बैठक में बढ़ेगा इंडिया गठबंधन का कद

# उप समिति गठन पर होगी चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी महत्वपूर्ण बैठक के बाद मजबूत होने के लिए तैयार है। इंडिया (आईएनडीआईए) सदस्य दलों के सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महाराष्ट्र शेतकारी दल की भागीदारी होगी। 23 जून को पटना में हुई पहली बैठक में 16 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। एक महीने से भी कम समय में, 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में दूसरे दौर की बैठक के दौरान गठबंधन 26 दलों तक पहुंच गया था। तीसरी बैठक में एक और दल को जोड़ने के अलावा राज्य स्तर पर गठबंधन के लिए उप समिति और सामूहिक बैठक पर भी निर्णय लिया जायेगा। पार्टी सूत्रों ने कहा कि उप-समिति के गठन से 2024 के लोकसभा चुनावों के



दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के कामकाज में मदद मिलेगी। मुंबई की बैठक में गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक को लेकर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, कई नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय संयोजक का पद सृजित करने के बजाय कई दलों की उप समिति इस पद को संभाल सकती है, जो कार्यक्रमों को तय करने का काम भी करेगी और पार्टियों के बीच समन्वय की अहम भूमिका भी निभाएगी। सूत्रों ने आगे कहा कि तीसरी बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम के मसौदे और इंडिया पार्टियों के लोगो पर भी चर्चा की जाएगी, जो मुंबई में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना (यूबीटी) के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी द्वारा आयोजित की जा रही है। बैठक में कम से कम 80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा होगी और महंगाई, बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा को घेरने पर चर्चा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों पर कोई चर्चा होगी, इस पर सूत्रों ने आगे कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना नहीं है क्योंकि पार्टियों को पहले मुद्दों और सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री पद के चेहरे और सीट बंटवारे का फैसला बाद में किया जाएगा, क्योंकि पहली प्राथमिकता केंद्र में भाजपा सरकार से मुकाबला करने के लिए एक रोडमैप तैयार करना है। सूत्रों ने यह भी कहा कि इस स्तर पर प्रधानमंत्री पद पर चर्चा के मुद्दों में पड़ने के बजाय 2024 के लोकसभा अभियान के लिए माहौल तैयार करना अधिक महत्वपूर्ण है।

# हाईकोर्ट ने पारा शिक्षकों के आरक्षण पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

### अगली सुनवाई 31 अगस्त को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को चुनौती दी गई है। बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार एवं जेएसएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आज याचिका पर सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी। याचिका में जेएसएससी को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में



संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई थी। बाद में संविदा कर्मियों को आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है।

# नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को अंडर 17 बालक/बालिका वर्ग और अंडर 15 बालक वर्ग का सेमी फाइनल मैच खेला गया। अंडर 17 बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और रांची के बीच खेला गया। सेमीफाइनल के इस मैच को एसटीसी सिमडेगा की टीम ने 4-0 गोल से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच एसटीसी लचरागढ़ एवं एसटीसी बरियातू के बीच खेला गया।इसमें बरियातू की टीम 3-0 से मैच जीत कर फाइनल में पहुंचा। अंडर 17 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और सिमडेगा के बीच खेला गया, इसमें एसटीसी सिमडेगा की टीम ने 5-1 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच एसटीसी खूंटी और लोहरदगा के बीच खेला गया, इस मैच में खूंटी की टीम ने लोहरदगा को 16-0 से रौंदकर फाइनल में अपना स्थान बनाया। इसी प्रकार अंडर 15 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी गुमला और रांची के बीच खेला गया, जिसमें गुमला की टीम ने 8-1 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच सिमडेगा और एसटीसी लातेहार के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण हुए इस मैच को सिमडेगा की टीम ने 3-2 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को तीनों वर्गों का फाइनल मैच खेला जाएगा। अंडर 15 बालक वर्ग का फाइनल मैच एसटीसी गुमला और सिमडेगा के बीच सुबह 8 :30 बजे से खेला जाएगा।

### राजधानी में जमीन विवाद रोकने की कवायद शुरू

# पुलिस ने जाना अपना अधिकार क्षेत्र की भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में जमीन विवाद के मामलों को लेकर पुलिस की भूमिका किस तरह की होनी चाहिए इस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रांची जिले के सभी थानों के थानेदार शामिल हुए ,जमीन मामलो को लेकर कोविड संक्रमण के बाद पुलिस के लिए यह पहली कार्यशाला थी, जिसमे पूरे आठ घण्टे तक पुलिस अफसरों को जमीन विवाद को किस तरह से निपटना हो यह बताया गया।

**विवाद रोकने की कवायद :** राजधानी रांची में जमीन विवाद को लेकर होने वाले खून खराबे ,मारपीट और विवाद पर ब्रेक लगाने के लिए पुलिस अपनी ठोस रणनीति पर काम तो कर ही रही है ,इसके तहत भू माफिया के खिलाफ कारवाई की जा रही है। साथ ही अब रांची एसएसपी और डीसी के पहल पर राजधानी के सभी थानेदारो को जमीन विवाद का हल किस तरह निकालना इसकी भी कानूनी पहलुओं की जानकारी देनी शुरू कर दी गई है, इसके पहले चरण में शनिवार को रांची के सभी 42 थानेदारों को जमीन मामलों के विशेषज्ञ के द्वारा कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। रांची के मोरबाड़ी मैदान स्थित टीआरआई में आयोजित पुलिस कार्यशाला में पुलिस को वह हर गुर बताए गए जो जमीन विवाद में आजमाना है। गौरतलब है की जमीन विवाद में पुलिस की भूमिका हो या नही भी हो फिर भी अक्सर पुलिस को इस मामलों में बदनाम किया जाता है। ऐसे में जरूरी है कि पुलिस सिर्फ वैसे मामलों में ही पड़े जिसमें कानून व्यवस्था की स्थिति के खराब होने की संभावना हो। यही वजह है कि शनिवार को रांची जिला के सभी थाना प्रभारी/आरक्षी निरीक्षक/उपआरक्षी निरीक्षक भूमि विवाद से संबंधित मामलों के नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया अपनाते हुए यथाशीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

**एसएसपी और डीसी ने भी साझा की जानकारी :** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और रांची एसएसपी किशोर कौशल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को भूमि विवाद से संबंधित मामलों की जटिलताओं और तकनीकी पहलू के बारे में बारीकी से जानकारी दी। एसएसपी के अनुसार जमीन से संबंधित किसी तरह के विवाद को लेकर लोग थाना पहुंचते हैं, मामले के निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारी लोगों को समझाकर आवश्यक और उचित प्रक्रिया की जानकारी दे सकें इस उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ,उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में पुलिस पदाधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित कई मामलों में अपने अनुभव भी साझा किये हैं और इस तरह के आयोजन से फ्रेशनेस के साथ डिलीवरी मेकैनिज्म भी शार्प होता है।

## एकादशी के मौके पर में सिल्ली से छोटा मुरी तक भव्य नगर हरीनाम संकीर्तन आज

**सिल्ली।** प्रखंड के कुटाम स्थित भक्ति वेदांत गुरुकुल के तत्वावधान में रविवार को पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष में नगर हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है। नगर संकीर्त प्रातः 8 बजे सिल्ली पुराना बुंडू चौक स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होगी एवं छोटा मुरी में समापन किया जाएगा। संकिर्तन में गुरुकुल के संस्थापक दास गदाधर प्रभु समेत गुरुकुल के 250 विद्यार्थी शामिल होंगे। गुरुकुल के आचार्य सुबोल दास प्रभु ने इसकी जानकारी देते हुए आम जनों को हरिनाम संकीर्तन में शामिल होने का आग्रह किया है।

## शादी के नाम पर नाबालिग लड़की का यौन शोषण, मामला दर्ज

**खूंटी।** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में पीड़िता ने महिला थाने में आरोपित के विरुद्ध लिखित शिकायत की है। शिकायत में पीड़ित लड़की ने कहा है कि आरोपित शादी का झांसा देकर महीनों तक उसका यौन शोषण करता रहा। जब वह गर्भवती हो गई है, तो वह शादी से इनकार कर रहा है। आरोपित भी नाबालिग है और उसका रिश्तेदार भी है।

## रांची में एआईएलयू के चौथे सम्मेलन में 45 सदस्यीय राज्य कमेटी का निर्वाचन




**रांची।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन (एआईएलयू) का चौथा झारखंड राज्य सम्मेलन रांची के पुरुलिया रोड स्थित एसडीसी सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीवी सुरेंद्रनाथ ने कहा कि अधिवक्ता पेशेगत संविधान के पैदल चलने वाले योद्धा हैं। इसलिए उनपर संविधान के हिफाजत की ज्यादा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 40 लाख अधिवक्ता हैं। इनमें से 25 लाख वकील विभिन्न न्यायालयों में अभ्यासरत हैं। उनकी कई पेशेगत समस्याएं है। इसलिए एआईएलयू को हस्तक्षेप करना चाहिए। सम्मेलन को संगठन के कोषाध्यक्ष और दिल्ली हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल चौहान तथा कोलकाता हाई कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट चित्तरंजन चक्रवर्ती ने भी संबोधित किया। सम्मेलन का स्वागत वक्तव्य रांची उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व विधायक अब्दुल हाकिम ने दिया। एआईएलयू के राज्य महासचिव एम चौधरी ने सम्मेलन में पिछले दिनों की गतिविधियों और सांगठनिक कार्यों की रिपोर्ट रखी, जिस पर 47 प्रतिनिधियों ने सुझाव दिए। बाद में इन सुझावों को शामिल करते हुए रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से 45 सदस्यीय राज्य कमेटी का निर्वाचन किया गया। इनमें एन केपी सिन्हा को अध्यक्ष, एम चौधरी को महासचिव और संतोष प्रकाश को कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में 257 एडवोकेट प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रतिनिधियों में बड़ी संख्या में महिला एडवोकेट, कानून के छात्र और शिक्षक भी शामिल थे।

# चार जमीन दलाल होंगे जिला बदर 23 की लगेगी थाना में हाजिरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में हथियार के बल पर जमीन कब्जा और गोलीबारी की घटना पर अंकुश लगाने के लिए जमीन दलालों पर कार्रवाई शुरू हो गयी है। रांची पुलिस ने जबरन जमीन कब्जा करने वाले 47 दलालों की सूची तैयार की है। इस सूची में अंकित जमीन दलालों पर जिला बदर, थाना हाजिरी और सीसीए की कार्रवाई होगी। सूची में अंकित चार जमीन दलालों को जिला बदर किया जाएगा। वहीं 23 जमीन दलालों से थाना हाजिरी लगवायी जाएगी। रांची पुलिस ने 27 जमीन दलालों को जिला बदर व थाना हाजिरी की कार्रवाई करने के लिए रांची उपायुक्त को प्रस्ताव भेज दिया है। रांची पुलिस की सूची में अंकित शेष 20 जमीन दलालों का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस शेष जमीन दलालों पर शहर के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों का पता लगा रही है।

### इन दलालों से लगवाई जाएगी थाना में हाजिरी

पंडरा ओपी के सुजित झा, घनश्याम पांडेय, प्रकाश झा, अनिता शर्मा, मेसरा ओपी के आफताब अंसारी, सदर थाना क्षेत्र के दिलावर अंसारी उर्फ दिलावर खान, जमील अंसारी, तुपुदाना ओपी क्षेत्र के रमेश राम, सरवर खान, अमजद खान एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भोला गोसाई, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बुतरू उरांव, डोरंडा थाना क्षेत्र के संजय गोसाई, भोला गोसाई, पुंदाग ओपी क्षेत्र के जाकिर हुसैन, राकेश कुमार, कांके थाना क्षेत्र के अलाउद्दीन अंसारी, मुकेश कुजूर, एनामुल हक उर्फ बबलू खान, पिठोरिया थाना क्षेत्र के सुजाउद्दीन, कृष्णा नायक, मो इसराइल अंसारी, खरसीदाग ओपी क्षेत्र के चमपा उरांव, नामकुम थाना क्षेत्र के अशोक नायक और रातू थाना क्षेत्र के अनिल सिंह शामिल है। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि जमीन दलालों की सूची तैयार की गई है। इसमें से चार जमीन दलालों को जिला बदर किया जाएगा। वहीं 23 जमीन दलाल पर थाना हाजिरी की कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रस्ताव उपायुक्त को भेज दिया गया है। कई जमीन दलालों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

**पांच से अधिक केस वाले को जिला बदर**

रांची पुलिस की ओर से तैयार की गई सूची में को दो कैटोग्री में बांटा गया है। कैटोग्री ए और बी नाम दिया गया है। कैटोग्री ए में वैसे जमीन दलालों को रखा गया है, जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में पांच या फिर उससे अधिक मामले दर्ज हैं। उन जमीन दलालों को जिला बदर किया जाएगा। वहीं कैटोग्री बी में तीन और उससे अधिक केस जिन जमीन दलालों पर दर्ज है, उन्हें रखा गया है। ऐसे जमीन दलालों पर थाना हाजिरी की कार्रवाई की जाएगी।

**ये जमीन दलालों होंगे जिला बदर**

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के इजहारूल अंसारी व विनोद गोप, कांके थाना क्षेत्र के ऋषि रंजन और अमृत टोप्पो शामिल हैं।

**सूची में इन पर भी कार्रवाई की तैयारी**

कांके थाना क्षेत्र के सीमा तिर्की, सद्दाम अंसारी, गुड्डू शुक्ला, मेसरा ओपी क्षेत्र के इश्वर प्रसाद, पिठोरिया थाना क्षेत्र के मोजीब अली, माजिद अंसारी, असलम अंसारी, डोरंडा थाना क्षेत्र के अनिल झा, नामकुम थाना क्षेत्र के बिरजू नायक व बंटी लोहार, चुटिया थाना क्षेत्र के नवीन कुमार केरकेट्टा, संजय सिंह, पुंदाग ओपी क्षेत्र के बसंत साहु, सदर थाना क्षेत्र के नरेंद्र उर्फ निपेंद्र गोप, मधुकर सिंह और पंडरा ओपी क्षेत्र के पंकज कुमार शामिल है।

## संत थॉमस स्कूल के 50 वर्ष पूरे, स्वर्ण जयंती समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**रांची।** शनिवार को संत थॉमस स्कूल धुर्वा स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हिज गेस राइट रेव हॉ, यूयाकीस मार कूरिलॉस सैफागन मेट्रोपोलिटन शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य रेव डॉ एम ओ उमेन जूनियर, उपप्रधानाचार्या सूजन ऊमेन, एमटीईएस के गणमान्य सदस्य, विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं अभिभावकगण भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित के पश्चात राष्ट्रगान एवं ईशु वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य रेव डॉ. एम। ओ। उमेन के स्वागत भाषण के बाद विद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात उपप्रधानाचार्या श्रीमती सूजन क्रमेन ने अभिनंदन- संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## जमीन घोटाला मामले में विष्णु अग्रवाल ने की जमानत याचिका दाखिल

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ने ईडी कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। शनिवार को अग्रवाल की ओर से उनके अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दायर की है। जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल की ओर से कहा गया है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है और वह पूरी तरह से निर्दोष हैं। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत देने की गुहार लगायी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाला मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

## खूंटी में अभाविप ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**खूंटी।** जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री और छात्रों की गिरफ्तारी को लेकर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। मौके पर कमलेश महतो ने कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय में नाबालिग छात्र स्वप्न दीप कुंडू की रैगिंग और मौत के मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल और राष्ट्रीय मंत्री बिराज विश्वास सहित एक सौ से अधिक अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ इस तरह का पुलिस द्वारा किया गया व्यवहार काफी अफोसनाक है। इस दौरान प्रकाश टुटी, गौतम नाग, प्रवीण नाग, अदर्श राज, धर्मेंद्र साहू, पवन कुमार, सहिंदर महतो आदि मौजूद थे।

# जैव विविधता के संरक्षण पर स्कूली बच्चों के बीच जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



झारखंड जैव विविधता पार्षद रांची एवं प्रगति एजुकेशनल एकेडमी रांची के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को एस.एस प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो रांची में जैव विविधता पर मंडराता खतरा विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विलुप्त हो रहे जीव जंतुओं के संरक्षण के लिए वर्ग आठवीं से 12 वीं तक के स्कूली बच्चों के बीच किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कुछ जीव जंतु इस प्राणी जगत से विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसकी संरक्षण आवश्यक है। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय झारखंड की हो रही लुप्तप्राय प्रजातियों पर चित्र बनाने व निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय जैव विविधता के पुनर्निर्माण हेतु कार्रवाई विषय के लेखन पर आधारित था। जिसमें कुल 123 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों के द्वारा बहुत ही खुबसूरत पेंटिंग और निबंध लिखा गया। सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से स्कूल बैग एवं सर्टिफिकेट दिया गया। साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर संस्था के सीईओ बबीता कश्यप, प्रोग्राम को ऑर्डिनेटर सुनील कुमार एवं प्रकाश रजक समेत विद्यालय के एच एम, शिक्षक- शिक्षिकाओं आदि ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं इस कार्यक्रम का संचालन प्रगति एजुकेशन एकेडमी के सचिव दिनेश कुमार मेहता व धन्यवाद एकेडमी के सीईओ बबीता कश्यप ने किया।

## ईवा के सावन मिलन समारोह में देवदत्ता साहा बनीं सावन क्वीन

**रांची।** इंजीनियर्स वाइव्स एसोसिएशन (ईवा ) ने सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें ईवा की सदस्यों ने जम कर आनंद उठाया। इस मिलन समारोह में गीत, संगीत, कैटवॉक, कजरी, एकल नृत्य एवं झूला जैसी कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ईवा के सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत इंदु पराशर के भजन सत्यम शिवम सुंदरम के साथ हुई। इसके बाद नृत्य में किरण सिंह, रूपम सिन्हा, विनीता, नेहा गुप्ता, चंदा राव, वंदना वर्णवाल, शैल मिश्रा और सेजल ने खूब वाहवाही लूटी। अमृता, रीता सिंह, नीरा, मंजुला जायसवाल और कृष्णा श्रीवास्तव के भजनों को दर्शकों ने पसंद किया। कजरी में सभी प्रतिभागी जम कर झूमी। इन प्रस्तुतियों के बाद कई तरह के सावन गेम हुए। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और मनोरंजन किया।

## झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव पर मारपीट का आरोप, थाने में शिकायत

**रांची।** झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव विपुल मिश्रा पर शनिवार को खिलाड़ी आदित्य कुमार चौरसिया ने जान से मारने की धमकी देने और उनके भाई बिमल मिश्रा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में बताया गया है कि शुक्रवार देर रात दस की संख्या में आए लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जबकि बिमल मिश्रा ने उसे डंडे से पीटा। उसके मुंह को दबाया और घसीटते हुए स्टेडियम के बाहर ले गए। वहीं दूसरी ओर झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के सचिव विपुल मिश्रा से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि इतना संगीन आरोप अगर लग रहा है, तो पहले इसकी जांच हो जाए। उस लड़के की मेडिकल जांच करा लें और मेरे कैरेक्टर के बारे में किसी भी खिलाड़ी से पूछ सकते हैं। मामले में थाना प्रभारी मनोज महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## प्रलोभन देकर लोगों को कराया जा रहा है धर्म परिवर्तन

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के बमरजा पंचायत मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में सरना सनातन जागरण मंच की बैठक शनिवार को गोलो उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड की 19 पंचायतो के सरना सनातन धर्म के लोगों उपस्थित हुए और सरना सनातन धर्म को संगठित करने और आगे बढ़ाने के संबंध में विचार रखे। लालचंद प्रधान ने सरना धर्म के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरना सनातन एक ही है। उन्होंने कहा कि सरना भाइयों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जिसे हर हाल में हम लोगों को रोकना है। बैठक में वीरेंद्र सोनी, शिवकुमार केसरी, नागेंद्र सिंह, सुधीर सिंह के अलावा अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## खस्ताहाल : साप्ताहिक हाट का शेड जर्जर, टूट कर गिरने की कगार पर है पिलर

# लापरवाही : बरसात के मौसम में कभी भी घट सकती है दुर्घटना

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



रांची गुमला मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे 23 के बगल में झारखंड की प्रसिद्ध बाजार व सब्जी मंडी में बनाए गए शेड खस्ताहाल हो चुके हैं। शेड में लगाई गई लोहे की चादरें जर्जर हो गई हैं। शेड का पिलर कभी भी टूट कर गिरने की कगार पर है। वहीं कई शेड के छत पर लगा अल्बेस्टर भी सड़ व उड़ गया है। यहां बारिश के दिनों में जर्जर शेड के ऊपर ही त्रिपाल बांधकर दुकान लगाया जाता है। ऐसी जर्जर अवस्था में ही दुकानदार व व्यापारी मजबूरन जान जोखिम में डालकर दूकान लगाने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक बाजार के अंदर बने शेड को लगभग 40 साल हो गए हैं। लेकिन मरम्मत का काम आज तक नहीं किया गया है।

**साप्ताहिक हाट में आते हैं लगभग 8 से 10 हजार लोग :** बेड़ो में सोमवार, गुरुवार व शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में लगभग 8 से 10 हजार लोग आते हैं और तरह-तरह की दुकानें लगाते हैं। उसमें से भी कई लोग खरीदारी करने में रहते हैं। उसके बाद भी आज तक जर्जर शेड की किसी प्रकार की मरम्मत नहीं की गई है। साप्ताहिक हाट को दुरुस्त करने के लिए न तो सांसद, विधायक, जिला प्रशासन और न ही प्रखंड के कोई अधिकारी सुध ले रहे हैं। ऐसे में भगवान भरोसे जर्जर शेड में लोग दुकान लगा रहे हैं। अगर जर्जर शेड को दुरुस्त नहीं किया गया तो कभी भी एक बड़ी घटना हो सकती है।

**शेड का जीर्णोद्धार आवश्यक :** बेड़ो के साप्ताहिक बाजार व सब्जी मंडी में बने शेड का जीर्णोद्धार होना अतिआवश्यक है। बाजार में स्थित सभी शेड की हालत काफी जर्जर हो गई है। व्यापारी दुकानदार व किसान जान हंथेली में रखकर दुकान लगाने को मजबूर हैं। शेड का निर्माण के बाद से अभी तक मरम्मत का कोई कार्य नहीं किया गया है। इस लिए इसका जीर्णोद्धार होना अतिआवश्यक है। इधर किसनों, दुकानदारों व व्यापारियों ने जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि सब्जी मंडी में प्रतिदिन सैंकड़ो की संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। कोई बड़ा हादसा न हो इसलिए शेडों की व्यवस्था दुरुस्त करवाएं।

### साप्ताहिक हाट व सब्जी मंडी का हाल बेहाल

बेड़ो के साप्ताहिक हाट का हाल बेहाल है। बाजार स्थल में बने शेड जर्जर तो हैं ही गंदगी व कचड़ों से भी भरे पड़े हैं। बाजार का हाल देखने वाला कोई नहीं है। पंचायती राज के बाद उम्मीद थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक हाट के हाल और व्यवस्था में सुधार होगा। लेकिन कुछ नहीं हुआ। वही ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक हाटों का वहा के जनजीवन पर बड़ा प्रभाव है। गाव के किसानों से लेकर साहूकारों तक के लिए खरीद -बिक्री का यह बेहतर जगह होता है। इन साप्ताहिक हाटों में गांव के लोगों के हर जरूरत की चीजें मिल जाया करती हैं। ग्रामीण जीवन का इतना महत्वपूर्ण हिस्सा होने के बाद भी आज साप्ताहिक हाट बदहाली में हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लगभग प्रत्येक दिन कहीं न कहीं साप्ताहिक हाट लगता है। जहां सरकार की ओर से किसानों के लिए शेड बनाए गए हैं। लेकिन शेड अब जर्जर हो गए हैं। जबकि पंचायत प्रतिनिधि, विधायक व सांसद लाखों रुपये विकास कार्यों में खर्च कर दे रहे हैं, लेकिन साप्ताहिक हाटों को दुर्दशा से उबारने के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा है। साप्ताहिक हाटों को लेकर सभी उदासीन है।


**कार्यालय जिला परिषद कोडरमा**

**जिला परिषद कार्यालय में संवेदकों का निबंधन/नवीकरण हेतु सूचना का प्रकाशन**

जिला परिषद, कोडरमा में निबंधन कराने वाले सभी इच्छुक संवेदको को सूचित किया जाता है कि–

1. दिनांक 01/09/2023 से 30/09/2023 तक जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा में इच्छुक संवेदकों के निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।
2. निबंधन हेतु आवेदन पत्र जिला परिषद, कार्यालय कोडरमा से दिनांक **01/09/2023 से 30/09/2023 तक (अवकाश दिन छोड़कर)** निर्धारित शुल्क रु0 200/– (दो सौ रु0) मात्र के बैंक ड्राफ्ट जमाकर प्राप्त कर सकते है। बैंक ड्राफ्ट **मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा** के नाम से बैंक ऑफ महाराष्ट्र कोडरमा में भुगतेय होगा।
3. संवेदकों का निबंधन **झारखंड संवेदक निबंधन नियमावली–2008** के तहत की जायेगी। निबंधित संवेदक उपर्युक्त नियमावली में अंकित उपबंधों से शासित होंगे।
4. **निबंधन शुल्क निम्न प्रकार देय होगा :–**
   श्रेणी 1– रु0 200000/– (दो लाख) –2.50 करोड़ रुपये से उपर के निर्माण कार्य हेतु।
   श्रेणी 2– रु0 100000/–(एक लाख) – 50 लाख से 2.50 करोड़ रु0 तक के निर्माण कार्य हेतु। श्रेणी 3– रु0 25000/– (पच्चीस हजार)–10 लाख से 50 लाख रु0 तक के निर्माण कार्य हेतु।
   श्रेणी 4– रु0 10000/– (दस हजार) – 10 लाख रु0 तक के निर्माण कार्य हेतु।
5. निबंधन हेतु निर्धारित शुल्क बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया जाएगा जो मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा के नाम से देय एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र कोडरमा में भुगतेय होगा।
6. संवेदकों के निबंधन हेतु आवश्यक कागजातों/प्रमाणपत्रों की विवरणी निम्नवत है :–
   - प्रपत्र 'क' में आवेदन पत्र
   - आचरण प्रमाण पत्र
   - अद्यतन तीन साल का आयकर रिटर्न
   - अद्यतन वाणिज्य कर सफाया प्रमाणपत्र (फार्म GSTR-3B)
   - आधार कार्ड की छायाप्रति
   - पैन कार्ड की छायाप्रति
   - पूर्व में अन्य विभागों मे कराये गये कार्यों का भुगतान प्रमाणपत्र
   - तीन प्रति में अद्यतन फोटो तथा पूर्व निर्गत निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति
   - इस आशय का शपथपत्र (Affidavit) आवेदक द्वारा संलग्न किया जायेगा कि :–

**"मुझ पर अथवा मुझ पर आश्रित परिवार के किसी अन्य सदस्य/आवेदक फर्म को संवेदक निबंधन नियमावली 2008 के नियम 10 एवं 11 में वर्णित किसी भी कदाचार में संलिप्तता के लिए कभी दंडित अथवा प्रतिबंधित नहीं किया गया है।"**

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 305632 Panchayati Raj(23-24).D

NEWS इन ब्रीफ

## रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रतियोगिता शुरू

**रांची।** रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को मनन विद्या स्कूल में चौथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, मनन विद्या स्कूल के अध्यक्ष मनराखन महतो, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह, मनन विद्या की प्रिंसिपल रेखा नायडू, संरक्षक ईश्वर चंद ने दीप प्रज्वलित किया। विशिष्ट मुख्य अतिथि योगासन भारत के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर जयदीप आर्या ने ऑनलाइन संदेश दिए। स्वागत भाषण संतोषी कुमारी और स्वास्तिक उच्चारण डॉ एस के घोषाल ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुरी, पारंपरिक नृत्य एवं एरियल योगा डांस प्रस्तुत किया गया। यह प्रतियोगिता चार स्तर पर हुई। इसमें आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर, राइथिमक योगासन पेयर, ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन किया गया।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 28 अगस्त को दो ट्रेनों का समय बदला

**रांची।** दक्षिण रेलवे के गुणदला-विजयवाड़ा रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 28 अगस्त को रांची रेल मंडल से परिचालित दो ट्रेनों के प्रस्थान समय में फेरबदल किया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 22837 हटिया-एणार्कुलम एक्सप्रेस 28 अगस्त को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के बदले ढ़ाई घंटे विलंब से हटिया से खुलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अलापुझा एक्सप्रेस भी 28 अगस्त को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के बदले ढ़ाई घंटे विलंब से धनबाद से रवाना होगी।

## बिजली की एकमुश्त ब्याज माफी योजना का विस्तार 30 सितंबर तक

**रांची।** बिजली विभाग ने एकमुश्त ब्याज माफी योजना का विस्तार 30 सितंबर तक कर दिया है। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता शैलेश कुमार कश्यप ने दी। उन्होंने जिला वासियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। सहायक अभियंता ने बताया कि वैसे विद्युत उपभोक्ता जिनका मीटर खराब हो गया है या नहीं लगा है, वे जल्द कार्यालय में संपर्क कर मीटर लगवा लें। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं के निपटारे के लिए 28 अगस्त को मारंगहादा तथा 29 अगस्त को अड़की पावर सबस्टेशन और बिचना में शिविर लगाएगा।

## सीएम आवास घेरने निकले पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को रोका

**रांची।** राज्यभर से आए झारखंड पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने शनिवार को राजभवन के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पिछले 50 दिन से आंदोलनरत संगठन के प्रतिनिधियों ने सेवा स्थायीकरण, नियमित मानदेय लागू करने व समायोजन की मांग की। यह भी कहा गया कि जब तक सीएम से वार्ता नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। इससे पहले पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक मोरहाबादी मैदान में एकत्र हुए। सभी यहां से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए रवाना हुए तो पुलिस बल ने मैदान में ही रोक लिया। इस बीच प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग भी पार करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस के आगे इनकी एक न चली। हालांकि प्रदर्शनकारियों को राजभवन के पास धरनास्थल तक जाने की अनुमति दी गई। बता दें कि मांगों को संघ राजभवन के पास आठ जुलाई से आंदोलनरत है।

## महिला मंच ने किया अमृतवाणी पाठ

**रांची।** लाला लाजपत राय पथ स्थित पंजाबी भवन में पंजाबी हिंदू बिरादरी, महिला मंच की ओर से शनिवार को अमृतवाणी पाठ का आयोजन किया गया। मंच की महासचिव बबीत खन्ना ने बताया कि पाठ में 50 महिलाओं ने भाग लिया। आगे इसका आयोजन मासिक तौर पर नियमित रूप होगा।

### श्री श्याम मंदिर में 76वें भंडारे का किया गया आयोजन

# श्रद्धालुओं ने सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को श्री श्याम मंदिर में 76वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमानश्री हिंनू निवासी चंद्रभूषण सिंह मधु देवी साधना सिंह नितेश सिंह जितेश सिंह व अंजली कुमारी ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। चंद्रभूषण सिंह परीवार ने खाटू नरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को सिंह परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।




ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। 76 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में बनारसी कचौड़ी केसरिया खीर आलू चना की सब्जी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। खाटू नरेश की जय जयकरो जय घोष से संपूर्ण इलाका गूंजने लगा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच जितेश सिंह अंजली कुमारी सिंह परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3600 से ज्यादा लोगों ने अमृत महा प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, जितेश सिंह अंजली कुमारी, श्याम सुंदर, शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू, पवन केडिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, नितेश सिंह, साधना सिंह, अभिषेक गुप्ता, तरुण शर्मा, नकुल मुंडा, कुमार पवन शर्मा ,मदन सोनी, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, संजय सराफ सहित 80 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया ।

### आज एकादशी कीर्तन

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी के अवसर पर रविवार 27 अगस्त को प्रातः से ही विभिन्न कार्यक्रम होंगे। विशेष श्रृंगार होगा। रात्रि 9:30 बजे से एकादशी संकीर्तन होगा। राजस्थान के जयपुर निवासी लक्ष्मी नारायण शर्मा मधु शर्मा खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। इसके बाद संगीतमय भजनों का कार्यक्रम होगा।

**सोमवार को विशेष रुद्राभिषेक :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सावन के अंतिम सोमवारी 28/08/23 को पूर्वाहन 11:00 बजे ब्रिजकिशोर शारदा दोपहर 1:30 बजे से बसंत पोद्दार व संध्या 4:00 बजे से उमेश कामदार महादेव का अलग-अलग रुद्राभिषेक अनुष्ठान कराएंगे ।महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इसके बाद श्री श्यामेश्वर महादेव व शिव परिवार का विशेष श्रृंगार करके रात्रि 7:30 बजे विशेष आरती करके भोग अर्पित किया जाएगा।

**मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ :** मंगलवार 29/8/2023 को सांय 4:30 बजे से 65 व श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## आईआईएम रांची में फिल्म महोत्सव का आगाज

**रांची।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी फिल्म महोत्सव की शुरूआत शनिवार को हुई। इसमें जनजातीय सिनेमा के माध्यम से भारत में जनजातीय समुदायों के विकास, सांस्कृतिक पहचान, ज्ञान और वैकल्पिक दृष्टिकोण आदि को उजागर करने का प्रयास किया गया। महोत्सव की शुरूआत आदिवासी प्रार्थना के साथ हुई। पहले दिन का मुख्य आकर्षण तीन फिल्में- नाची से बाची, सृष्टिकथा और अखरा कम्युनिकेशन के बीजू टोप्पो और मेघनाथ की गाड़ी लोहरदगा मेल, थी। इन फिल्मों की स्क्रीनिंग के बाद उन पर चर्चा हुई। नाची से बाची (2017) पद्मश्री डॉ राम दयाल सिंह मुंडा, पर केंद्रित एक जीवनी वृत्तचित्र है। इसकी शुरूआत डॉ मुंडा की आवाज में गूंजते सरहुल मंत्र से होती है। अखरा कम्युनिकेशन की मुंडारी सृष्टिकथा, मुंडा जनजाति की लोककथाओं पर आधारित एक लघु एनिमेटेड फिल्म है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में स्पॉन्सरशिप फॉस्टर केयर अप्रूवल कमिटि की हुई बैठक

# 28 बच्चों को मिलेगा प्रायोजन देखभाल योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला के 28 बच्चों को प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) का लाभ मिलेगा। उपायुक्त सह अध्यक्ष स्पॉन्सरशिप फॉस्टर केयर अप्रूवल कमेटी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत समिति की बैठक में इसकी अनुशंसा की गयी है। बैठक में सदस्य सचिव जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) मार्गदर्शिका 2018 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में देखरेख एवं संरक्षण योग्य बच्चों के मामले के समव्यवहार को देखते हुए बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कुल 28




बच्चों को सीएनसीपी (देखरेख एवं संरक्षण योग्य) घोषित करते हुए योजना का लाभ देने हेतु अनुशंसा की गयी थी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु योजना के लाभ के लिए सभी 28 बच्चों को देय किस्त की राशि पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रति बच्चा प्रतिमाह चार हजार रुपए की दर से राशि का भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया, जो प्रति बच्चा प्रथम त्रैमासिक अग्रिम के रूप में 12 हजार रुपए की दर से दिया जायेगा। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड राँची द्वारा जारी संकल्प के तहत प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) दिशा निर्देश 2018 के आलोक में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों (बालक/बालिका) जिनके परिवार की वार्षिक आय रू० 75000/- तक हो, बच्चे के माता पिता की मृत्यु हो चुकी हो, माता/पिता द्वारा बच्चे का परित्याग किया गया हो, जो रिश्तेदार के देख-रेख में रह रहे हो, ऐसे बच्चे जिनके माता/पिता किसी गम्भीर बीमारी से पीड़ित हो जिनमें एचआईवी/एड्स/लेप्रोसी एवं शत प्रतिशत दिव्यांगता हो अथवा माता/पिता दोनों कारागृह में हो, बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी या अन्य दुर्व्यवहार से प्रभावित बच्चे, जिन्हें पुर्नवास की आवश्यकता है के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से उनकी पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उनके परिवार को अनुपूरक सहायता प्रदान किये जाने के प्रावधान है।

### छठवीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप का हुआ उद्घाटन

# खेल प्रतियोगिता से बच्चों में आयेगा निखार : सुशांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
26 से 29 अगस्त तक रांची में हॉकी झारखंड,टाटा स्टील और खेलकूद विभाग झारखंड सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छठवीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष का शनिवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी रांची में विधिवत उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि सुशांत गौरव, निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार ने सर्वप्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद जी के फोटो पर पुष्प अर्पित, प्रतियोगिता का झंडोतोलन, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में काफी निखरने का मौका मिलेगा।




झारखंड में खेल प्रतिभाओं को कमी नहीं है। साथ में मनोहर टोपनो ओलंपियन,विजय विजय शंकर सिंह महासचिव हॉकी झारखंड, रजनीश कुमार सीईओ हॉकी झारखंड, गुरमीत सिंह राव प्रोजेक्ट मैनेजर -NTHA, चंद्राय मजूमदार असिस्टेंट एडमिन, जिला सचिव हरि ओम प्रकाश, हजारीबाग अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, हॉकी झारखंड संयुक्त सचिव माइकल लाल और कई गणनमान्य पदाधिकारी मौजूद रहा। प्रतियोगिता में महिला वर्ग से 08 टीम और पुरुष वर्ग से 16 टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी एवं एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातु, रांची में आयोजित हो रहा है।

## कृषक उवि में शिक्षकों के फरार होने से पढ़ाई बाधित

**रांची।** कृषक उच्च विद्यालय गडरी गुडू में तीन दिन पूर्व नाबालिग छात्राओं के साथ मारपीट के बाद प्राचार्या सीमा कुमारी, उप प्राचार्या मेलसा स्वेता तिर्की, सचिव अशोक महतो और शिक्षिक नलिनी रंजन के फरार होने से पढ़ाई बाधित है। इसके लिए रविवार को दिन के 11 बजे ग्रामीणों की बैठक होगी। इसमें बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रखने के लिए विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने दी। शिक्षकों की पिटाई से आहत एक छात्रा द्वारा जहर खाने के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई थी। उसे गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा रिंची अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छात्रा की हालत में अब तेजी से सुधार हो रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष रांची निर्मला भगत और आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी छात्रा से मिलने पहुंचे और छात्रा से मुलाकात के बाद उसके स्वस्थ होने की कामना की।

### दी गयी जानकारी | बीएयू में डॉ. आरआर अग्रवाल मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन

# चावल व गन्ना सिलिकॉन प्रिय फसल : डॉ. एनबी प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में संचालित इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉयल साइंस (आईआईएसएस), रांची चैप्टर ने शनिवार को डॉ. आरबी प्रसाद मेमोरियल हॉल में 'कृषि में सिलिकॉन स्रोतों और उपयोगिता का अवलोकन' विषय पर डॉ. आरआर अग्रवाल मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया। जिसके इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ सिलिकॉन इन एग्रीकल्चर एंड रिलेटेड डिसिप्लिन (आईएसएसएआरडी) के पहले अध्यक्ष, प्रसिद्ध भारतीय सिलिकॉन शोधकर्ता और डीन एग्रीकल्चर, कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलुरु डॉ. एनबी प्रकाश मुख्य वक्ता थे। अपने व्याख्यान में डॉ. एनबी प्रकाश ने बताया कि सिलिकॉन एक लाभकारी पौध पोषक तत्व है, जो अक्सर फसलों में किसी भी अन्य





प्रमुख पोषक तत्व की तुलना में अधिक मात्रा में पौधों द्वारा अवशोषित होता है। भारत के व्यावहारिक कृषि में सिलिकॉन के महत्व को तेजी से पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसलें आम तौर पर अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की तुलना में तेजी से सिलिकॉन को अवशोषित करती हैं। चावल और गन्ना सिलिकॉन प्रिय फसलें हैं और इन्हें सिलिकॉन संचायक के रूप में जाना जाता है। चावल और गन्ने की फसलें एक वर्ष में प्रति हेक्टेयर औसतन 300 से 600 किलोग्राम सिलिकॉन निकालती हैं। जहां फसल अवशेषों का पुनर्चक्रण छोटा होता है, वहां फसलों द्वारा लिया गया अधिकांश सिलिकॉन मिट्टी से हटा दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप मिट्टी में सिलिकॉन की कमी हो जाती है। डॉ. प्रकाश ने बताया कि सिलिकॉन फसल के पौधों पर कई लाभकारी प्रभाव डालता है। कृषि संबंधी लाभ (पौधों की वृद्धि, उपज और फसल उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार), जैविक तनाव (कीट और रोग नियंत्रण) और अजैविक तनाव (जल अर्थव्यवस्था, वाष्पोत्सर्जन, प्रकाश संश्लेषण) के प्रतिरोध को प्रेरित करने के लिए, फसलों के स्वस्थ विकास और उत्पादकता विकास के लिए मिट्टी में इसकी पर्याप्त आपूर्ति आवश्यक है। पौध स्तंभन में सुधार, ठंड में कमी, प्रकाश संश्लेषण में वृद्धि और लौह, मैंगनीज और एल्यूमीनियम की विषाक्तता में कमी के लिए सिलिकॉन जरुरी है। उन्होंने कहा कि सिलिकॉन के स्रोत कैल्शियम सिलिकेट, औद्योगिक स्लैग, फसल अवशेष (चावल की भूसी की राख, चावल का भूसा, गन्ने का कचरा आदि) डायटोमेसियस पृथ्वी और पत्तेदार सिलिकॉन सामग्री हैं। शोध में कैल्शियम सिलिकेट और कैल्शियम सिलिकेट स्लैग को चावल, गन्ना आदि फसलों के लिए लाभदायक पाया गया है। फसल अवशेषों से उगाई गई फसल के आधार पर भी इसे लाभकारी पाया गया है। धान की भूसी की राख पौध नर्सरी में लगाने के लिए उपयोगी पाई गयी है। फसल की पैदावार बढ़ाने में फ्लाई ऐश का प्रयोग भी लाभकारी पाया गया। आईपीएनई और आईएसएसएआरडी ने सिलिकॉन को फसलों के लिए लाभकारी तत्व माना जाता है। कहा कि सिलिकॉन को उपेक्षित तत्व नहीं माना जाता है। भारतीय बाजार में विभिन्न फसलों के लिए 100 से अधिक सिलिकॉन उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके लिए उचित उपयोग के लिए स्थानीय शोधकर्ताओं और किसानों के बीच जागरूकता की आवश्यकता है।

## चन्द्रयान सफल अभियान को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**रांची।** भारत की चन्द्रक्रान्ति- चन्द्रयान : सफल अभियान- इतिहास, वर्तमान एवं भविष्य विषयक अन्तर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शनिवार को जीएमएस पंडरा रांची में शानदार अन्वेषी आयोजन किया गया। दस राउंड में कुल साठ प्रश्नों के साथ आयोजित क्विज में 110 अंक प्राप्त कर तेन्दुलकर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 105 अंकों के साथ कलाम हाउस द्वितीय और 90 अंकों के साथ रमण हाउस तृतीय रहा। चौथे, पांचवें एवं छठे स्थान पर क्रमशः लता मंगेशकर, राधाकृष्णन एवं मदर टेरेसा हाउस रहा है। क्विज मिस की भूमिका शिक्षिका रंजू कुमारी ने स्कोरर की भूमिका प्रधानमंत्री रिया और अध्यक्षा प्रिया ने की तथा टाइम कीपर की भूमिका उप-प्रधानमंत्री ममता कुमारी ने निभायी। सभी हाउस टीचर के नेतृत्व और कप्तानों के समन्वयन में वर्ग 6,7 व 8 के बच्चों ने प्रतिभागिता करी और भारत के चन्द्र क्रान्ति और चन्द्र विजय की गाथाओं, असफलताओं एवं सफलताओं के इतिहास, वर्तमान और अंतरिक्ष विजयक्रम के भविष्य से संबन्धित संकलित प्रश्नों से अवगत हुए। अशोक प्रसाद सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रश्नोत्तरक छात्र रविराज एवं विनर हाउस को पुरस्कृत किया।

## बीसी सखी गांव-पंचायत की चलती-फिरती बैंक है



**रांची।** चिंतामणी देवी ने अपने गांव-पंचायत में एक गृहिणी के साथ-साथ एक कुशल बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सखी के रूप में पहचान बनाई है। रांची के बुडमू प्रखंड के कटंगदिरी गांव की चिंतामणी देवी को आज लोग बैंक वाली दीदी कहकर बुलाते हैं। अब कटंगदिरी गांव के ग्रामीणों को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उनका बैंक अब चिंतामणी बन चुकी है। चिंतामणी की आत्मनिर्भरता की कहानी गुलाब-जल स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के साथ शुरू होई। इसके बाद चिंतामणी जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग से मिले सहयोग एवं प्रशिक्षण की बदौलत आज बैंक ऑफ इंडिया में बीसी सखी के रूप में कार्य करने लगी। अब वह गांव-गांव घूमकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं यथा जमा-निकासी, समूह का ट्रांजैक्शन, खाता खोलना, पेंशन एवं बीमा सेवाएं प्रदान कर रहीं है। इस कार्य से चिंतामणी ने जहां अपनी आजीविका सुनिश्चित की, वहीं बीसी सखी की सेवाओं से सबसे ज्यादा फायदा पेंशन धारकों को हुआ है। चाहे वह वृद्धावस्था पेंशन हो या दिव्यांग पेंशन। अब लाभार्थियों को उनका पैसा घर बैठे मिल रहा है। चिंतामणी जैसी करीब 4950 से ज्यादा झारखण्ड की ग्रामीण महिलाओं को जेएसएलपीएस द्वारा प्रशिक्षित कर बीसी सखी के रूप तैयार किया गया है, जो गांव-गांव, पंचायत-पंचायत बैंकिंग एवं बीमा सेवाएं पहुंचा रहीं है। बीसी सखी के वजह से अब ग्रामीणों में बैंकिंग एवं बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

## मामा स्पोर्टिंग, रातू व सत्यारी टोली व रांची अंतिम आठ में पहुंची

**रांची।** डा. रामदयाल मुण्डा क्रीड़ा केंद्र और रूम्बुल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे नौवीं पद्म रामदयाल मुण्डा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन पहले दौर के सभी मैच समाप्त होने के उपरांत चितरकोटा एफ.सी., मेकॉन, बांधगाड़ी एफ.सी., अर्षित क्लब रांची, ए.आर. रॉयल नगड़ी, राजा स्पोर्ट्स बरियातू, मामा स्पोर्टिंग रातु एवं सत्यारी टोली, रांची टीम अंतिम आठ में पहुंच गई है। कल से दूसरे राउंड के मैच खेले जायेंगे जिसमें सभी आठ टीमें अंतिम 04 में अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रतिद्वंदी टीम से भिड़ेंगी। प्रतियोगिता के चौथे दिन के पहले मुकाबले में मामा स्पोर्टिंग, रातू की टीम ने जी.एफ.सी. गाड़ी होटवार की टीम को 01-00 से हराकर अंतिम आठ में अपना स्थान सुनिश्चित किया। मैच के दौरान दोनों ही टीमों के डिफेंस ने दर्जनों आक्रमणों को विफल किया। परंतु मामा स्पोर्टिंग रातू के सिंहराय सोरेन के हरफन मौला खेल और उनके द्वारा दागे गए एकमात्र गोल की बदौलत मामा स्पोर्टिंग रातु की टीम विजयी होने में सफल रही। सिंहराय सोरेन को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। दिन का दूसरा मैच ₹सत्यारी टोली, रांची एवम अनीश लकड़ा क्लब, रांची₹ के बीच खेला गया। पहले हाफ में दोनों ही टीमें गोलरहित रहीं। दूसरे हाफ में हेडर के जरिए सतियारी टोली रांची के किशन स्वांसी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद मैच के अंतिम समय में सत्यारी टोली रांची के सोनू तिग्गा ने दूसरा गोल कर अजेय बढ़त दिला दी। सत्यारी टोली, रांची ने अनीश लकड़ा क्लब, रांची को 02-00 से हराने में सफलता पाई। सोनू तिग्गा को प्लेयर और द मैच चुना गया।

### लोक अदालत में आठ मामलों का हुआ निष्पादन

# पांच लाख के राजस्व की वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा के प्रभारी अध्यक्ष सत्यकाम प्रियदर्शी ने कहा कि सभी सुलहनीय और दीवानी मामले जो न्यायालय में लंबित है, उसे न्यायालय से पहले सुलह के लिए मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाता है। उन्होंने संबंधित अधिवक्ता और पक्षकार से सहयोग करने और लाभ लेने की बात कही। डलसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी सुलहनीय और दीवानी मामले को न्यायालय मध्यथता के माध्यम से सुलह कराता है। यह सरल, सुलभ, शुल्क रहित और शीघ्र प्रक्रिया है। लोक अदालत के



अवसर पर गठित कर बैंचों के माध्यम से आठ मामलों का निष्पादन किया गया तथा 574529 रुपये का सेटलमेंट किया गया। लोक अदालत में दीवानी और फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले एनआई एक्ट के मामले और बिजली संबंधी मामले प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिला जज द्वितीय सत्य कम प्रियदर्शी, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, डालसा स्टाफ अवनीश भारद्वाज, डीएलएसए के पीएलवी नरेश कुमार महतो, अंजू कच्छप आदि उपस्थित थे।

### 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' आधारित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का किया गया उद्घाटन

# प्रधानमंत्री जी का आभार, जो हमें अपनी माटी से जुड़ने का अवसर प्रदान किया है : रीता चौरसिया




**चंद्रयान 3 की सफलता पर लगे सिग्नेचर पैनल पर अतिथियों एवं लोगों ने लिखे बधाई संदेश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो , सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आर एल सराफ विद्यालय परिसर में आज 26 अगस्त 2023 से चलने वाली पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिले की मशहूर समाजसेवी तथा जन प्रतिनिधि रीता चौरसिया के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पत्र सूचना कार्यालय रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद, आर एल सर्राफ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री राजीव कपूर, सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान, सीबीसी धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार पांडेय एवं स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक गण, अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि महोदया ने फीता काट कर मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उसके बाद मेरी माटी मेरा देश, नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण तथा मन की बात पर लगी इस प्रदर्शनी के बारे में अतिथियों को क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी दुमका, शाहिद रहमान ने अवलोकन कराते हुए विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात स्वागत गान उपरांत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर इस प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र के कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। सभी अतिथियों का अंग वस्त्र और मेमेंटों देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि महोदया ने अपने सम्बोधन में भारत सरकार के विभाग द्वारा देवघर में इस प्रदर्शनी को लगाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों में इस प्रदर्शनी को देखने के बाद देश भक्ति का जज्बा बढ़ेगा और देश वीर सपूतों के प्रति श्रद्धा भाव पनपेगा। मैं प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद देना चाहूंगी उन्होंने हमे फिर से अपनी माटी से जुड़ने का अवसर प्रदान किया है। अपने संबोधन में पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने बताया कि प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट , मेरी माटी मेरा देश, एवं अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां दी जाएंगी, जिसका लाभ यहां मौजूद छात्र छात्राएं अवश्य उठाएं। अपने विषय प्रवेश तथा धन्यवाद ज्ञापन संबोधन में सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने देवघर में लगी पांच दिवसीय प्रदर्शनी की प्रमुख विशेषताओं को गिनाया। जैसे विजय स्तंभ का रेप्लिका लगाना, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिए हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड, और मशहूर सेनानियों की आदम कद फोटो रेप्लिका, आदि का इस प्रदर्शनी में समायोजन किया जाना। आरएल सर्राफ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजीव कपूर में विभाग द्वारा उनके स्कूल परिसर में लगे इस प्रदर्शनी के बच्चों को होने वाले फायदों के बारे में बताया साथ ही सभी को इसमें आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपना ज्ञान वर्धन करने की भी सलाह दी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पंच प्रण के बारे में अपने संबोधन में जानकारी दी तथा इसके अंतर्गत देश भर में चल रही गतिविधियों के बारे में बताया। आज के कार्यक्रम में मंच संचालन सीबीसी धनबाद के सहायक अधिकारी राज किशोर पासवान ने किया वहीं इसके आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री सफीक आलम तथा खुर्शीद आलम की भी महती भूमिका रही। सीबीसी रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा दुल्लम पांडेय भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दे रहे हैं। कल हुए प्री पब्लिसिटी इवेंट में आर मित्रा प्लस टू स्कूल और आर एल सराफ उच्च विद्यालय देवघर में चंद्रयान 3 की सफलता पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आज अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विभाग से मान्यता प्राप्त किशोर बबुआ कला परिषद दल ने बेटी बचाओ विषय पर नाटक का मंचन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कल दूसरे दिन प्रदर्शनी स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ आए हुए छात्रों तथा दर्शकों के लिए क्विज, आदि प्रतियोगिताएं रखी गईं हैं।

### आजादी क्वेस्ट पर लगे ऑनलाइन गेमिंग बूथ को छात्रों ने खूब सराहा








## लूट मामले में कोढा गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के नगर थाना क्षेत्र के नटराज चौक के पास 18 अगस्त को कोडरमा के डूबाड़ीह मरकच्चो निवासी दंपती के साथ हुई एक लाख 30 हजार रुपए की छिनतई मामले का खुलासा गिरिडीह पुलिस ने कर दिया है. पुलिस ने इस घटना में शामिल दो अपराधियो को गिरफ्तार कर लिया है. इसकी जानकारी 26 अगस्त को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने पपरवाटांड स्थित पुलिस ऑफिस में प्रेसवार्ता कर दी. एसपी ने बताया कि बीते 18 अगस्त को कोडरमा के डूबाड़ीह मरकच्चो निवासी सुरेश प्रसाद यादव नामक दंपति के साथ हुई एक लाख 30 हजार रुपए की छीनतई के बाद नगर थाना में कांड संख्या 201/2023 धारा -379 भादंवि दर्ज की गई थी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीन छापेमारी टीमों का गठन किया और डीएसपी संजय राणा के नेतृत्व में राज्य व राज्य के बाहर छापेमारी की जा रही थी. एसपी ने कहा कि सूचना मिली की इस कांड में संलिप्त अपराधी एक और घटना को अंजाम देने फिर गिरिडीह जिले में आए हैं. इसके बाद गिरिडीह डीएसपी, नगर थाना प्रभारी, हीरोडीह थाना प्रभारी, धनवार थाना प्रभारी और अन्य टीमों ने छापेमारी कर इस घटना में शामिल दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अपराधियों में बिहार के कटिहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के जुराबगंज निवासी मनीष यादव व सिंटू यादव शामिल हैं.

### अपराधियों के पास से बरामद रुपये

गिरफ्तार सिंटू यादव पूर्व में 2019 में दिल्ली के बाराहिन्दू थाना इलाके में किसी कांड में जेल जा चुका है. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने छीनतई कांड में शामिल होने की बात स्वीकारी है. गिरफ्तार अपराधी ने अपने सहकर्मी का नाम भी बताया है. इन अपराधियों ने गिरिडीह जिले में लूट के आलावा सीमावर्ती धनबाद के निरसा व रामगढ सहित राज्य के बाहर भी कई घटनाओं को अंजाम दिया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से कांड में इस्तेमाल पल्सर बाइक, काले रंग का कीपैड मोबाइल, डिक्की तोड़ने के लोहे के औजार और सात हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं.

### आज झारखंड प्रदेश तेली समाज का अधिवेशन

**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन 27 अगस्त 2023 को रांची के सहजानंद चौक, हरमू स्थित स्वागतम बैक्वेंट हॉल में होगा। अधिवेशन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन को लेकर तैयारी पुरी कर ली गयी है। आयोजन की जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि अधिवेशन में झारखंड समेत देश के अन्य हिस्से से भी तेली समाज के लोग शामिल होंगे। अधिवेशन में नेपाल से तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू, प्रतापगढ़ यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता, फिल्म निर्देशक निरंजन भारती की उपस्थिति होगी। अधिवेशन में मुख्य रूप से एक समाज श्रेष्ठ समाज का निर्माण पर विचार विमर्श किया जायेगा। सामाजिक और राजनितिक क्षेत्र में तेली समाज की उपेक्षा जिस तरह से खास कर इस झारखंड प्रदेश में रहा है, इस मुद्दे पर अधिवेशन में चिंतन और मंथन किया जाएगा। साहू ने बताया कि झारखंड में तेली समाज की जनसंख्या 20 प्रतिशत है।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा तृतीय से लेकर दशम तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया. प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक आकर्षक और खूबसूरत राखी बनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया. प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि बच्चो के लगन और परिश्रम के आगे बाजार की खूबसूरत राखियां भी मलिन लग रही थी. उन्होंने बच्चो को रक्षा बंधन का महत्व बताते हुए आपसी सदभाव और प्यार के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाने की बात कही. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विभा शर्मा ने किया. इस प्रतियोगिता मे अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी ,डॉली कुमारी, रंजना कुमारी, सुधा कुमारी, प्रियंका कुमारी, श्वेता कुमारी ,अर्चना कुमारी, कृष्ण कुमार ,सतीश कुमार, शुभम कुमार, सुजीत कुमार, चंदन कुमार ,अंकित कुमार आदि सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया. मौके पर विद्यालय के निदेशक टुकलाल साव,सलाहकार राजेंद्र प्रसाद सहित नरेश कुमार, सरिता कुमारी ,कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी ,शिबू रजक, अरुण कुमार, श्वेता राजलक्ष्मी, नुरेशा खातून , नीतू कुमारी, राहुल कुमार, आरती कुमारी, अमृता कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे.

**निरीक्षण**

### हर्ल सिंदरी में शीघ्र होगा सल्फर कोटेड यूरिया गोल्ड का उत्पादन : सचिव

# पहली यूनिट के व्यवस्थित होते ही दूसरी भी होगी स्थापित



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** हर्ल सिंदरी खाद कारखाना में सल्फर कोटेड यूरिया गोल्ड का उत्पादन शीघ्र ही शुरू हो जाएगा. केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक सचिव रजत कुमार मिश्रा ने शनिवार 26 अगस्त को ऐसी घोषणा करते हुए कहा कि कारखाने के पूरी तरह व्यवस्थित होने के बाद दूसरी यूनिट भी स्थापित कर दी जाएगी. केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक सचिव ने हर्ल कारखाना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से प्रशासनिक मामलों की विशेष जानकारी भी ली. हालांकि उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी. इसके पहले केन्द्रीय उर्वरक सचिव शुक्रवार की देर शाम यहां पहुंचे. उन्होंने हर्ल के बी 2 गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया और सुबह तय समय 9 बजे खाद कारखाने का दौरा किया, जहां उन्होंने तीन घंटे बिताये. उन्होंने हर्ल चेयरमैन देबाशीष नंदा, एमडी शिब प्रसाद मोहंती व सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय से विस्तृत जानकारी प्राप्त की. उन्होंने कहा कि प्लांट सही दिशा में उत्पादन के साथ चल रहा है. कारखाना की पूरी टीम साथ मिलकर काम कर रही है. प्रधानमंत्री ने विगत 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर से यूरिया गोल्ड को लान्च किया था. उसके इस्तेमाल से किसानों को एक बड़ा फायदा यह होगा कि कम उर्वरक में फसल का उत्पादन ज्यादा होगा. उन्होंने कहा कि एफसीआइएल सिंदरी की खाली पड़े भूमि का इस्तेमाल केन्द्र सरकार अन्य प्रोजेक्ट में करेगी. हर्ल के पूरी तरह व्यवस्थित होने के बाद दूसरी यूनिट की भी स्थापना की जाएगी. किसी भी तरह की परेशानी से कारखाना को बचाने के लिए राज्य सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों से भी राय विमर्श किया गया है.

### एफसीआइएल मुद्दे पर आदेश का पालन होगा : उपायुक्त

केन्द्रीय रसायन उर्वरक सचिव से मुलाकात के बाद पहली बार सिंदरी आए धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि केन्द्रीय उर्वरक सचिव को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया गया है. जिला प्रशासन कारखाना को चलाने के लिए सहयोग कर रहा है. एफसीआइएल सिंदरी में अतिक्रमण के सवाल पर उपायुक्त ने कहा कि मामले से केन्द्रीय उर्वरक सचिव को अवगत करा दिया गया है. केन्द्रीय कार्यालय के विभागीय विचार विमर्श के बाद आदेश का पालन जिला प्रशासन करेगा. सचिव को कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने सिंदरी की समस्याओं पर पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा.

### ये थे मौजूद

इस मौके पर हर्ल चेयरमैन देबाशीष नंदा, प्रबंध निदेशक एस पी मोहंती, सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय, एच आर मैनेजर संत सिंह, एच आर विक्रांत कुमार, आकाश कुमार, धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, एडीएम लॉ एंड आर्डर कमलाकांत गुप्ता, एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी, बलियापुर सीओ रामप्रवेश कुमार, एसडीपीओ सिंदरी अभिषेक कुमार सहित हर्ल व जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे.

### रंगदारी के मामले में विधायक ढुल्लू कोर्ट से बाइज्जत बरी

**धनबाद।** कांग्रेस नेता ओ पी लाल के भतीजे राजीव श्रीवास्तव की जमीन हड़पने व उससे रंगदारी मांगने के चर्चित मामले में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व सुभाष सिंह को अदालत ने बाइज्जत बरी कर दिया है. एमपी एमएलए के मुकदमो की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायिक दंडाधिकारी संतोषनी मुर्मू की अदालत ने शनिवार 26 अगस्त को साक्ष्य के अभाव में दोनों आरोपियों को बरी कर दिया. बचाव पक्षकी ओर से वरीय अधिवक्ता एसएन मुखर्जी, राधेश्याम, गोस्वामी, एन के सबिता व ललन प्रसाद ने पैरवी की. कतरास शहर के प्रियदर्शनी पथ निवासी व पूर्व विधायक ओपी लाल के भतीजा राजीव कुमार श्रीवास्ततव की शिकायत पर 2 मार्च 20 को बरोरा थाना में विधायक ढुल्लू महतो एवं सुभाष सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

### डीसी ने की जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# बीडीओ हर सप्ताह कम से कम एक-एक आंगनबाड़ी केंद्र का करें निरीक्षण: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे आमसभा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक-एक आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने व आम जनों को विभिन्न



सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को 6 माह के अंदर जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों जोकि वर्तमान में गैर सरकारी भवनों में संचालित हो रहे हैं उन्हें सरकारी भवनों में संचालित करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को वर्तमान में गैर सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के समीप सरकारी भवनों से संबंधित प्रतिवेदन 2 सितंबर तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के वर्तमान स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए बच्चों व अन्य लाभुकों को लाभान्वित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने सुकन्या समृद्धि योजना, कन्यादान योजना, मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मार्ग अंतर्गत चितरपुर काली चौक के समीप शुक्रवार रात्रि 8:30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान चरगी पेटरवार निवासी धनंजय कुमार महतो (22 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मृतक अपने हीरो ग्लैमर बाइक (जेएच 24 के-4165) से रामगढ़ जा रहा था। उसी दौरान विपरित दिशा से आ रही ट्रेलर ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना रजरप्पा पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सदलबल घटनास्थल पहुंचे। इधर, ट्रेलर चालक घटना के वाहन को लेकर भाग निकला। घटना के बाद कुछ देर के लिए रामगढ़-बोकारो मार्ग जाम हो गया। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। इसके बाद आवागमन को सुचारू करवाया।

## हजारीबाग में दो सितंबर को होगा श्री श्याम मनुहार महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में दो सितंबर को स्थानीय मुनगा बगीचा में श्री श्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. भव्य कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हो जाएगा. श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की ओर से यह कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है. यह कार्यक्रम श्री श्याम परिवार तुलसी धाम कोलकाता के विशेष आशीर्वाद से संपन्न होगा. इस कार्यक्रम में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है. कोलकाता के दो सबसे पुराने एवं सुप्रसिद्ध मंडल श्री श्याम मित्र मंडल कोलकाता एवं श्री श्याम कला भवन कोलकाता को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है. दो सितंबर को 12:30 बजे बाबा श्याम की पूजा-अर्चना के साथ भव्य भजन संध्या प्रारंभ किया जाएगा. भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल अपनी भजनों से हजारीबाग के श्याम भक्तों को रिझाएंगे. संजय मित्तल ने कुछ दिनों पूर्व ही कश्मीर से



खाटू नगरी बाबा श्याम का दर्शन 51 दिनों में पदयात्रा समाप्त कर किया था. उसके बाद संजय मित्तल का पहली भजन संध्या झारखंड के हजारीबाग में आयोजित की जा रही है. श्याम भक्त संजय मित्तल को कंठ करिश्मा के नाम से भी पुकारते हैं. उनकी सुरीली आवाज के दीवाने लोग ऐसा मानते हैं कि उनके कंठ में साक्षात मां सरस्वती विराजमान है. उनके साथ भजन संध्या में लव जी अग्रवाल, मंडल के सदस्य एवं प्रसिद्ध भजन गायक रोहित जी शर्मा एवं किशोर कृष्णा अग्रवाल अपनी सुमधुर वाणी से बाबा को रिझाएंगे. पिछले कई वर्षों से वह लगातार अपने भजनों से श्याम भक्तों को झूमा रहे हैं.

### सोना सोबरन योजना सहित पशु शेड निर्माण कार्य का शुभारंभ

## जनहित के कार्यों से कोई समझौता नहीं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** शनिवार को गौरियाकरमा पंचायत के धोबिया टांड़ में डीलर जयनाथ महतो व केदारुत पंचायत के गुलमोहर महिला मंडल जनवितरण प्रणाली की दुकान में बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला यादव और विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार रजक ने संयुक्त रूप से सोना सोबरन योजना की शुरूआत किया. इसके तहत गरीब और जरूरत मंद लोगो के बीच मात्र दस रुपए में साड़ी, धोती और लुंगी उपलब्ध करवाया गया. वही पशुक्षेत्र गौरिया करमा में भवन विभाग की ओर से पचास लाख की लागत से बनने वाले पशु शेड का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया. उपस्थित लोगों को बोलते हुए विधायक ने कहा कि सरकार के जनहित योजनाओं को अपने विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ संपादित करवाना उनका पहला कर्तव्य है. जनहित की योजनाओं में वह किसी भी प्रकार से समझौता नहीं कर सकते हैं. मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पूर्व प्रमुख सह पंसस गिरधारी लाल यादव, एमओ प्रभारी डॉ मुकेश कुमार, केदारुत मुखिया सरिता देवी, विशेश्वर यादव, महेश यादव, अर्जुन यादव, विनोद यादव, मो वारिस, मो कयूम, मनोज कुशवाहा, रवि यादव सहित कई लोग मौजूद थे. शिलान्यास कार्यक्रम में धर्मेंद्र यादव, मुकेश कुमार, खड्गधारी यादव, सुरेश यादव, दिनेश्वर राणा, भरत राणा, संतोष सिंह, कुंवर सिंह, किशन सिंह, नजमा खातून, देवनारायण ठाकुर, रुखसाना खातून, जगदीश यादव आदि भी मौजूद रहे.

### हजारीबाग : बीएसएफ कैंप मेरू में रोजगार मेला 28 अगस्त को

**हजारीबाग।** बीएसएफ कैंप मेरू में आगामी 28 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा. बीएसएफ के आईजी टीसी एंड एस केएस बन्याल ने इस बात की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सेवा के लिये चयनित करीब 1044 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपा जायेगा. गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कांस्टेबल पद पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मुहिम के तहत अभ्यर्थियों का चयन किया गया था. इन चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के लिए हजारीबाग के बीएसएफ मेरु कैंप में रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है. रोजगार मेले का आयोजन बीएसएफ परिसर अवस्थित सीमा प्रिया हॉल में पूर्वाह्न 9:30 बजे किया जायेगा. रोजगार मेले में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगी.

### रक्षाबंधन को लेकर बाजार सज-धज कर तैयार

## बहनें डाक से भेज रही राखियां बाजार हुआ गुलजार, लगी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** इन दिनो रक्षाबंधन त्योहार को लेकर बाजारों में राखियों की दुकान सज चुकी है। तरह-तरह की आकर्षक राखियां बहनों को बरबस अपनी ओर खींच रही है। वहीं बाजारों में रंग बिरंगी राखियों की कीमत 10 से लेकर 100 या उससे अधिक तक है । भाई बहनों का प्रेम के इस पर्व में डाक विभाग भी अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। जहां बहनें अपने भाइयों से मिलने में कठिनाई महसूस कर रही है ,वहीं डाक उनकी परेशानियों को बखूबी हल कर रहा है। इन दिनो पोस्ट ऑफिस में ऐसी बालिकाओं/महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। पोस्ट ऑफिस भी वाटरप्रूफ लिफाफे में राखी एवं मिठाई भेजने



में बहनों की मदद कर रहा है।आज कल बरकट्ठा उप डाकघर में दर्जनों से अधिक राखियां भेजी जा रही है। वहीं पोस्ट मास्टर साहब भी दिलचस्पी लेकर उनकी खूब मदद कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष 30 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाना है। यह पर्व हिंदुओं का एक पवित्र पर्व है तथा भाई बहनों के लिए खास माना जाता है ।इस पर्व में बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा धागा बांधकर अपने भाइयों से आजीवन रक्षा करने की उम्मीद करती है ।वहीं भाई भी उनकी रक्षा का वचन देते हैं तथा उपहार स्वरूप कुछ भेंट देते हैं। बहरहाल प्राचीन काल से संदेश पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम डाकघर आज भी लोगों को कई प्रकार से मदद कर रहा है।

### तीन दिनों से लापता युवक का सुराग नहीं



**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित इचाक प्रखंड की नावाडीह पंचायत के चंपानगर निवासी राजीव कुमार उपाध्याय (35 वर्ष) पिछले तीन दिनों से लापता है. वह स्व. नंदकिशोर उपाध्याय का बेटा है. उसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है. परिजनों ने इचाक थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया है. इधर सोशल मीडिया के जरिए भी तलाश की जा रही है. लापता युवक के साढ़ू पवन चौबे ने बताया कि राजीव तीन दिन पहले मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला था और मोबाइल भी अपने घर में ही छोड़ दिया था. न ही उसका किसी से कोई विवाद हुआ था और न उसकी किसी से दुश्मनी थी. पहले वह रांची की एक कंपनी में काम करता था. काम छोड़ने के बाद करीब डेढ़ माह से गांव पर ही रह रहा था. घर में पत्नी और दो बच्चे हैं जानकारी मिलने पर परिजनों ने मोबाइल नंबर : 8789949102, 8987667769 या 8757763888 पर सूचना देने का आग्रह किया है.

### सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत

**बरही ।** शनिवार के दोपहर जीटी रोड स्थित बरिएट्ठा मोड के पहले दो बाइक सवार में जबरदस्त टक्कर हुई. इस टक्कर में श्रीनगर निवासी आशीष कुमार (21) पिता सरयू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने हजारीबाग रेफर कर दिया. जिसका हजारीबाग जाने के क्रम में रास्ता में निधन हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अपने खेत से काम करके वापस घर लौट रहा था. इसी क्रम में बुंडू की ओर से आने वाला एक बाइक सवार टकरा गया. इस घटना में दूसरे बाईक सवार को हलके चोट लगे है, जिसका ईलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया. परिजनों का आरोप है कि अनुमंडलीय अस्पताल में किसी भी प्रकार का इलाज नहीं किया गया, यदि प्राथमिक ईलाज होता तो संभवतः युवक को बचाया जा सकता था. अस्पताल में चिकित्सको की घोर कमी है, इस दिशा में जनप्रतिनिधियों को गंभीरता से संज्ञान लेनी चाहिए.

### पूर्व आइजी दीपक वर्मा ने परिवार संग सूर्यकुंडधाम में किया पूजा अर्चना



**बरकट्ठा।** पूर्व आइजी दीपक वर्मा ने ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन स्थल सूर्यकुंडधाम में अपने परिजनों के साथ पूजा अर्चना किया। उन्होंने देश, राज्य और मानव कल्याण के लिए सुख, शांति, समृद्धि की कामना किया। मौके पर उनके साथ जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, गोरहर थाना एएसआई दीपक कुमार पाल, हवलदार दिवाली सिंह, विजय पांडेय, समाजसेवी सुरेश कुमार पांडेय, रिंकू माली, पंकज पांडेय, शेषनाथ सिंह, त्रिपुरारी पांडेय, सुधीर पांडेय, लखन पांडेय, बिरजू नायक, आशिष पांडेय मौजूद थे।

## शुक्रवार की रात में बाइक की हुई चोरी शनिवार को बरही चौक से बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीते रात शुक्रवार को जीटी रोड महुगढ़ा स्थित नायक फैमिली रेस्टुरेंट के सामने से एक बाईक चोरी का घटना सामने आया, जो शनिवार को बरही चौक से बरामद किया गया. भुक्तभोगी नंदकिशोर कुमार पिता कैला साव ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बीते रात भी अपनी लाल रंग की हीरो होंडा बाईक संख्या जेएच 02 डी 6837 अपने होटल नायक फैमिली रेस्टुरेंट के बाहर रात्रि दस बजे खड़ा किए थे. जो सुबह में नहीं था. इस संबंध में उन्होंने थाना में सनहा दर्ज करने हेतु आवेदन भी दिया था. परंतु सुबह नौ बजे उनके गांव के ही एक लड़के ने उनकी गाड़ी बरही चौक पर खड़ा रहने का फोन से सूचना दिया. वह बरही चौक पर पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को देते हुए अपना



बाइक वापस प्राप्त कर लिए. उन्होंने बताया कि बाईक चोरी किसने किया, उन चोरों का क्या उद्देश्य था यह छानबीन का मामला है. पुलिस को इस संबंध में उचित छानबीन करते हुए अपराधियों की धर पकड़ करनी चाहिए. प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही चौक पर उक्त बाइक सुबह 9:00 बजे से लगभग 2:30 बजे तक खड़ी थी जो स्थानीय दुकानदारों के सीसीटीवी फुटेज में कैद है.

### संगठन मजबूती को लेकर जेएमएम की बैठक

## कार्यकर्ताओं को निष्ठतापूर्वक कार्य करने की है जरूरत : विनोद विश्वकर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** संगठन मजबूती को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक बरही कार्यालय में आहूत की गई. जिसका अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रंजीत पांडेय और संचालन मो इम्तियाज उर्फ बबलू ने किया. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो बरही विधानसभा प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा शामिल हुए. कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विश्वकर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की मुख्य रीढ़ है. राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में संचालित झामुमो की सरकार जनहित समस्याओ को लेकर गंभीर है. सरकार की छवि जनता के बीच में उत्कृष्ट हो इसके लिए हम सभी कार्यकताओं को निष्ठा पूर्वक कार्य



करनी है. किसी भीं कार्यकर्ता का मनोबल नही टूटने दिया जाए, ऐसा काम करना है. वही प्रखंड अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए सदस्यता अभियान चलाने की बात कही. उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक जाकर लोगों को पार्टी के उद्देश्यों को समझना होगा. झारखंड मुक्ति मोर्चा ही एकमात्र पार्टी है जो राज्य का विकास कर सकती है. बैठक में विवेक विश्वकर्मा, तोहिद अली, संजय राम, टिंकू सिंह, मो सुहानी, मनोज केसरी, मो मुमताज आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

**मन मोहा** | डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण मवि. में एक दिवसीय कवि सम्मेलन आयोजित

# कवि सम्मेलन में बही देश भक्ति की बयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी के बहुउद्देशीय सभागार में 26 अगस्त को हिन्दी अकादमी रामगढ़ झारखण्ड संभाग के तहत अखिल भारतीय एक दिवसीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान झूमर एवं मांदर के साथ एवं तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सौरभ जैन सुमन (राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दी साहित्य आदमी), विशिष्ट अतिथि उमंग गोयल (राष्ट्रीय महासचिव, हिन्दी साहित्य अकादमी), कार्यक्रम संयोजिका मीना बंधन (राष्ट्रीय कवयित्री), शालिनी शहवा (गजलकारा, संयोजिका), निवेदता श्रीवास्तव गर्मी, (स्वागतम्), डॉ. कुमार आदित्य (श्रृंगार रस, नोएडा), कवि मोहन चौहान (मैनपुरी, यूपी) अवरेन्द्र अवस्थी फौजी (हास्य व्यंग्य हरदोई), कुमार संजय (हास्य व्यंग्य) मीत जरमसतमुरी (झारखण्ड) चंदन प्रजापति (झारखण्ड), मनोज मधुवन, सुशील शुक्ला हर्ष, निर्दोष लक्ष्य जैन, धनबाद, सरोज झारखण्डी, मनोज मधुवन, वसीम रजा, सीमा कुमारी, अमित कुमार रामगढ़ सर्जेंट मंटु यादव, जनआकांक्षा सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार द्वारा डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्जवलित एवं



सरस्वती वंदना कर किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत बुके, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया. कार्यक्रम में कुलगीत एवं स्वागत गीत सुदिप्ता, चंचल एवं समूह के द्वारा गाया गया. सभी अतिथि ने बारी बारी से कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। जिसमें मुख्य रूप से देशभक्ति, हनुमान - संवाद, कृष्ण संवाद अकबर एवं हाडा रानी की महिमा मंडित किया गया। मंच का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रंजु वंदना होरो, सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, सुश्री संजु रंजना होरो, मो. परवेज अखतर, डॉ. अशोक राम तथा डीएलएस की प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन एवं व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचंद प्रसाद तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के संजय कुमार प्रभाकर द्वारा किया गया।

### भारत माला परियोजना को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने की बैठक

# भारत माला परियोजना में अंचल टीम हर संभव करेगी मदद : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** शनिवार को जलडेगा अंचल कार्यालय सभागार में भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने जलडेगा सीओ की अध्यक्षता में अंचल कर्मियों और जनप्रतिनिधियों से बैठक कर भारत माला परियोजना की जानकारी दी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया की भारतमाला परियोजना भारत की राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित और वित्त पोषित एक परियोजना है। यह परियोजना केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के अंतर्गत आती है और मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है। किसी भी देश की प्रगति उसके परिवहन नेटवर्क पर निर्भर करती है और इस बात पर भी निर्भर करती है कि इन परिवहन नेटवर्क का पोषण कैसे किया जाता है। इसी सोच के साथ भारतमाला परियोजना योजना अस्तित्व में लाई गई है। सड़कों का निर्माण और विकास एक महान माध्यम है जो किसी देश की आर्थिक वृद्धि और विकास में अत्यधिक योगदान देता है। अच्छी सड़कें होने से राष्ट्र के विकास में भी योगदान मिलता है क्योंकि इससे अतिरिक्त लाभ जुड़े होते हैं। भारत माला परियोजना के तहत रांची से संबलपुर तक कुल 150 किलोमीटर तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाना है। बैठक में बताया गया कि भारत माला सड़क जलडेगा अंचल के सीलिंगा और लम्बोई से होकर गुजरेगी। बैठक में जलडेगा सीओ डॉ खगेन महतो ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को भरोसा दिलाया कि भारत माला परियोजना में अंचल टीम उन्हें हर संभव मदद करेंगे। बैठक में प्रमुख जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा, लम्बोई मुखिया शिशिर डांग, टीनगिना मुखिया कल्याण गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, अंचल कार्यालय के राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# हमेशा याद किया जाएगा दिवंगत सुनील मिंज की वीरता: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रिटायर्ड फौजी और कांग्रेस नेत्री प्रतिमा कुजूर के बड़े भाई सुनील मिंज का शानिवार को खूंटीटोली स्थित उनके पैतृक निवास में अंतिम संस्कार किया गया। अन्तिम संस्कार कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुई। साथ ही दिवंगत के पार्थिव शरीर को दफन करते हुए परिजनों को हिम्मत से काम लेने की अपील की। विधायक ने कहा कि दिवंगत सुनील मिंज ने भारतीय सेना में नौकरी करते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया था। इन्होंने अपनी बीरता से दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। कारगिल युद्ध मे भी इन्होंने अपनी बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। दिवंगत सुनील हमेशा एक वीर योद्धा के रूप जाने जाएंगे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की,20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का,कांडीदात गोविंदा महतो,पूनम लकड़ा,मंजू तिर्की, पूर्व मुखिया मुक्ता तिर्की भी शामिल हुए।

### इंटरमीडिएट शिक्षक-शिक्षकेतर संघर्ष मोर्चा जिला इकाई का गठन

# एसके बागे कॉलेज के विद्याबंधु शास्त्री बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य वित्त रहित इंटरमीडिएट शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा जिला का सिमडेगा की बैठक गोस्सनर कॉलेज में गोस्सनर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीतल एक्का के अध्यक्षता हुई बैठक के दौरान जिला के संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से एस के बागे इंटर कॉलेज कोलेबिरा के पूर्व प्राचार्य प्रो बालमुकुंद प्रसाद को संरक्षक, एस के बागे इंटर कॉलेज कोलेबिरा के प्राचार्य प्रो बिद्याबंधु शास्त्री को अध्यक्ष,गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा के प्रो मो. मेराज को सचिव, संत दोमनिक इंटर कॉलेज लचड़ागढ़ के संजय पुराण, व संत मेरिज इंटर कॉलेज सिमडेगा के लखींद्र ठाकुर को उपाध्यक्ष, संत पियूष इंटर कॉलेज रेंगारीह के फादर जेवियर बिलुंग को संयुक्त सचिव,उर्सलाइन इंटर कॉलेज सिमडेगा के तेज कुमार डुंगडुंग, गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा के प्रो अंजली रानी टोप्पो को संगठन सचिव,गोस्सनर इंटर कालेज सिमडेगा के प्रो कुलदीप कुमार प्रसाद को राज्य प्रतिनिधि,संत मेरिज इंटर कॉलेज सिमडेगा के प्रो अलबिनुस तिर्की को जिला प्रतिनिधि,गोस्सनर इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो.शीतल एक्का को कोषाध्यक्ष पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रो सत्यव्रत ठाकुर, एस के बागे इंटर कॉलेज कोलेबीरा के प्रो.रविकांत मिश्रा को मीडिया प्रभारी बनाया गया,जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रोहित डुंगडुंग,बिलियम लुगुन,चोनहास एक्का,जगरानी खाखा,नकुल प्रसाद, पुरन बड़ाइक,शांति केरकेट्टा,मनीष कुजूर,गोल्डी डुंगडुंग,सुजाता नंदा को रखा गया है.उक्त बैठक में जिला के समस्त इंटर कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन एस के बागे इंटर कालेज कोलेबिरा कॉलेज के प्रो. रविकांत मिश्रा के द्वारा किया गया।

## सघन मिशन इन्द्रधनुष को लेकर हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। सघन मिशन इन्द्रधनुष चक्र में लेफ्ट आउट एवं ड्रॉप आउट बच्चें एवं गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया जाना है। इसके अंतर्गत बच्चों, गर्भवती माता जिनका टीका नहीं लगा है या आंशिक टीका लगा हो उनका पूर्ण टीकाकरण करने के लिए दूसरा चरण का विशेष अभियान दिनांक 11-16 सितम्बर 2023 तक चलाया जाएगा। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में सहिया, सेविका के माध्यम से हेड काउन्ट सर्वे कराते हुए शत-प्रतिशत प्रशिक्षण का कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। तथा उपायुक्त ने मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल करने हेतु आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।बैठक में सिविल सर्जन, सिमडेगा डॉ. अजीत खलखो, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# डीसी की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी की समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के अनुरूप सिमडेगा जिला भर में संचालित अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के संचालन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने जिला सलाहकार समिति के सदस्यों को अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में लिंग परीक्षण, गर्भपात की दुष्प्रभाव, गर्भपात उपरांत महिलाओं के शरीर में होने वाले नुकसान, लिंगानुपात में असंतुलन से होने वाली दुष्परिणाम आदि हेतु जिले के बाजार-हाट, प्रखंड कार्यालय परिसर, अस्पतालों सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर बैनर-पोस्टर एवं फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार- प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लिंग परीक्षण/लिंग निर्धारण से संबंधित संस्थाओं या व्यक्तियों की सूचना देने हेतु मुखबीर/डिकॉय योजना का प्रचार-प्रसार हेतु स्वास्थ्य विभाग को महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिला अनुसरण एवं निरीक्षण समिति पीसी एंड पीएनडीटी को जिले में संचालित अल्ट्रासाऊंड क्लीनिक का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया।

## आरोपी की पत्नी ने कराया 7 लोगों पर केस दर्ज

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोईबेड़ा गांव निवासी लोरन्तुस एक्का सहित कुल 5 लोगो को 15 अगस्त के दिन पुलिस द्वारा प्रतिबंधित मवेशी हत्या मामले में गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था। इधर लोरन्तुस एक्का की पत्नी जोहानी एक्का के द्वारा एसटी एससी थाना में गांव के सात लोगों के ऊपर छेड़छाड़ मारपीट एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल को लेकर एसटीएससी थाना में मामला दर्ज कराया है इस संबंध में एसटी एससी थाना कांड संख्या 6/23 धारा 323 341, 452 ,354 ,334 आईपीसी 3(1) (७) एसटी एससी एक्ट 1989 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं पीड़िता जोहानी ने आरोप लगाया है कि 15 अगस्त के दिन उसके घर में घुसकर प्रतिबंधित मवेशी की हत्या का आरोप लगाकर उसके पति को मारपीट की जा रही थी जब बीच बचाव करने आई तब उसके साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है ।

# सर्प दंश से घायल छात्रा की मौत, विधायक ने जताया शोक



### सदर अस्पताल पहुंच परिजनों को ढांढस बंधाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सर्प दंश से एक स्कूली बच्ची की मौत पर विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने गहरी शोक संवेदना ब्यक्त किया है। विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा शानिवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंच दिवंगत बच्ची की परिजनों से मिले। साथ ही परिजनों का ढांढस बंढ़ाते हुए हर सम्भव सहयोग करने एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। मृतक बच्ची 13 वर्षीय एलिना कीड़ो है। जो पिथरा गांव की रहने वाली है। एलिना पाकरटांड़ के संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय खांजालोया में कक्षा पांच में पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार की रात एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। घटना के बाद रात में ही बच्ची को एक निजी वाहन से सिमडेगा लाया जा रहा था। इसी क्रम में सिकरियाटांड़ के पास वाहन का टायर पंक्चर हो गया। जिस कारण अस्पताल पहुंचने में विलंब हुआ। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इधर विधायक ने चिकित्सकों को बच्ची का जल्द पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपने का निर्देश दिया। विधायक ने सर्प दंश से मौत होने पर मिलने वाली मुवाजा राशि दिलाने के लिए भी पहल करने का आश्वासन दिया।मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की,वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, रैमन बा,पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का आदि मौजूद थे।

# लावारिस मवेशियों पर कार्रवाई के संबंध में बजरंग दल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर में लावारिस मवेशियों की घूमने की वजह से हो रही लगातार हादसे को लेकर बजरंग दल सिमडेगा द्वारा शनिवार को जिले के उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा उक्त ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सिमडेगा में लगातार इन दोनों लावारिस मवेशियों की भरमार हो गई है जिसके कारण सड़कों पर इर्द-गिर्द घूमते हैं और वाहनों की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है। जिसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।लगातार विगत कई महीनो से बजरंग दल द्वारा उन सभी चोटिल मवेशियों की सेवा की जा रही



है और उन्हें रखरखाव के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लावारिस मवेशियों के मालिकों के द्वारा किसी प्रकार की खोजबिन नहीं की जाती है जिसके कारण बजरंग दल को सेवा देने में काफी परेशानी हो रही है। इसलिए इस मामले में महोदय से प्रार्थना है की लावारिस मवेशियों पर लगाम लगाई जाए तथा किसी भी घायल मवेसी को रखरखाव के लिए उचित स्थान मुहैया कराई जाए। जिससे कि बजरंग दल के द्वारा घायल मवेशियों की समुचित सेवा की कर सके।

**स्वागत**

### मूलनिवासी युवा क्लब हेठमा किनकेल चंपाबारी ने किया हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

# पूर्व मंत्री ने विजेता को पुरस्कार देकर किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मूलनिवासी युवा क्लब हेठमा किनकेल चंपाबारी द्वारा हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका समापन मैच शनिवार को आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ,ओलिवर लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत माला पहनकर और विशाल मोटरसाइकिल रैली के साथ स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया जहां पर अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया गया। फाइनल मुकाबला अंबाटोली बनाम हिनगीर के बीच में आयोजित की गई। जहां पर अंबाटोली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो एक से जीत दर्ज की। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में आजकल रोजगार के साधन है ऐसे में सभी लोग मेहनत करते हुए जिला से बाहर तक नाम रोशन करें ताकि आने वाले दिनों में राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर नाम रोशन कर सके। आज इस क्षेत्र को हॉकी की नर्सरी के रूप में जाना जाता है क्योंकि इस क्षेत्र के दर्जनों खिलाड़ियों ने देश-विदेश में जाकर अपना परचम लहराया है और ऐसे में आप सभी को भी उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर आने वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर पहचान दिलानी। झारखंड पार्टी हमेशा खेल का सराहना किया है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन किया है और हमेशा इन सहयोग करने का काम कर रही है आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी इसी प्रकार लोगों को खेल के माध्यम से युवाओं को उनके भविष्य को संवारने में सहयोग करेगी। मौके पर संदेश एक्का ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्त के साथ सभी लोगों को खेल के क्षेत्र में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान समय में खेल के माध्यम से रेलवे हो या विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्पॉट्स कोटा के माध्यम से रोजगार मिल रही है। मौके पर अंबापानी की टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अमन खेस्स, आशीष सिंह,राजेन्द्र माझी,सुरजन नायक, एमदान कुजूर,प्रदीप कुजूर,फिरोज अंसारी, मंच संचालन भुनेस्वर बेसरा, वही आयोजन समिति में मनोज नायक अध्यक्ष ,सचिव पंकज लकड़ा ,कोषाध्यक्ष नंदकिशोर भौय, संरक्षक अनमोल लकड़ा, सुनीता देवी सहित सभी लोगों की भूमिका रही।


## कोडरमा : रेलवे लाइन के किनारे मिला युवक का शव

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र स्थित मोरियावां में रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. शव पोल संख्या 391/5 के पास मिला है. मृतक की पहचान नहीं हो पायी है. पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है. मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष होगी. मिली जानकारी के अनुसार, आसपास के लोगों ने सुबह 6 बजे शव को देखा. इसके बाद उन्होंने जीआरपी और आरपीआफ को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गयी. मृतक की पहचान 35 वर्षीय मो. अख्तर अंसारी पिता रोजन अली के रूप में हुई है. सूत्रों की मानें तो यह हत्या है और इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है. फिलहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा कर मामले की छानबीन में जुट गयी है.

## नारायण के भजन से हो जाता है सभी समस्याओं का समाधान, जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में बोले जीयर स्वामी

# चिंता चिता के समान और चिंतन अमृत के समान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि किसी समस्या के बारे में चिंता नहीं, बल्कि उसके सामाधान के लिये चिंतन करना चाहिये। चिंता चिता के समान और चिंतन अमृत के समान होता है। चिंता का सर्वदा त्याग करना चाहिये। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ स्कंध की कथा प्रारंभ करते हुए कहा कि विश्वामित्र को बक्सर में किये जाने वाले यज्ञ में राक्षसों के संभावित उपद्रव से चिंता हो रही थी। तभी नारद जी आकर उन्हें परामर्श दिये कि चिंता नहीं चिंतन कीजिये। दशरथ नंदन राम-लक्ष्मण को बुलाकर अपना यज्ञ पूर्ण कीजिये। ऐसा ही हुआ। विश्वामित्र ने राजा दशरथ के दोनों पुत्रों को मांग लिया और अपना यज्ञ पूरा किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में यज्ञ का



विरोध करने वाले विध्वंसकारी तत्त्व (राक्षस) नहीं हैं। पहले राक्षसी प्रवृति के लोग यज्ञ का विध्वंस कर देते थे। किसी अच्छे कार्य में मामूली अवरोध और विरोध की चिंता नहीं करनी चाहिए। हर अच्छे कार्य के प्रारंभ में बाधायें आती हैं लेकिन सतत प्रयास से सारी बाधायें समाप्त हो जाती हैं और स्थितियां अनुकूल हो जाती हैं। उन्होंने माता अनुसुईया की चर्चा करते हुए कहा कि वह महर्षि अत्रि की पत्नी थीं। अपने पतिव्रता-धर्म के कारण सुविख्यात थीं। एक दिन नारद जी बारी-बारी से विष्णु जी, शिवजी एवं ब्रह्मा जी की अनुपस्थिति में उनके लोकों में पहुंचे।

उन्होंने अनुसुईया के पतिव्रता-धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि समस्त सृष्टि में उनसे बढ़कर कोई पतिव्रता नहीं है। नारद जी की बातें सुनकर तीनों देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती ईर्ष्या करने लगीं। उन्होंने अपने-अपने पतियों से अनुसुईया का पतिव्रत धर्म खंडित कराने के लिए सोचने लगीं। उन्होंने-अपने पतियों को हठकर इसके लिए राजी कर लिया। तीनों देव अवधूत, बटुक, ब्रह्मचारी बन अनुसुईया के आश्रम पर पहुंचे। उस समय वह आश्रम पर अकेली थी। तीन अतिथियों को द्वार पर देख भोजन का आग्रह किया। तीनों ने कहा कि अगर आप निर्वस्त्र होकर भोजन कराएंगी तो भोजन करेंगे अन्यथा नहीं। अनुसुईया ने साधुओं के शाप और अतिथि सेवा से वंचित होने के भय से परमात्मा से प्रार्थना की, हाथ में जल लेकर तीनों पर छिड़क दी। तीनों देव छह-छह माह के बच्चे बन गये, जिन्हें निर्वस्त्र होकर दूध पिलाया और पालने में लिटा दिया। देवों के समय से वापस नहीं लौटने पर तीनों देवियां खोज में निकल गयीं। पुनः नारद जी ने सारी बातें बताई। वे आश्रम पर जाकर माता अनुसुईया से क्षमा मांगीं और अपने पतियों को प्राप्त की। अनुसुईया ने तीनों देवों को अपने पुत्र रूप में मांगा। कालांतर में विष्णु अंश दतात्रेय, ब्रह्मा अंश चंद्रमा और शिव अंश दुवार्सा अनुसुईया के पुत्र रूप में अवतरित हुये।

## महाधिवक्ता व अन्य ने किया महाराज का दर्शन

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन, मानवाधिकार के आईजी अखिलेश झा, बिल्डर अखिलेश पांडेय सहित कई पदाधिकारी गण शनिवार को जीयर स्वामी महाराज के चातुर्मास्य स्थल प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव पहुंचे। यहां अधिकारियों ने महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महाधिवक्ता ने कहा कि झारखंड राज्य का श्री बंशीधर नगर सौभाग्यशाली है कि देश के महान संत जीयर स्वामी जी का चातुर्मास्य व्रत व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हो रहा है। यह पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। राज्य में इस तरह का यज्ञ अभी तक इस राज्य में नहीं हुआ है। स्वामी जी से मिलकर



काफी आत्मिक शांति मिली। यहां के लोग बड़े भाग्यवान है कि महान संत का नित्य प्रतिदिन आशीर्वचन प्राप्त कर रहे हैं। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, सह सचिव राकेश चौबे, प्रकाश सिंह, राजा सिंह, उमेश शुक्ला, रामानंद पांडेय, नवनीत शुक्ला, रामचंद्र शुक्ल आदि के द्वारा महाधिवक्ता, मानवाधिकार आईजी, स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक सुमंत मिश्र, शिव गुरु प्रमुख अर्चित आनंद, शेखर आनंद को शॉल ओढ़ा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### मां ने हत्या कर फांसी का रूप देने का आरोप लगाया

# किशोरी की आत्महत्या के मामले में नया मोड़

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव निवासी राज मुनि कोरवा की 17 वर्षीय पुत्री संजू कुमारी के आत्महत्या मामले में नया मोड़ आ गया है। परिवार वालों ने इस मामले में किशोरी की हत्या कर फांसी का रूप देने का आरोप लगाया है। मामले में मृतिका संजू कुमारी की मां उर्मिला देवी ने चिनिया थाने में लिखित आवेदन देकर कहा है कि गत 23 अगस्त बुधवार की रात्रि से मेरी पुत्री संजू कुमारी लापता थी। 24 अगस्त को गांव में काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर महुआ के पेड़ के पास बेटी के चप्पल एवं अन्य जूते के निशान देखे गए। जबरदस्ती खींचने एवं गीली मिट्टी में पैर दबाने के निशान भी दिखे। 25 अगस्त को चरवाहा द्वारा संजू के पेड़ पर लटके होने की जानकारी मिली।

घर वालों ने लिखित आवेदन में कहा है कि डंडई थाना क्षेत्र के बैलाझखड़ा गांव निवासी भानु सिंह मेरी बेटी से जबरन बात करना



चाहता था। कई बार मोबाइल से उसके द्वारा फोन किया जाता था, परंतु हम लोग घर के सदस्य उससे बात नहीं करते थे तो धमकी देता था तथा घटना के दिन भी वह रानीचेरी हमारे घर के अगल-बगल तथा उसके साथ गांव के अन्य तीन लड़के भी देखे गए थे। ऐसे में साफ जाहिर होता है कि घटना को अंजाम भानु सिंह व उसके अन्य सहयोगियों ने मिलकर दिया है। उधर मामले में चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि मामले का लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। इसके आलोक में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। वहीं सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पूछे जाने पर बताया कि यह जांच का विषय है। जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## आठ पीडीएस डीलरों को नहीं मिला अगस्त माह का राशन

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक राशन डीलरों को अगस्त माह का राशन आवंटन नहीं होने के कारण लाभुक परेशान हैं। प्रखंड में 27 राशन डीलरों में से आठ राशन डीलरों को अभी तक अगस्त माह का राशन नहीं दिया गया है। इसमें ग्राम चांदडीह के तारा महिला स्वयं सहायता समूह, बेलाबार ग्राम में आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह, नावाडीह में आसमा जागृति स्वयं सहायता समूह, मुकुंदपुर में ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह, परसोंडीह में रामा देवी स्वयं सहायता समूह, लोहारगड़ा में रामपवन राम डीलर को अगस्त माह का राशन नहीं मिला है, जबकि ग्राम परती कुशवानी के चंद्रदेव बैठा डीलर को गेहूं का आवंटन नहीं मिला है। इस कारण उक्त डीलरों के लाभुकों में आक्रोश है। लाभुकों ने बताया कि अन्य डीलर के द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा है, जबकि हमारे गांव में राशन का वितरण नहीं हो रहा है। राशन डीलरों ने बताया कि ऊपर से ही हम सब को राशन नहीं मिला है जिसके कारण वितरण नहीं किया गया है। गोदाम प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि आवंटन में सुधार के कारण उक्त डीलरों को गोदाम से राशन नहीं दिया गया है। इसमें सुधार होने पर बाकी बचे डीलरों को राशन दिया जाएगा।

# 'गढ़वा खींच रहा विकास की लंबी लकीर'

### 65 करोड़ की लागत से 15 सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण, 67 किमी सड़क बनेगी मजबूत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** गढ़वा में 65 करोड़ रुपये की लागत से 15 सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। इसमें 67 किलोमीटर जर्जर सड़कों का कायाकल्प होगा। 15 सड़कों का सुदृढ़ीकरण पांच पैकेज में किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पैकेज एक में मेराल प्रखंड के भुईयां टोला चारमुहान पीएमजीएसवाई रोड से लगमा तसरार पीडब्लयूडी रोड तक पांच करोड़ 59 लाख नौ हजार 800 रुपये की लागत से 5.72 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। जबकि देवगाना पीएमजीसवाई रोड से जरही चारमुहान पीडब्लयूडी रोड भाया गेरूआडीह आदिवासी टोला तक चार करोड़ 79 लाख 47 हजार 400 रुपये की लागत से 4.8 किमी, गढ़वा प्रखंड के उड़सुगी मोड़ से उमराटिकर उरांव टोला होते हुए महुपी तक एक करोड़ 34 लाख 46 हजार 900 रुपये की लागत से 1.37 किमी, चेतना मोड़ से महुपी तक दो करोड़ 15 लाख 48 हजार 200 रुपये की लागत से 2.5 किमी पथ



का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। पैकेज दो में एनएच 343 ओबरा से छतरपुर कॉलेज तक सात करोड़ 86 लाख 71 हजार 600 रुपये की लागत से 8.15 किमी, पीडब्लयूडी पथ लापो से पीडब्लूडी पथ कमता भाया करचा तक छह करोड़ चार लाख 13 हजार 300 रुपये की लागत से 6.45 किमी, पैकेज तीन में गढ़वा परिहारा सिवाना से कितासोती खूर्द भाया करके बाजार टेनवा तक पांच करोड़ 50 लाख पांच हजार 200 रुपये की लागत से 5.6 किमी, ग्राम कुंडी नहर से तहले नदी ट्रांसफर्मर होते हुए महुराम तक 84 लाख 89 हजार रुपये की लागत से 1.25 किमी, एनएच 343 पचपड़वा से हंसकेर सीमा भाया पॉलिटेक्निक कॉलेज गढ़वा तक पांच करोड़ 68 लाख एक हजार 900 रुपये की लागत से 5.93 किमी, पैकेज चार में पिपरा नहर पीएमजीएसवाई रोड से राजमुनि चौधरी के घर होते हुए माहावीर चौधरी के घर तक तीन करोड़ 27 लाख 98 हजार 200 रुपये की लागत से 3.62 किमी, हुर पोखर टांड से रिंग रोड भाया पिपरा टांड़ तीनकोनवा नहर तक तीन करोड़ पांच लाख 98 हजार 600 रुपये की लागत से 3.2 किमी, हुर चारमुहान से दानरो पुल तक दो करोड़ 27 लाख 16 हजार 700 रुपये की लागत से 2.65 किमी, मझिआंव गढ़वा मेन रोड दलेली मंदिर से माहेताम सीमा होते हुए चेरीधाम बौराहा बीटी रोड तक चार करोड़ 44 लाख 28 हजार 100 रुपये की लागत से 4.51 किमी, पैकेज पांच में एल 055- एल 027 गढ़वा शाहपुर पीडब्लयूडी रोड से बरही टोला करूआ खूर्द तक सात करोड़ 60 लाख 56 हजार 300 रुपये की लागत से 7.78 किमी तथा पीडब्लयूडी रोड अरंगी से चिरौंजिया होते हुए सरस्वतिया नदी पुल तक तीन करोड़ 62 लाख 62 हजार 800 रुपये की लागत से 3.8 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा।

### चप्पे-चप्पे में होगी बेहतर आवागमन की सुविधा

मंत्री ने कहा कि उक्त सड़कें लंबे समय से काफी जर्जर अवस्था में थी। क्षेत्र के लोग इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण का लंबे समय से मांग कर रहे थे। अब इन सड़कों का यथाशीघ्र सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। अब तक अधिसंख्य गांवों में आवश्यकतानुसार नये सड़क का निर्माण तथा जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा चुका है। निकट भविष्य में शेष बचे अन्य सड़कों का भी निर्माण व सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधी ने गढ़वा को पूरी तरह से जर्जर बना दिया था। गढ़वा पूरी तरह से मूलभूत सुविधाओं से ग्रसित था। परंतु अब गढ़वा विकास की लंबी लकीर खींच रहा है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा छिपादोहार संत मरियम स्कूल के स्कूली बच्चों यातायात नियमों को जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। मरियम विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों को सामूहिक रूप से लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लातेहार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की जानकारी दी गयी। कहा कि 18 वर्ष से पूर्व कोई भी स्कूली बच्चे किसी भी तरह के वाहन चलाने से बचें। थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को बताया कि सड़क दुर्घटना होने से घर परिवार बिखर जाता है। इसलिए 18 वर्ष बाद विधिवत लाइसेंस बनाकर, हेलमेट पहन कर ही मोटरसाइकिल चलाना है। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल नहीं चलानी चाहिए। इसके साथ थाना प्रभारी ने सभी लोगों से शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने सड़क पार करने, सड़क में पैदल चलने समेत अन्य कई जानकारी साझा करते हुए स्कूली बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रबंधन द्वारा थाना प्रभारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सब इंस्पेक्टर रंजीत राम, काशी महली, विद्यालय के फादर, सभी सिस्टर सहित स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

## जियो टैग के एवज में घूस मांगने का ऑडियो वायरल

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** प्रखंड के ग्राम पंचायत गढ़बुढनी पंचायत के 15वें वित्त आयोग के जेई लालधारी साय के द्वारा कार्य में जियो टैग के एवज में लाभुक से फोन पर घूस मांगने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल ऑडियो में जेई लालधारी साय लाभुक लुरगुमी खुर्द के रहने वाले सौदागर अंसारी से बात कर रहे हैं और अपने गारू में होने की बात कह रहे हैं7 साथ ही उनके द्वारा गढ़बुढनी पंचायत अंतर्गत बरौधी गांव में बुधन लोहरा के खेत में गार्डवाल निर्माण का जियो टैग करने के लिए दो हजार की मांग की जा रही है। बाद में लाभुक सौदागर अंसारी के निवेदन करने पर सौदा 1500 में फानल




होता है एवं जेई लालधारी साय लाभुक सौदागर अंसारी को जीओ टैग के लिए गारू आने के लिए कहते हुए सुनाई पड़ता है। वहीं मामले की पुष्टि के लिए जब जेई लालधारी साय को फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था, जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। वहीं इस संबंध में एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने कहा कि मामले की जांच कराकर उचित कारवाई की जाएगी।

## दो घरों में ताला तोड़ 6 बकरे व नकदी की चोरी

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के लबानी गांव में बीते शुक्रवार देर रात दो घरों में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 6 बकरे, कागजात सहित अन्य सामान के साथ हजारों रुपुए नकद की चोरी कर फरार हो गये। भुक्तभोगी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि लबानी गांव के इंद्रदेव दांगी का पुत्र संजय दांगी के घर से टाला तोड़कर 1500 रुपये नगद, 2 कुदाल सहित अन्य कागजात की चोरी हुई है। दूसरी चोरी की घटना लबानी गांव ही स्वर्गीय चिंतामन दांगी का पुत्र रूपलाल के घर से ताला तोड़कर बक्से से 5 हजार रुपये नगद व 6 बकरे की चोरी की है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे पत्थलगड़ा चले गये। भुक्तभोगी ने बताया कि राजस्थान से बकरे का नश्ल लाया था। इस चोरी से भक्तभोगी को 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## मारपीट-अपहरण मामले का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना मुख्यालय निवासी अनुज तुरी को पुलिस ने अपहरण मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना



प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि चिनिया के चिखुरापत्थर टोला निवासी चंद्रदेव परहिया द्वारा लिखित आवेदन देकर कहा था कि उसकी नाबालिग बेटी को अनुज तुरी द्वारा जबरदस्ती खींचकर व मारपीट कर अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने इस संबंध में थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मामले में चिनिया पुलिस द्वारा तत्परता से छापामारी करते हुए अपहर्ता लड़के को गिरफ्तार कर लिया गया तथा आरोपी के बताए अनुसार लड़की को उसके रिश्तेदार के घर ग्राम छतैलिया से बरामद कर लिया गया है। वहीं आरोपी को अपहरण मामले में जेल भेज दिया गया। उधर लड़की को माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है।

### मनमानी बदली का आरोप | बिना शिकायत के अन्यत्र भेज परेशान करने की चर्चा

# बीडीओ की कार्यप्रणाली से पदाधिकारी असहज

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** बीडीओ सोमा उरांव की कार्रवाई से प्रखंड के पदाधिकारी बिल्कुल रूप से असहज महसूस करने लगे हैं। कहा जा रहा है कि बिना शिकायत के अन्यत्र भेज कर बीडीओ द्वारा पदाधिकारियों को बेवजह परेशान करने का काम किया जा रहा है।

नए पंचायत सचिव नरेश ठाकुर को प्रखंड में योगदान करने के बाद से ही प्रखंड में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। उक्त पंचायत सचिव को वर्षों से अतिरिक्त प्रभार में चल रहे सदर पंचायत डंडई में ना भेज कर उन्हें पंचौर पंचायत में भेज दिया गया। जबकि उक्त पंचायत में बिना शिकायत के पिछले दो ढाई वर्षों



से पंचायत सचिव के रूप में सुनील कुमार के द्वारा अपने कार्यों को निपटारा करने का काम किया जा रहा है। वहीं उक्त पंचायत सचिव को पचोर पंचायत से हटाकर रारो पंचायत में योगदान करने को लेकर बीडीओ के द्वारा पत्र जारी कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने बीडीओ से कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अपनी बात को रखा। साथ ही उन्हें बताया कि किसकी शिकायत पर मुझे दूसरे पंचायत के लिए बदली कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड की कई पंचायतें आज भी अतिरिक्त प्रभार में संचालित हो रही हैं। लेकिन नए पंचायत सचिव को वहां न भेज कर मेरे पंचायत में भेज दिया गया है।

सुनील ने रारो पंचायत से जुड़े अपनी विवादित बातों को बीडीओ के पास प्रमुखता से रखा और कहा कि मुझे पुनः पचोर पंचायत या डंडई पंचायत के अलावा किसी भी पंचायत में भेज दिया जाय। उधर नरेश ठाकुर का पद स्थापना प्रखंड मुख्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जो पंचायत वर्षों से अतिरिक्त प्रभार में चल रही है वहां नए पंचायत सचिव को न भेज कर वैसी पंचायत में भेज दिया गया जहां विवाद रहित सुव्यवस्थित तरीके से पंचायत चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रखंड की सदर पंचायत पिछले कई वर्षों से अतिरिक्त प्रभार में चल रही है लेकिन वहां नए पंचायत सचिव को न भेज कर दूसरी पंचायत में भेज दिया गया। साथ ही कहा कि पंचायत को अतिरिक्त प्रभार में चलने से उसका खामियाजा हम सभी ग्रामीणों के साथ-साथ हजारों लाभुकों को भुगतना पड़ रहा है।

# सीआरपी को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड संसाधन केंद्र में शनिवार को सभी सात संकुल संसाधन केंद्रों से दो-दो संयोजिका और सभी सीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उदघाटन प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे, संकुल साधन सेवी प्रशांत कुमार देव, संजय कुमार सिंह, शोभा कुमारी, शक्ति दास सिन्हा व सुबोध कुमार ने सुंयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी संयोजिका व सीआरपी को प्रधानमंत्री पोषण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने संयोजिका को उनके कर्तव्य व अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षक शक्तिदास सिन्हा ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक सीआरपी शोभा पांडेय ने कहा कि बच्चों को भोजन देते समय कौन सी सावधानी बरतना हैं, भंडारण कैसे करना है, एक से पांच वर्ग और 6 से 8 वर्ग तक के बच्चों के लिए चावल, दाल, सब्जी, तेल नमक आदि का उपयोग कितना करना है, पंजी का संधारण करने व चावल भंडारण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में संयोजिका द्वारा भी अनुभव साझा किया गया। प्रशिक्षण में सभी संयोजिका सहित सीआरपी अजय कुमार, बिरेंद्र प्रजापति, सुबोध कुमार, संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, बीआरपी प्रकाशसिंह उपस्थित थे।

## एक नजर इधर भी

# बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावत जिसकी लाठी उसी की भैंस सटीक नजर आई

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश भारत में पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया व्यवस्था एक बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज भारतीय संविधान के अनुसार चलती है और पूरे कानून नियम विनियम अधिनियम प्रक्रिया सबका बेस भी संविधान ही होता है। यदि किन्हीं कानून में कोई धारा या नियम इस दस्तावेज के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करता है तो अनेक पिटीशन न्यायालय के द्वारा तक आ जाती है, जिसका अधिकार भी संविधान नें ही दिया है जो सबसे बड़ी खूबसूरती है। दूसरी ओर सोने पर सुहागा यह है कि यही कानून नियम विनियमन अधिनियम लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर राज्यसभा और लोकसभा में उच्च और निम्न सदन में ही पारित किये जाते हैं जो बेहद पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाता है। परंतु कई वर्षों से जनता देख रही है कि जैसे-जैसे सरकारें और परिस्थितियां बदलती रहती है वैसे-वैसे इन कानून में संशोधन भी किया जाता है और उसकी प्रक्रिया सांसद के दोनों सदनों में ही पास करते हैं, जो संख्या बल का गेम होता है। यानें जिस पार्टी का दोनों सदनों में संख्या बल अधिक होगा वह उन संशोधनों विधेयको नियमों विनियमों को पारित कर कानून बना देते हैं, जो सारे देश के लिए बाध्य हो जाते हैं। ठीक उसी तरह संविधान में संशोधन भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा है जिसे उचित एक तिहाई, दो तिहाई इत्यादि नियमों से पारित किया जाता है जो संख्या बल का ही गेम होता है, मेरा मानना है कि इसी संख्या बल और अधिकार, पावर के आधार पर ही हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कहावत कही गई है जिसकी लाठी उसी की भैंस! जिसका सटीक उदाहरण अभी कुछ माह पूर्ण सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक फैसले के बाद नया अध्यादेश लाया गया और विपक्ष की जबरदस्त घेराबंदी एकता के बावजूद यह बिल दोनों सदनों में पारित होकर कानून बन गया। यानें सुप्रीम कोर्ट के दिये गये फैसले के बाद भी एक तरह से उस फैसले को पलट कर एक नया कानून बन गया है, जिसे अब दिनांक 25 अगस्त 2023 को माननीय उच्चतम न्यायालय में पेंडिंग विधायक को चुनौती देने वाली याचिका में संशोधन कर अब कानून के खिलाफ चुनौती करने संशोधन की अनुमति कोर्ट ने दे दी है,क्योंकि केंद्र सरकार ने इस पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी। बता दें कि पहले विधेयक को चुनौती दी गई थी अब उसका कानून बनने पर संशोधन कर कानून को चुनौती दी जायेगी। चूंकि संशोधन को उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुमति दी गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावत जिसकी लाठी उसी की भैंस सटीक नजरआई, संसद में बिल से कानून बनने पर हुई लड़ाई, कानून बनने पर बात अब न्यायालय तक आई। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावत जिसकी लाठी उसी की भैंस के सटीक नजर आने की करें तो,11 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की संविधान पीठ ने अफसरों पर कंट्रोल का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था। साथ ही कहा कि उपराज्यपाल सरकार की सलाह पर ही काम करेंगे, लेकिन एक हफ्ते बाद 19 मई को केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर इस फैसले को बदल दिया और ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार राज्यपाल को दे दिया। विपक्ष के अनुसार विधायी शक्ति का दुरुपयोग और संघवाद के खिलाफ 20 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली अध्यादेश 2023 पर सवाल उठाते हुए कहा था कि यह केंद्र को राज्य की नौकरशाही पर नियंत्रित स्थापित करने का मौका देता है। संसद में विपक्षी दलों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रस्तावित कानून के माध्यम से बदलना गलत है। विपक्ष के अनुसार यह विधायिका की शक्ति के दुरुपयोग के साथ संघवाद के खिलाफ है। इस अध्यादेश को 6 महीने के अंदर संसद के दोनों सदनों से पारित कराना जरूरी था, हालांकि इस बिल की तुलना 19 मई के अध्यादेश से करें तो केंद्र सरकार ने इसमें कई अहम बदलाव किये हैं। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह विधेयक कानून बन गया है।

■ किशन भावनानी गोंदिया

# राखी है आदर्शों का हिमालय संकल्पों का सोपान

**भारत** धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों का देश है, यहां के हर त्योहार का अपना एक मकसद और रंग होता है, जो विभिन्न धर्मों, समाजों एवं लोगों को करीब ले आता है। रक्षा-बंधन भी ऐसा ही अनूठा सांस्कृतिक पर्व है। राखी के धागें बहन के पवित्र प्रेम और रक्षा की डोरी भर नहीं है, बल्कि यह धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता एवं एकसूत्रता का अमोघ साधन है। राखी का त्योहार महिलाओं को समानता एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिये संकल्पित होने का अवसर प्रदान करता है। क्योंकि अगर नजर उठाकर देखें, तो कठिनाइयों और चुनौतियों से भरे क्षेत्रों में महिलाएं अब अपनी अद्भुत कार्यशैली से चमत्कृत बुलंदियां छू रही हैं। चाहे सेना हो या पहलवानी के अखाड़े, हर जगह समूची दुनिया उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करती है। बंधनों, उत्पीड़न एवं उपेक्षा से नारी को मुक्ति दिलाने की प्रेरणा राखी के धागों में गूंथी हुई है। रक्षाबंधन स्नेह का वह अमूल्य बंधन है, जिसका बदला धन तो क्या सर्वस्व देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है, वही लगातार असुरक्षा एवं अस्मिता के लिये जूझती नारी को एक आश्वासन है उसकी रक्षा का। राखी के जरिये बहनें भाई की सलामती की दुआ मांगती हैं तो भाई ताउम्र बहन की हिफाजत का बीड़ा उठाते हैं, फिर चाहे रिश्ता खून का हो या सिर्फ कच्चे धागे का या फिर मानवीय संबंधों का। निश्चित ही नारी अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़ा राखी का त्योहार आदर्शों का हिमालय है और संकल्पों का सोपान है। रक्षाबंधन प्यार के धागों का एक ऐसा पर्व है जो घर-घर ही नहीं, समाज एवं राष्ट्र में मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के हाथ में राखी बांधने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है- तब से अब तक नारी सम्मान एवं सुरक्षा पर केन्द्रित यह विलक्षण पर्व है। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बँधे होते हैं जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं। यह पर्व आत्मीयता और स्नेह के बन्धन से रिश्तों को मजबूती प्रदान करने का पर्व है। रक्षा बंधन मानवीय भावों का बंधन है। यह प्रेम, त्याग और कर्तव्य का बन्धन है। इस बंधन में एक बार भी बंध जाने पर इसे तोड़ना बड़ा कठिन है। इन धागों में इतनी शक्ति है, जितनी लोहे की जंजीर में भी नहीं। राखी के इस अभूतपूर्व पर्व को समझने के लिए इसके ऐतिहासिक प्रसंगों को समझना बेहद जरूरी है वरना इस पर्व की रंगत अधूरी रह जायेगी। भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नजर आने लगे। भगवान इन्द्र घबरा कर बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया जिसके बाद इंद्र विजयी हुए। इस पर्व के अनेक

**राखी का त्योहार महिलाओं को समानता एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिये संकल्पित होने का अवसर प्रदान करता है। क्योंकि अगर नजर उठाकर देखें, तो कठिनाइयों और चुनौतियों से भरे क्षेत्रों में महिलाएं अब अपनी अद्भुत कार्यशैली से चमत्कृत बुलंदियां छू रही हैं। चाहे सेना हो या पहलवानी के अखाड़े, हर जगह समूची दुनिया उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करती है।**

इन दिनों



ललित गर्ग

ऐतिहासिक प्रसंग भी हैं। राजपूत जब लड़ाई पर जाते थे तब महिलाएँ उनको माथे पर कुमकुम तिलक लगाने के साथ-साथ हाथ में राखी भी बाँधती थी। मुगल काल के दौर में जब मुगल बादशाह हुमायूँ चितौड़ पर आक्रमण करने बढ़ा तो राणा सांगा की विधवा कर्मवती ने हुमायूँ को राखी भेजकर रक्षा वचन ले लिया। हुमायूँ ने इसे स्वीकार करके चितौड़ पर आक्रमण का ख्याल दिल से निकाल दिया और कालांतर में मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज निभाने के लिए चितौड़ की रक्षा हेतु बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती और मेवाड़ राज्य की रक्षा की। इसी तरह सिकंदर की पत्नी ने अपने पति के हिंदू शत्रु पुरू को राखी बांध कर अपना मुंहबोला भाई बनाया और युद्ध के समय सिकंदर को न मारने का वचन लिया। पुरू ने युद्ध के दौरान हाथ में बंधी राखी का और अपनी बहन को दिये हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकंदर को जीवदान दिया। सिकंदर ने भी पोरस के रक्षा-सूत्र की लाज रखते हुए और एक योद्धा की तरह व्यवहार करते हुए उसका राज्य वापस लौटा दिया। राखी एक धागा प्रेम का है, जो इस पर्व को एक लौकिक महत्व प्रदान करता है, यह धागा भाई-बहन के रिश्तों को और मजबूत करता है। जो सिर्फ प्यार और अपनेपन का संदेश ही नहीं देता बल्कि कर्तव्यों का भी बोध कराता है। राखी के धागे को देखकर हर भाई को अपनी बहन के प्रति कर्तव्यों का आभास होता है। राखी का त्योहार सावन महीने के अंतिम दिन मनाया जाता है। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब ज्येष्ठ पाण्डव युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूँ तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित श्रीकृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त है। जब श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। श्रीकृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। इस तरह राखी के दो धागों से भाई-बहन का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है। राखी के त्योहार का ज्यादा महत्व पहले उत्तर भारत में था। आज यह पूरे भारत में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे नारली पूर्णिमा के नाम से मनाया जाता है। लोग समुद्र में वरुण राजा को नारियल दान करते हैं। नारियल के तीन आंखों को भगवान शिव की तीन आंखें मानते हैं।

# किन मामलों में अनिवार्य है टैक्स ऑडिट?

**केंद्र** और राज्यों की सरकारें चाहे कितना भी दावा कर लें, लेकिन इस सत्य को नकारा नहीं जा सकता है कि अभी तक की तमाम कोशिशों के बावजूद कराधान की प्रक्रिया एक जटिल प्रक्रिया बनी हुई है। देश के अधिकांश लोगों को आमतौर पर ये पता ही नहीं होता है कि उन्हें किन-किन मामलों में टैक्स ऑडिट कराना है। कराधान की प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण कई बार टैक्स पेयर्स को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। इसलिए ये जानना जरूरी है कि किन-किन मामलों में टैक्स ऑडिट कराना अनिवार्य है। 1. केंद्र सरकार ने करदाताओं की कुछ श्रेणियों के लिए धारा 44एबी में अनिवार्य टैक्स ऑडिट (कर लेखा परीक्षा) का प्रावधान किया है। जैसा कि आमतौर पर ज्ञात है, कंपनी अधिनियम के अनुसार सभी कंपनियों को वैधानिक ऑडिट कराना आवश्यक है। फिर भी, ऐसी कंपनियों को टैक्स ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त करनी जरूरी है यदि उनका टर्नओवर या सकल प्राप्तियां निर्धारित सीमा से अधिक है। धारा 44एबी के तहत टैक्स ऑडिट की अवधारणा को शुरू करने का मूल उद्देश्य कर निर्धारण अधिकारी (एओ) के बोझ को कम करना है, क्योंकि ऑडिटरों को विभिन्न खर्चों या लिए गये ऋणों या वापस किये गये ऋणों के संबंध में निर्धारित किये गये उल्लंघनों, रिश्तेदारों आदि को भुगतान या अन्य भुगतान जो आयकर अधिनियम के अनुसार स्वीकार्य नहीं हैं, उनका उल्लेख करना जरूरी है। 2. ऐसे मामले जिनमें अनिवार्य कर ऑडिट की आवश्यकता होती है। खातों के अनिवार्य टैक्स ऑडिट की आवश्यकता निम्नलिखित मामलों में आवश्यक है - यदि व्यवसाय में कुल बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्तियां पिछले वर्ष में 1 करोड़ रुपये से अधिक है। यदि पिछले वर्ष के दौरान बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्तियों के लिए प्राप्त राशि सहित प्राप्त सभी राशियों का कुल योग, नकद में, उक्त राशि के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है; और पिछले वर्ष के दौरान नकद में व्यय की गई राशि सहित किये गये सभी भुगतानों का कुल योग उक्त भुगतान के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है, तो कर निर्धारण वर्ष 2021-22 से, यदि बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्ति 10 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है तो किसी कर लेखा परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी पेशे की सकल

**देश के अधिकांश लोगों को आमतौर पर ये पता ही नहीं होता है कि उन्हें किन-किन मामलों में टैक्स ऑडिट कराना है। कराधान की प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण कई बार टैक्स पेयर्स को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। इसलिए ये जानना जरूरी है कि किन-किन मामलों में टैक्स ऑडिट कराना अनिवार्य है।**

प्राप्तियां किसी भी पिछले वर्ष में 50 लाख रुपये से अधिक है ; जहां कोई व्यक्ति ऐसा व्यवसाय कर रहा है, जिसके लाभ को धारा 44 एडी, 44 एई, 44 बीबी या 44 बीबीबी के तहत आय माना जाता है, लेकिन वह दावा करता है कि उसकी आय उपरोक्त धाराओं के तहत मानी गई राशि से कम है। (इसका मतलब है कि व्यवसाय में लगे लोग, परिवहन संचालक, गैर-निवासी जो खनिज तेलों के पूर्वेक्षण या निष्कर्षण या उत्पादन में उपयोग किये जाने वाले या उपयोग किये जाने वाले संयंत्र और मशीनरी के संबंध में सेवाएं या सुविधाएं प्रदान करने या किराये पर आपूर्ति करने के व्यवसाय में लगे हुए हैं, केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित टर्नकी बिजली परियोजना के संबंध में सिविल निर्माण या संयंत्र या मशीनरी के निर्माण या परीक्षण या कमीशनिंग के व्यवसाय में लगी विदेशी कंपनी, उपरोक्त धाराओं के तहत समझी गई आय से कम आय घोषित करने के लिए धारा 44एबी के तहत टैक्स ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त करना आवश्यक है। जैसा भी मामला हो, धारा 44 एडी, 44 एडीए, 44 एई, 44 एएफ, 44 बीबी या 44 बीबीबी के तहत अनुमानित आय घोषित करने वाले करदाताओं को टैक्स ऑडिट से छूट दी गई है, बशर्ते वे उक्त धाराओं के तहत निर्धारित आय घोषित करें। किसी ऐसे व्यवसाय में लगा हुआ करदाता, जिसका टर्नओवर या सकल प्राप्ति निर्दिष्ट राशि से अधिक न हो, कर निर्धारण वर्ष 2017-18 से रुपये 2 करोड़ और धारा 44 एडी के तहत अनुमानित आय योजना के अनुसार आय घोषित करने पर भी टैक्स ऑडिट से छूट दी जायेगी। हालांकि, यदि ऐसे निर्धारिती का दावा है कि ऐसे व्यवसाय से उसकी आय, ऐसी सकल प्राप्ति या टर्नओवर की निर्दिष्ट राशि 8 प्रतिशत या 6 प्रतिशत से कम है, जैसा भी मामला हो और उसकी आय छूट सीमा से अधिक है, तो खातों की आवश्यकता होती है और धारा 44 एबी के तहत ऑडिट भी आवश्यक है। इसके अलावा अनिवार्य टैक्स ऑडिट के प्रावधान कुछ गतिविधियों से आय प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के मामले में लागू नहीं होते हैं, जैसे कि शिपिंग व्यवसाय, गैर-निवासियों के मामले में विमान संचालन आदि, जैसा कि धारा 44 बी और 44 बीबीए में संदर्भित है।

■ नारायण जैन

## है न विचित्र बात !

# अभिमान : पत्नी की सफलता से उलझते दांपत्य जीवन

***1973*** यानी आज से 50 वर्ष पूर्व का वह वर्ष आज के महानायक अमिताभ बच्चन के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा। 1971 में आनंद फिल्म से वे राजेश खन्ना के साथ एक साझी सफलता का हल्का स्वाद चख चुके थे लेकिन अकेले अपने दम पर उनकी कालजयी एंग्री यंगमैन की छवि इसी वर्ष आई फिल्म जंजीर की सफलता से बनी। इस वर्ष आई उनकी अन्य फिल्मों में दूसरी सबसे सफल रही फिल्म थी-अभिमान। इसमें उन्होंने एक ऐसे गायक की भूमिका निभाई जो अपनी पत्नी की सफलता से त्रस्त होकर उससे ही ईर्ष्या करने लगता है। ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और जया भादुड़ी के सजीव अभिनय और सचिन देव बर्मन के सुपर संगीत ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। परिवार केंद्रित, गंभीर भावनात्मक फिल्म बनाने वाले ऋषि दा की यह फिल्म इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसमें पति-पत्नी के बीच पत्नी की सफलता से उपजे तनाव और असुरक्षा के भाव को बहुत बारीकी और सटीकता से तो प्रस्तुत किया ही गया था बल्कि स्त्री स्वाभिमान( पति का घर छोड़ना और उसके माफी मांगने और स्वयं लेने आने पर ही साथ जाने) की एक प्रखर झलक भी इसमें थी। हालांकि आज के महिलावादी उसे एक पत्नी के पारंपरिक त्याग वाले स्वरूप को बढ़ावा देती फिल्म कहकर नाक भौं सिकोड़ सकते हैं। फिल्म की कहानी के अनुसार सुबीर (अमिताभ) एक सफल गायक है (ऋषि दा ने कुछ ही समय के मोंटाज से यह काम बखूबी किया था) और चित्रा ( बिंदु ) से प्यार करता है हालांकि उसके मित्र और उसका काम देख रहे चंद्रू ( असरानी ) को यह पसंद नहीं है। इस बीच अपने गांव की यात्रा में वह अपनी मौसी (दुर्गा खोटे ) से मिलने जाता है जहां वह उमा (जया) का गीत सुनता है जोकि पुजारी और संगीत गुरु एके हंगल की पुत्री है। उसका गायन सुबीर को इतना प्रभावित करता है कि वह शीघ्र ही उमा से विवाह करके ही शहर लौटता है। रिसेप्सन पार्टी में एक अन्य संगीतज्ञ (डेविड) अमिताभ-जया को एक साथ गाने को कहते हैं और अपने गायन की श्रेष्ठता से सबसे ज्यादा शाबाशी जया ही पाती है। फिर यहां से जया यानी उमा की सफलता की कहानी शुरू होती है। ( इसे भी ऋषि दा ने एक मोंटाज से बखूबी चित्रित किया है) इस सफलता से अमिताभ के अहंकार को कैसे ठेस लगती है इसको भी जिन दो यादगार दृश्यों से, एक जिसमें फोटोग्राफर उनको जया से अलग हटाकर फोटो खींचता है और दूसरा वह जिसमें उनका ऑटोग्राफ ले रही प्रशंसिकाएं जया के आने पर उन्हें छोड़ जया की तरफ भाग पड़ती हैं से ऋषि दा ने चित्रित किया है वह बेमिसाल है। अचानक परिदृश्य बदल जाता है। निराशा के इस दौर में वह अपनी प्रेमिका बिंदु की तरफ पुनः आकर्षित होता है। एक रात जया वहां पहुंच जाती है और शराब में धुत अमिताभ के व्यवहार से आहत होकर अपने गांव वापस चली जाती है। वहां गर्भपात से बच्चे को खोकर उसकी स्थिति असामान्य हो जाती है। अंत में अपनी गलती का एहसास कर अमिताभ उसे वापस लेने लाते हैं और एक संगीत सभा में दोनों एक साथ गाना गाकर फिल्म का सुखद अंत करते हैं। पति-पत्नी के बीच पत्नी की सफलता से उपजे तनाव की इस कहानी को लेकर कई अनुमान लगाये जाते हैं कि यह कहानी अमिताभ-जया की थी ( जया सफलता के शिखर पर थी और अमिताभ अपनी पहचान बना रहे थे) या फिर किशोर कुमार और उनकी पहली पत्नी रूमा की थी, रविशंकर और उनकी पहली पत्नी अन्नपूर्णा की थी, गुरुदत्त या गीता दत्त की या स्वयं ऋषिकेश मुखर्जी की...। कहानी की सच्चाई जो भी रही हो फिल्म ऋषि दा की शैली, अमिताभ-जया के जीवंत अभिनय और सचिन देव बर्मन के संगीत, लता मंगेशकर ,किशोर कुमार, मोहम्मद रफी की यादगार आवाजों के लिए हमेशा याद की जायेगी । फिल्म में एक से एक मधुर सात गीत थे। लता के एकल गीत थे-अब तो है तुमसे हर खुशी अपनी, नदिया किनारे और पिया बिना पिया बिना।

■ अजय कुमार शर्मा

# चंद्रयान भारत के कीर्तिमान का नया गान

***भारत*** में उत्सव का माहौल है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कामयाबी का नया गीत लिखा है। भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान उतारने वाला पहला देश बन गया है। अभी पिछले सप्ताह रूस का लूना 25 असफल होकर गिर गया था। भारत ने उसी स्थान पर चन्द्रयान उतारने की सफलता पाई है। ये बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय प्रसन्नता के अनेक अवसर आते जाते रहते हैं। वैसे भी भारत उत्सव प्रिय राष्ट्र है। लेकिन जैसा राष्ट्रीय उल्लास चन्द्रयान की सफलता को लेकर प्रत्यक्ष हुआ है वैसा किसी अन्य अवसर को लेकर प्रायः नहीं हुआ। भारतीय राष्ट्रभाव मुद मोद प्रमोद के साथ प्रकट हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये और खुशी की बात है कि चन्द्रयान की तरह सूर्य अभियान की घोषणा भी हो गई है। इसरो सूर्य को लेकर 'आदित्य एल 1' मिशन लांच करने जा रहा है। बताया गया है कि शुक्र भी इसरो के लक्ष्यों में सम्मिलित है। भारत आनंदमगन है। सारी दुनिया भारत की ओर देख रही है। दर्शन और अनूठी संस्कृति के लिए विश्वविख्यात भारत अंतरिक्ष विज्ञान में भी पंख फैला कर उड़ रहा है। अंतरिक्ष की हलचल भारत में हजारों वर्ष पहले से पूर्वजों की जिज्ञासा रही है। वैदिककाल में भी सूर्य, पृथ्वी, सोम, मंगल, बुद्ध, बृहस्पति, शुक्र और शनि जैसे ग्रह वैदिक ऋषियों की जिज्ञासा रहे हैं। इनकी गति के विज्ञान से ही ज्योतिर्विज्ञान का विकास हुआ। भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। वे प्रतिष्ठित वैदिक देवता हैं। सूर्य संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, 'जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है।' सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, 'मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है।' गीता (8-24) में कहते हैं, 'अग्नि ज्योति के प्रकाश में शुक्ल पक्ष सूर्य के उत्तरायण रहने वाले 6 माहों में शरीर त्याग कर ब्रह्म को प्राप्त करते हैं।' उत्तरायण शुभ काल है। ऋग्वेद से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं, 'आदित्य ही प्राण हैं।' छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, 'जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।' सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण /ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। उनका ईंधन अक्षय है। इसरो के प्रस्तावित सूर्य अभियान से इस तरह के तमाम रहस्यों का अनावरण संभावित है। सूर्य अजर अमर हैं। सभी प्राणी सूर्य पर निर्भर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आह्वान करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे इन्द्र से संरक्षण, मरुतों से समृद्धि की कामना करते हैं और अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं। सूक्त का अंतिम मंत्र बड़ा प्यारा है। ऋषि कहते हैं, 'सविता पश्चातात सविता-सविता पीछे हैं।' फिर कहते हैं,'पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीघार्यु भी दें।' सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। सूर्य अभिभावक हैं। वे पृथ्वी पर रहने वाली अपनी संतति, प्राणी, नदियों, समुद्र और वनस्पतियों का कुशलक्षेम जानने के लिए प्रतिदिन उदित होते हैं। वे रथ पर चलते चित्रित हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। ऋषि सूर्य के रथ का सुन्दर वर्णन करते हैं, 'सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।' आगे सात शब्द का दोहराव है, 'सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें।' वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। इसके बाद ऋषि जिज्ञासा है, 'इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।' ऋषि की वैज्ञानिक जिज्ञासा है। वे सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, 'यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं।' ऋषि विनम्रतापूर्वक जानकारी की सीमा बताते हैं, 'मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं।' अंत में कहते हैं, 'बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।' सूर्य के प्रति भारतीय चिंतन में अतिरिक्त श्रद्धा है। सूर्य संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, 'मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।' ऋग्वेद के एक मंत्र में मृत व्यक्ति से कहते हैं, 'अब तुम्हारी आंखें सूर्य से जा मिलें'। आंखों की ज्योति सूर्य की अनुकम्पा है। इसी तरह प्राणों के बारे में कहते हैं-अब तुम्हारे प्राण वायु में जा मिलें। वैदिक देव परिवार में सूर्य महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद में सविता की स्तुति में 11 सूक्त हैं। 170 से ज्यादा स्थलों पर सविता का उल्लेख है। सूर्य देवता के लिए अलग से 10 सूक्त हैं। सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने 'वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप' में लिखा है कि 'सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को गति, प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता कहते हैं।' विश्वविख्यात गायत्री मंत्र में भी सूर्य सविता की स्तुति है। ऋग्वेद (3-62-10) के अनुवाद में सातवलेकर कहते हैं, 'हम सविता देव के उस श्रेष्ठ वरण करने योग्य तेज का ध्यान करते हैं। वे सविता हमारी बुद्धियों को उत्तम मार्ग के लिए प्रेरित करें-**तत्स वितुवरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात।**' सविता का तेज वरण करने योग्य है। सूर्य का तेज बुद्धि का प्रेरक है। **(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

**अभी पिछले सप्ताह रूस का लूना 25 असफल होकर गिर गया था। भारत ने उसी स्थान पर चन्द्रयान उतारने की सफलता पाई है। ये बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय प्रसन्नता के अनेक अवसर आते जाते रहते हैं। वैसे भी भारत उत्सव प्रिय राष्ट्र है। लेकिन जैसा राष्ट्रीय उल्लास चन्द्रयान की सफलता को लेकर प्रत्यक्ष हुआ है वैसा किसी अन्य अवसर को लेकर प्रायः नहीं हुआ। भारतीय राष्ट्रभाव मुद मोद प्रमोद के साथ प्रकट हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह एक बड़ी उपलब्धि है।**

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### दो ट्रेलर में हुई जोरदार टक्कर, चालक की मौत

**कोरबा/हरदीबाजार।** दीपका थाना अंतर्गत हरदीबाजार दीपका बाईपास मार्ग पर शनिवार को खदान के समीप खड़े ट्रेलर के पिछले हिस्से में दूसरा ट्रेलर जा घुसा, जिससे दूसरे ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक बुरी तरह से केबिन फंस गया था, जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से काट कर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार सीजी 12 एस 6210 एमआरबीएल कोरबा कंपनी का ट्रेलर लेकर चालक सुखसागर कश्यप पिता कांशीराम कश्यप उम्र 35 वर्ष जो हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम कसियाडीह निवासी है। रोज की तरह अपनी गाड़ी से कोयला लोड लेकर हरदीबाजार बलौदा की ओर जा रहा था। सराईसिंगार माइनिंग बेरियर के पास सिप्टचेंज करता और उसका ड्यूटी पूरी होती। इसी बीच दीपका खदान के समीप सीजी 12 ए एल 1056 का दीपका की एसीबी कंपनी का अशोक निलेण्ड गाड़ी ब्रेकडाउन खड़ा था। वहीं पर सामने से एक दूसरी खाली टेलर आ रही थी, जिससे बचने व साईड देने के चक्कर में सुखसागर कश्यप अपने गाड़ी को साईड करते हुए ब्रेकडाउन गाड़ी के पिछला हिस्सा डाला में जा घुसा। चालक सुखसागर कश्यप का घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जो पूरी तरह से अपने ही ट्रेलर के केबिन में फंसा गया, जिसे गैस कटर के माध्यम से काट कर निकाला गया। घटना सुबह 7 बजे हुई, दीपका थाना पुलिस सूचना पाकर घटना स्थल पहुच गई थी जो घटना की जानकारी लेकर जांच कर रही है।

### भाई ने अपनी बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला, गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में एक परिवार के मुखिया ने अपने बेटों संग मिलकर किशोर बेटी को मौत के घाट उतार दिया। बेटी की मौत का कारण उसका गांव के किसी गैर-बिरादरी के युवक से फोन पर बात करना बताया जा रहा है। सराय अकिल के टिकरी मुजफ्फरपुर गांव में मन राखन सिंह अपने पत्नी बच्चों के साथ रहते हैं। उनकी एक बेटी प्रीति (15) व बेटा दीपू (13) है। मन राखन सिंह खेती किसानी कर गांव में बच्चों की परवरिश करते हैं। शुक्रवार की शाम घर के कमरे में भाई ने अपनी बड़ी बहन को किसी से फोन पर हंस-हंसकर बात करते देखा। वह गुस्से से इस कदर आग बबूला हो गया कि घर में रखी कुल्हाड़ी उठाकर बहन प्रीति पर पीछे से सिर व पीठ पर एक के बाद एक कई बार वार किया। इस घटना से प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चीख पुकार सुनकर मां बाप और परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में परिजनों ने अंतिम संस्कार की तैयारी करनी शुरू कर दी। हांलाकि मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्राचार्य और प्रोफेसर पर दंगा भड़काने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**पश्चिम चंपारण।** बगहा पुलिस जिला के सहायक पुलिस अधीक्षक दिवेश मिश्रा, पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार थानाध्यक्ष नदी थाना एवं साथ में सशस्त्र बल पर जानलेवा हमला, पत्थरबाजी और भीड़ को उकसाकर साम्प्रदायिक दंगा कराने के मामलें में बगहा के पंड़ित उमाशंकर तिवारी महिला कालेज के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार तिवारी एवं उनके छोटे भाई सह मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार तिवारी पर बगहा नगर थाना ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सत्रों के मुताबिक उक्त दोनों व्यक्ति पर पुलिस ने प्राथमिकी संख्या 599/23, दिनांक 22/8/23 में147, 1481, 149, 186, 188, 341, 323, 307, 120(इ) धारा लगायी है। कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक लगाये गये धारा के अनुसार दोनों व्यक्तियों को आर्थिक जुमार्ना के साथ-साथ, अलग-अलग 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

नेशनल स्पेस डे की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा

# चंद्रमा पर तिरंगा फहराना अभूतपूर्व



**एजेंसी। लखनऊ**

इसरो के कमांड सेंटर में चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों के साथ मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन बड़ी घोषणाओं पर मुख्यमंत्री योगी ने हर्ष जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 अगस्त को हर साल भारत नेशनल स्पेस डे मनाने, चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, उसे शिव-शक्ति पॉइंट और चांद पर चंद्रयान-2 के पद चिन्हों वाले पॉइंट का नाम 'तिरंगा' रखने की घोषणा की। प्रधानमंत्री की इन घोषणाओं पर मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस विषय पर एक के बाद एक कुल तीन पोस्ट किए और सभी पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए उनकी घोषणाओं को विश्व कल्याण के प्रति नए भारत का संकल्प करार दिया।

नेशनल स्पेस डे की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चंद्रमा पर 'तिरंगा फहराने' की अभूतपूर्व उपलब्धि की प्रेरणादायी स्मृति को देश वासियों के मन में सदैव जीवंत रखने के अब हर वर्ष 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए इस निर्णय से देश में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति एक रचनात्मक व प्रेरक वातावरण निर्मित होगा। प्रधानमंत्री का आभार।

अपने दूसरे सोशल मीडिया पोस्ट पर मुख्यमंत्री योगी ने चंद्रयान-2 के विषय में की गई घोषणा पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिह्न छोड़े हैं, उस प्वाइंट का 'तिरंगा' नामकरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विफलता से कभी भी न हारने का संदेश देशवासियों को दिया है। दृढ़ इच्छाशक्ति, जिजीविषा एवं सतत प्रयत्न का प्रतीक यह 'तिरंगा' प्वाइंट भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा। जय हिंद!

चंद्रयान-3 के लैंडर ने जिस स्थान पर लैंड किया है, उसका नामकरण भगवान शिव के नाम पर करने पर खुशी जाहिर करते हुए सीएम योगी ने कहा कि चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण करने वाले शिव के नाम में ही कल्याण की भावना अंतर्निहित है। जिस स्थान पर चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा है, उस प्वॉइंट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'शिवशक्ति' नामकरण 'विश्व कल्याण' के प्रति नए भारत के संकल्प को प्रकट करता है।

### विकास हत्याकांड के आरोपी चार पुत्र के साथ पिता गिरफ्तार

**बेगूसराय ।** बेगूसराय पुलिस ने सिंघौल सहायक थाना क्षेत्र के कैलाशपुर में 19 अगस्त की देर शाम पिकअप पार्किंग विवाद में हुए हत्या एवं गोलीबारी मामले का उद्भेदन कर दिया है। इस मामले में फरार सभी पांच आरोपियों को समस्तीपुर एवं खगड़िया से गिरफ्तार कर लिया गया है।

शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि 19 अगस्त को सिंघौल सहायक थाना के कैलाशपुर में पिकअप पार्किंग को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। जिसमें चन्द्रदेव उर्फ चमरू यादव, उसकी पत्नी एवं पुत्रों द्वारा गोली चलाया गया। जिससे बैजू यादव एवं उसका बेटा संजीव यादव घायल हो गया तथा भतीजा विकास यादव की मौत हो गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए सदर डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। एक आरोपी चमरू यादव की पत्नी विभा देवी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया है।

मप्रः चुनाव से पहले शिवराज मंत्रिमंडल का विस्तार

## राज्यपाल ने तीन नए मंत्रियों को दिलाई शपथ



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके पहले शिवराज सिंह चौहान सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। विधायक गौरीशंकर बिसेन, राजेंद्र शुक्ल और राहुल लोधी को शिवराज मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शनिवार सुबह राजभवन में हुए सादा समारोह में राज्य मंत्रि-मण्डल के नवनियुक्त तीनों मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें गौरीशंकर बिसेन और राजेंद्र शुक्ल को कैबिनेट मंत्री एवं राहुल सिंह लोधी को राज्य मंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित गरिमापूर्वक समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, जल संसाधन आयुष (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री रामकिशोर कांवरे, सांसद प्रदेश अध्यक्ष भाजपा वीडी शर्मा, विधायकगण एवं अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन किया। मंत्रिमंडल विस्तार से पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कैबिनेट में 31 सदस्य थे।

## बिहार में जमीन पर कांग्रेस कहीं नहीं दिखती : प्रशांत किशोर



**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

बिहार की राजनीति में अपनी पहचान बनाने में जुटे चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर प्रदेश में जन सुराज पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान मुजफ्फरपुर पहुंचे प्रशांत किशोर ने कहा कि मुझे जमीन पर न कहीं कांग्रेस दिखी न कांग्रेस का झंडा दिखा, न ही कोई कार्यकर्ता और न कार्यक्रम दिखा।

मुजफ्फरपुर में जब पत्रकारों ने छात्र नेता रहे कन्हैया कुमार को कांग्रेस में नई जिम्मेदारी देने के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि अब किसको कौन सी जिम्मेदारी कौन सा दल दे रहा है, ये तो दलों की अपनी समझ है। उन्होंने कहा कि राजद की जिम्मेदारी तेजस्वी यादव और जगदानंद सिंह पर है। अब ये पद उन्हें क्यों दिए ये तो राजद वाले बता सकते हैं। कांग्रेस वाले बता सकते हैं कि वह बिहार में क्या करना चाहती है?

उन्होंने आगे कहा कि जहां तक मेरा सवाल है तो मैं बिहार में हूं और इसी राज्य में पदयात्रा कर रहा हूं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, हमको बिहार में कांग्रेस कहीं गांव-देहात में नहीं दिखी। उन्होंने कहा कि मैं पिछले 11 महीने से पदयात्रा कर रहा हूं। मुझे न कहीं कांग्रेस दिखी, न कांग्रेस का झंडा दिखा, न ही कोई कार्यकर्ता दिखा, न ही कोई कार्यक्रम दिखा।

उन्होंने यह जरूर कहा कि इसके बावजूद कांग्रेस बहुत बड़ी पार्टी है अगर बिहार में कोई प्रयास कर रही है तो अच्छा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस वर्किंग कमिटी में बिहार के तीन नामों को शामिल किया है, जिसमें कन्हैया कुमार भी शामिल हैं।

## जेयू कांड : विश्वविद्यालय की आंतरिक रिपोर्ट में रैगिंग की वजह से मौत का दावा

**नौ और 10 अगस्त की रात वारदात के बाद विवि की आंतरिक जांच समिति बनाई गई थी।**





**एजेंसी। कोलकाता**

महानगर कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय में बांग्ला विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र स्वप्नदीप कुंडू की मौत के मामले में अब विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच रिपोर्ट भी रैगिंग की ओर संकेत कर रही है। इस रिपोर्ट में स्पष्ट बताया गया है कि रैगिंग की वजह से ही छात्र की मौत हुई है। इधर पुलिस ने इस पूरे मामले को हत्या का मामला मानकर नए सिरे से रिपोर्ट देने की तैयारी शुरू कर दी है। नौ और 10 अगस्त की रात वारदात के बाद विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच समिति बनाई गई थी। इसकी अंतरिम रिपोर्ट नवनियुक्त अस्थाई कुलपति बुद्धदेव साव को सौंपी गई है। इसमें साफ बताया गया है कि छात्र के साथ अमानवीय रैगिंग की गई है। इसके साथ ही हालात को संभालने में विश्वविद्यालय प्रबंधन की व्यर्थता का भी जिक्र किया गया है। आंतरिक रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है कि छात्र छत से कैसे गिरा यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है लेकिन रैगिंग में कई लोग शामिल रहे हैं। इनमें से अधिकतर पुलिस हिरासत में हैं। इसमें इस बात का भी संकेत दिया गया है कि अभी भी कई लोग ऐसे हैं जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

उल्लेखनीय है कि स्वप्नदीप कुंडू की मौत को लेकर कई दिल दहलाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। पता चला है कि उसके कपड़े उतार कर उसे निर्वस्त्र घुमाया गया था और अप्राकृतिक यौन संबंध भी बनाए गए थे। इस सिलसिले में पूर्व छात्र सौरभ चौधरी सहित 13 लोगों को गिरफ्तार लिया जा चुका है।

## उत्तर प्रदेश में फर्जी नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों पर कसें शिकंजा: ब्रजेश पाठक

**मिशन निरामया की वजह से लोगों में जागरुकता बढ़ी है।**



**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी में फर्जी नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थानों के खिलाफ अभियान चलेगा। छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थान संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा विभाग को दिए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मिशन निरामया की वजह से लोगों में जागरुकता बढ़ी है। इसका गलत फायदा कुछ लोग उठाना चाह रहे हैं। कई जनपद के जिलाधिकारी फर्जी नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थानों के संचालन होने की शिकायत भी कर चुके हैं। ऐसे कॉलेजों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी को पंजीकृत वैध नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थान की सूची उपलब्ध कराई जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर मान्यता प्राप्त व अवैध संस्थानों की आसानी से पहचान की जा सके। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अवैध कॉलेजों के खिलाफ पहले भी अभियान चलाया जा चुका है। मानकविहीन कॉलेजों को बंद भी कराया जा चुका है। नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के साथ ही अवैध कॉलेज सक्रिय हो गए हैं।

जांच-पड़ताल के बाद अवैध कॉलेजों को सील किया जाये। संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये। छात्र-छात्राएं दाखिला लेने से पहले उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर मान्यता प्राप्त कॉलेजों की सूची देख सकते हैं। इसमें कोर्स व और कॉलेज की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है।

## सीएम बघेल ने लंबित देनदारियों को लेकर पीएम मोदी को लिखा पत्र

**राज्य की एजेन्सियों की लंबित देनदारियां लगभग छह हजार करोड़ रुपये की हो चुकी हैं।**



**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भारत सरकार द्वारा लंबित देनदारियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस पत्र में मुख्यमंत्री भूपेश ने लिखा है कि वर्तमान स्थिति में भारत सरकार/भारतीय खाद्य निगम के स्तर पर राज्य की एजेन्सियों की लंबित देनदारियां लगभग छह हजार करोड़ रुपये की हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि केंद्रीय पूल में राज्य सरकार की ओर से जमा चावल के बाद बचे शेष धान के निराकरण में भी राज्य सरकार को बड़ी हानि उठानी पड़ती है, जिसकी भरपाई भारत सरकार द्वारा नहीं की जाती है। इससे राज्य सरकार को अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ता है। मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध करते हुए इस पत्र में कहा है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे राज्य की एजेन्सियों की लम्बे समय से लम्बित समस्त देनदारियों की समय-सीमा निर्धारित कर निराकरण करें तथा राज्य के विधिक क्लेम की राशि शीघ्र राज्य सरकार को अन्तरित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

**उपलब्धि** | चंद्रयान-3 की तकनीक ने खोले प्रगति के द्वार

# जन्म लेंगी नई इंडस्ट्रीज, रोजगार भी बढ़ेंगे



**एजेंसी। कोलकाता**

धरती से करीब पौने चार लाख किलोमीटर दूर चांद पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के साथ भारत ने इतिहास रच दिया है। एक तरफ जहां इस अभियान की दुनिया भर के वैज्ञानिक और विकसित समुदाय के बीच हो रही है। वहीं, महज 615 करोड़ के मामूली खर्च पर इस महत्वाकांक्षी मिशन की सफलता भी भारत के कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है। कुछ दिग्गज नीति निर्धारक इस मिशन को गैरजरूरी और फिजूल खर्ची बता रहे हैं। जबकि हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता ने ना केवल भारत को अंतरिक्ष की दुनिया का सबसे बड़ा खिलाड़ी बनाया है। बल्कि इससे भविष्य में तकनीक के अभूतपूर्व संभावनाओं के द्वार भी खुले हैं।

जाने-माने विज्ञान लेखक विजय राज शर्मा बताते हैं कि चंद्रयान-3 मिशन ठीक उसी तरह से है जैसे हजारों साल पहले आदि मानवों ने पहाड़ों की खोह से निकल कर जिंदगी को दांव पर लगाते हुए नदियों व पहाड़ों को लांघने का साहस किया था। अगर ऐसा नहीं किया होता तो हम आज भी गुफाओं की ही खाक छान रहे होते। तब भी कुछ ऐसे लोग जरूर होंगे जो कह रहे होंगे कि गुफा के बाहर जाने की क्या जरूरत है? बाहर तो जान भी जा सकती है। लेकिन मानवता के हित में हमारे आदि पूर्वजों ने खोज धर्मिता को प्राथमिकता दी। यही मानवीय सभ्यता के विकास का रास्ता है।

विजय राज कहते हैं कि चांद पर खनिज और पानी की खोज कर रहे चंद्रयान की सफलता से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिमोट सेंसिंग, रिमोट नेविगेशन, रिमोट माइनिंग, डिजिटल कंट्रोल्ड ड्राइविंग, हिट शिल्डिंग जैसे अनेक क्षेत्रों में अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति के द्वार खुलेंगे। इससे नई इंडस्ट्री जन्म लेंगी और रोजगार बढ़ेंगे। यह दूरदृष्टि की चीज है। विज्ञान हमेशा छोटे अभियानों से शुरू होता है और उसकी सफलता भविष्य के गहन रहस्य से पर्दा हटाने का रास्ता खोलता है। उदाहरण देते हुए विजय कहते हैं, किसी बल्व को लगातार गर्म करते रहें, तो एक वक्त ऐसा आयेगा, जब बल्व अल्ट्रा-वायलट रोशनी फेंकने लगेगा, अर्थात ऊर्जा खर्च होगी लेकिन दृश्य प्रकाश हासिल नहीं होगा। 19वीं शताब्दी के अंत में इस समस्या पर काम करते हुए मैक्स प्लांक सिर्फ यह जानना चाहते थे किस तापमान पर बल्व द्वारा अधिकतम दृश्य प्रकाश हासिल किया जा सकता है और इस खोज के दौरान उन्हें ज्ञात हुआ कि प्रकाश ऊर्जा के पैकेट्स यानी क्वांटा में बंटा हुआ होता है। इस तरह एक लाइट बल्व की समस्या सुलझाते हुए मैक्स प्लांक ने उस क्वांटम विज्ञान की नींव रख दी जो आज हमारे आधुनिक विश्व में 99 फीसदी आविष्कारों के लिए सीधा उत्तरदायी है। उन्होंने कहा, हजारों उदाहरण हैं जो विज्ञान की दुनिया के इस चलन को साबित करते हैं कि एक तकनीक जन्म लेते समय बेशक गैरजरूरी लगे, पर समय के साथ वह तकनीक 100 आविष्कारों को जन्म देकर मानवता की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। अमेरिका के महत्वाकांक्षी अपोलो अभियान के बारे में बात करते हुए विजय राज कहते हैं कि अपोलो अभियान से पूर्व विश्व के सभी हवाई-जहाज वायर, केबल, पुल्ली और राड्स पर आधारित मेकेनिकल सिस्टम से उडाये जाते थे। अपोलो 11 में नासा ने पहली बार डिजिटल तकनीक पर आधारित फ्लाई बाई वायर सिस्टम को स्पेसशिप के कंट्रोल्स से जोड़ा और कुछ ही वर्षों में यह तकनीक विश्व के सभी विमानों में अपना ली गयी जिससे एक नयी इंडस्ट्री का जन्म भी हुआ और विमान उड़ाना सुगम और सुरक्षित भी हुआ। पिछली शताब्दी के साठवें दशक में अपोलो अभियानों ने नासा को सिर्फ स्पेस रेस ही नहीं जितवाई, बल्कि तब से लेकर अब तक अमेरिका में ब्रिथिंग अपारेटस, सोलर पावर, स्क्रैच रोधी ग्लास, कॉर्डलेस पावर, जल शुद्धीकरण आदि दो हजार से ज्यादा ऐसी खोजें हुईं, जिनकी तकनीक के तार मूल रूप से अपोलो अभियानों से जुड़े हुए थे। इन सभी खोजों की लिस्ट नासा की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस तरह से चंद्रयान-3 की तकनीक भी भविष्य में कई नई खोज और इंडस्ट्री को जन्म देने वाली है।

वर्तमान में विश्व के 27 देशों के साथ नासा 2025 तक चांद पर परमानेंट ह्यूमन स्टेशन बनाने के महत्वकांक्षी अभियान में जुटा है। इस अभियान के महत्त्व का अंदाजा आप इसी तरह लगा सकते हैं कि इस अभियान पर अमेरिका के आठ लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे।

विजय राज चांद पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग से भविष्य के अंतरिक्ष मिशन को जोड़ते हुए कहते हैं, इसरो का सबसे शक्तिशाली राकेट एलएमवी 3 लूनर ट्रान्सफर ऑर्बिट में चार हजार किलो वजन पहुंचाने की क्षमता रखता है।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 सितम्बर तक

**रायपुर।** शासकीय विभागों में तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई-अक्टूबर 2023 के लिए 01 से 30 सितम्बर 2023 के बीच आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर में कार्यालयीन समय में जमा कराया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथ पत्र अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर से शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार पूर्व प्रचलित एवं छायाप्रति आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण के लिए किया गया है उस सत्र के लिए मान्य होगा। कोष, लेखा एवं पेंशन संचालनालय के अनुसार केवल सचिवालय, वन विभाग के ऐसे स्टेनो जो केम्प क्लर्क के रूप में कार्य करते हैं।

# भारत का आईबीएसए विश्व खेलों के फाइनल में पाक से मुकाबला

**एजेंसी। बर्मिंघम**

भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर शुक्रवार को बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर यहां चल रहे इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स 2023 की दूसरी फाइनलिस्ट बन गई।



विश्व खेलों के सेमीफाइनल मैच में भारत ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में 144/6 रनों पर रोक दिया और फिर 18 गेंद शेष रहते 145/3 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

फाइनल में भारत शनिवार को पाकिस्तान से भिड़ेगा क्योंकि आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स क्रिकेट में अपने पहले शिखर मुकाबले का गवाह बनने के लिए तैयार है। पिछले सप्ताह जब दोनों टीमों ने अपना विश्व खेल अभियान शुरू किया था तब पाकिस्तान ने भारत को 18 रन से हराया था।

भारत अब चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से बदला लेने की कोशिश करेगा क्योंकि दोनों टीमें आईबीएसए विश्व खेलों में दूसरी बार आमने-सामने होंगी।

सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी रही और टीम ने पहले नौ ओवर में 62/2 रन बना लिए। भारतीय गेंदबाजों ने लाइन और लेंथ कड़ी रखी और बांग्लादेश के बल्लेबाजों को अपने हाथ खोलने नहीं दिए।

बांग्लादेश के लिए अच्छी बल्लेबाजी कर रहे आशिकुर रहमान 13वें ओवर में रन आउट हो गए, जिससे टीम का स्कोर 88/3 हो गया। इसके बाद एम आरिफ हुसैन और एस इस्लाम ने बांग्लादेश को संभाला और 56 रन की साझेदारी की। भारत ने बांग्लादेश को 150 रन का आंकड़ा पार नहीं करने दिया और आखिरी ओवर में तीन विकेट लेकर टाइगर्स को 144/6 पर रोक दिया।

145 रनों का पीछा करते हुए, भारत को शुरूआती झटका लगा क्योंकि मेन इन ब्लू ने तीसरे ओवर में पहला विकेट खो दिया, जब सिर्फ 17 रन बने थे। इसके बाद सुनील रमेश और नरेशभाई बालूभाई तुमदा ने 68 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

आधी दूरी तक भारत का स्कोर 90/2 था और अंतिम 10 ओवरों में 55 रन और चाहिए थे। एनबी तुम्दा और दुर्गा राव टोम्पाकी ने बांग्लादेश के गेंदबाजों की धुनाई की और भारत ने 17 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स के फाइनल में शनिवार को एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। इस बीच भारतीय महिला ब्लाइंड टीम ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है और खिताबी मुकाबला शनिवार को एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला जाएगा।

# दो साल में पहली बार यूएस ओपन खेलेंगे जोकोविच

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



नोवाक जोकोविच दो साल में पहली बार अमेरिकी ओपन खेलने पहुंच गए हैं और उनकी नजरें रिकॉर्ड 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब पर लगी होंगी। पिछले साल कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण उन्हें अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली थी। वह कैलिफोर्निया और फ्लोरिडा में भी टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। सोमवार से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के लिये यहां पहुंचने के बाद नोवाक जोकोविच ने कहा, मुझे गुस्सा नहीं आया था। पिछले साल अमेरिकी ओपन के दौरान मलाल जरूर हुआ था कि मैं यहां क्यो नहीं हूं। मुझे नहीं खेल पाने का दुख था। लेकिन अब मैं यहां हूं और बीती बातों के बारे में नहीं सोच रहा। मेरा फोकस इस टूर्नामेंट पर है। पिछली बार 2021 में वह अमेरिकी ओपन फाइनल में दानिल मेदवेदेव से हार गए थे। जोकोविच पुरुष टेनिस में सबसे ज्यादा 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीत चुके हैं लेकिन अगर वह यहां जीतते हैं तो ओपन युग में सबसे अधिक 24 खिताब जीतने वाली सेरेना विलियम्स को पीछे छोड़ देंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### गेंदबाज जोश टंग की जगह क्रिस जॉर्डन इंग्लिश टीम में शामिल



**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने टंग की जगह ऑलराउंडर क्रिस जॉर्डन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। 25 वर्षीय टंग को घरेलू गर्मियों में आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट खेलने के बाद पहली बार इंग्लैंड की सफेद गेंद टीम में शामिल किया गया था। । दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी गति और मूवमेंट से सभी को प्रभावित करते हुए दो टेस्ट मैचों में 10 विकेट लिए हैं।

### कोलोन ने जिम्नासिया को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया



**ब्यूनस आयर्स।** कोलोन ने पहले हाफ में दो गोल किए और जिम्नासिया पर 2-0 की घरेलू जीत के साथ अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन ग्रुप ए स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डेमियन बटालिनी के क्रॉस के बाद जॉर्ज बेनिटेज ने गोल किया और छह-यार्ड बॉक्स के अंदर अफरातफरी के बाद आधे घंटे से ठीक पहले टॉमस गैल्वन ने गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया।

### यूलिमर रोजस ने जीता लगातार चौथा विश्व खिताब




**बुडापेस्ट (हंगरी)।** वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजस ने यहां विश्व चैम्पियनशिप त्रिकूद स्पर्धा में शुक्रवार को अपने छठे और अंतिम प्रयास में 15.08 मीटर (49 फुट, 5 3/4 इंच) की कूद लगाकर लगातार चौथा विश्व खिताब जीत लिया। टोक्यो ओलंपिक में उनके स्वर्ण पदक को जोड़ा जाए तो वर्ष 2017 के बाद से उन्होंने प्रमुख पांच मुकाबलों में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है। रोजस ने कहा, मैंने शब्दों को तलाशने कोशिश नहीं की बल्कि उन सभी लम्हों के बारे में सोचा जहां मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था। यह बहुत मुश्किल था। तथ्य यह है कि अपने आखिरी प्रयास में प्रतियोगिता को जीतना इसे बहुत खास और यादगार बनाता है। इस स्पर्धा में यूक्रेन की मरीना बेख-रोमनचुक ने दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने देश के लिए बुडापेस्ट में पहला पदक जीता है। बेख-रोमनचुक की शुरूआती छलांग 15 मीटर(49 फुट 2 1/2 इंच) की थी जिससे वह मुकाबले में बढ़त में थी। क्यूबा की लियानिस पेरेज हर्नांडेज ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

## विश्व चैम्पियनशिप में पदक पक्का करने पर प्रणय ने कहा-

# मेरा दृढ़ संकल्प आखिरकार सफल हुआ

**एजेंसी। डेनमार्क।**



शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में दो बार के गत चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन पर शानदार जीत के बाद, भारत के एचएस प्रणय ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका दृढ़ संकल्प आखिरकार सफल हुआ और अब उनके पास विश्व पदक है।

मैच के बाद प्रणय ने कहा, ह्लआखिरकार मेरे पास विश्व पदक है। मैं अभी-अभी जोन से बाहर हुआ हूं, मेरे नियंत्रण में एकमात्र चीज मैं हूं। मैं वास्तव में किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रहा था, बस यह सोच रहा था कि अगले पाँच अंक लेने के लिए क्या करना चाहिए, लेकिन मुझे इस बात का एहसास नहीं था कि मेरे आसपास क्या हो रहा है। दूसरे गेम के बाद मैं काफी हद तक अपने क्षेत्र में था।" उन्होंने आगे बड़े टूनामेंटों में अपने खेल को नया करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा, ह्लमैं अपने खेल का विकास कर रहा हूं और जितना संभव हो उतने नए शॉट्स सीखने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अगले सप्ताह नए शॉट्स के साथ सामने आ सकता हूं।"

इस उल्लेखनीय जीत के साथ, प्रणय अंततः विश्व चैम्पियनशिप पदक अपने नाम कर लेंगे। पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद, प्रणय ने दूसरे सेट में शानदार वापसी की और अपने धैर्य और स्वभाव का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक्सेलसन को 13-21, 21-15, 21-16 से शिकस्त दी।

पीवी सिंधु, साइना नेहवाल, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन, बी साई प्रणीत और प्रकाश पादुकोण पहले विश्व चैम्पियनशिप के एकल स्पधाओं में जीत हासिल कर चुके हैं, प्रणय भी अब उनके साथ इस सूची में शामिल हो चुके हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, और ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा (महिला) ने भी 2011 में युगल वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

एक्सेलसन के खिलाफ प्रणय की जीत निश्चित रूप से फाइनल मुकाबले में थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ उनका मनोबल बढ़ाएगी।

# बाबर आजम मुझे काफी हद तक विराट की याद दिलाते हैं : टॉम मूडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने 50 ओवर के प्रारूप के खेल में आधुनिक समय के दो महान बल्लेबाजों विराट कोहली और बाबर आजम के बीच समानता पर चर्चा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कप्तान उन्हें करिश्माई भारतीय बल्लेबाज की बहुत याद दिलाते हैं। स्टार स्पोर्ट्स ने मूडी के हवाले से कहा, मुझे लगता है बिल्कुल वह है। वह मुझे काफी हद तक विराट कोहली की याद दिलाता है, जिस तरह से वह अपना काम करता है। वह प्रमाणिक क्रिकेट शॉट्स खेलते हैं। ऐसा लगता है कि वह खेल को बहुत अच्छे से समझते हैं, पढ़ते हैं, जो कोहली ने एक दशक से अधिक समय से किया है। वह एक अच्छे चेजर भी हैं जैसा कि विराट कोहली ने कई वर्षों में साबित किया है।" मोदी ने कहा, तो, दोनों के बीच बहुत समानता है और मैं यह कहने की हद तक नहीं जाऊंगा कि विराट का एशिया कप बाबर आजम से बेहतर होगा, लेकिन उन दोनों पर समान दबाव हो सकता है और यह देखना आनंददायक होगा। वे दोनों बल्लेबाजी करते हैं क्योंकि वे बॉक्स ऑफिस हैं।"

एशिया कप का आगामी संस्करण 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। भारत अपने एशिया कप ग्रुप ए अभियान की शुरूआत 2 सितंबर को कैंडी के पल्लेकेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। मूडी का मानना है कि कुछ समय तक पाकिस्तान के कप्तान रहने के कारण आजम की नेतृत्व क्षमता बढ़ी है, जिस पर वह एशिया कप के दौरान भरोसा कर सकते हैं। खैर, किसी भी एशियाई टीम में किसी भी कप्तान के लिए कप्तानी हमेशा बहुत चुनौतीपूर्ण होती है। ह्लमाइक्रोस्कोप हर एक कप्तान और हर एक चाल पर बहुत अधिक है और जब आप कोई कदम उठाते हैं तो अचानक आपके पास बहुत सारे विशेषज्ञ होते हैं जो शायद उस समय सही कदम नहीं होता है लेकिन मुझे लगता है कि वह अभी भी इससे निपट रहे हैं कप्तानी का दबाव बढ़ रहा है, इसका कोई सवाल ही नहीं है।

# अवनि प्रशांत ने एलईटी एक्सेस टूर खिताब जीता

**एजेंसी। हूर (स्वीडन)**



अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत यहां एशसेल फाइनल में ह्यबैक नाइन' होल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत इस साल यूरोप में खिताब अपने नाम करने वाली तीसरी भारतीय बन गयीं। अवनि ने शुक्रवार को अंतिम सात होल में चार बर्डी और एक ईगल लगाकर लेडीज यूरोपीय टूर एक्सेस सीरीज का खिताब जीता। किसी भारतीय महिला गोल्फर ने इस टूर्नामेंट में पहली बार खिताब जीता है। हालांकि अदिति अशोक और दीक्षा डागर इस सत्र के शुरू में मुख्य लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीत चुकी हैं।

अवनि (16 वर्ष) ने पहले दो दौर में 72 और 71 के कार्ड खेले थे जिससे वह 36 होल के बाद संयुक्त रूप से नौंवे स्थान पर चल रही थीं। अंतिम दौर में उनकी शुरूआती अच्छी नहीं रही, वह पहले और चौथे होल में बोगी कर बैठीं। पर उन्होंने 5वें और 8वें होल में बर्डी लगाकर इसकी भरपाई की। वह 11 होल के बाद इवन पार चल रही थीं जिससे शीर्ष 10 में उनका स्थान तय हो गया था। पर बैक नाइन पर शानदार प्रदर्शन करके वह पहले स्थान पर रहने में सफल रही जिसमें उन्होंने बर्डी और ईगल लगाए।

## वीरेंद्र सहवाग ने की भविष्यवाणी

# विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाएंगे रोहित शर्मा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भविष्यवाणी की है कि टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज होंगे। भारत 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। सहवाग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों के कारण भारतीय सलामी बल्लेबाजों के पास अगले एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका होगा। आईसीसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, सहवाग से यह अनुमान लगाने के लिए कहा गया कि 2023 विश्व कप में सबसे अधिक रन कौन बनाएगा। उन्होंने रोहित को चुना और कहा, भारत के पास अच्छे विकेट हैं, इसलिए मुझे लगता है कि सलामी बल्लेबाजों को अच्छे मौके मिलेंगे। अगर मैं किसी एक को चुनना चाहता हूं, तो मुझे लगता है कि वो रोहित शर्मा हैं। सहवाग ने भारतीय सलामी बल्लेबाज की प्रशंसा की और कहा कि विश्व कप में अक्सर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आया है। सहवाग ने कहा, ह्लजब विश्व कप आता है, तो उनकी ऊर्जा का स्तर, उनका प्रदर्शन बढ़ जाता है। इसलिए, मुझे यकीन है वह अच्छा करेगा और इस बार भी वह कप्तान हैं और मुझे यकीन है कि वह बदलाव लाएगा और खूब रन बनाएगा।'

# 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर वाईबीएनयू खेलो-जीतो प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




वाईबीएन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वाईबीएनयू खेलो-जीतो प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त 2023 को होना है। इसको लेकर वाईबीएनयू स्पोर्ट्स कमेटी की एक बैठक 21अगस्त 2023 को मीटिंग हॉल में हुई थी। एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर न इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वाईबीएनयू खेलो-जीतो प्रतियोगिता का आयोजन होना है। जिसके गतिविधियों की अनुसूची इस प्रकार है अतिथियों का स्वागत सुबह 10:15 बजे, लैम्पलाइटइनिंग 10:15-10:20 पूर्वाह्न, अतिथि द्वारा भाषण 10:20-10:30 पूर्वाह्न, फिट इंडिया प्रतिज्ञा प्रातः 10:30-10:40 बजे, खेल प्रतियोगिता (वॉलीबॉल/कबड्डी) 10:40-1:00 बजे, जलपान अवकाश 1:00-1:15 अपराह्न फाइनल मैच 1:15-2:00 अपराह्न, दोपहर के भोजन का अवकाश 2:00 बजे से 2:30 बजे तक,समापन समारोह मूल्य वितरण के साथ 2:30-3:30 अपराह्न, राष्ट्रगान 3:35 अपराह्न होना है। 21 अगस्त से 29 अगस्त, 2023 तक शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय खेल दिवस को हॉकी लीजेंड मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन मनाया जाएगा। इस संदर्भ में, छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्ल्यू), एनएसएस समन्वयक और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वाईबीएन विश्वविद्यालय के छात्रों को विभिन्न खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए कहा गया है।

## टूर्नामेंट | एशिया कप से पहले श्रीलंका को झटका

# गेंदबाज चमीरा हो सकते हैं बाहर

### हसरंगा का शुरूआती मैचों में खेलना संदिग्ध

**एजेंसी। कोलंबो**




एशिया कप 2023 से पहले श्रीलंकाई क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है, टीम के स्टार गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा और ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा का टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध लग रहा है। इसके अलावा कुसल परेरा और अविष्का फर्नांडो, जिनके एशिया कप टीम के लिए चुने जाने की सबसे अधिक संभावना थी, भी कोविड से संक्रमित हो गए हैं और वर्तमान में उनकी निगरानी की जा रही है। उनका खेलना इस बात पर निर्भर है कि वे कितनी जल्दी ठीक हो जाते हैं।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, टखने के ऑपरेशन से उबरने के दौरान, चमीरा को हाल ही में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। हालाँकि उन्होंने टूर्नामेंट के अभ्यास के दौरान लगी चोट के कारण वनडे विश्व कप क्वालीफायर में किसी भी आधिकारिक मैच में भाग नहीं लिया, उन्होंने आखिरी बार 7 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था, जिसमें 63 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

चमीरा के एशिया कप से बाहर होने की संभावना है, हालांकि बोर्ड इसकी पुष्टि के लिए आगे की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। जांघ में खिंचाव के कारण हसरंगा एलपीएल फाइनल में नहीं खेल पाए थे। हसरंगा के प्रबंधन का मानना है कि एशिया कप ग्रुप चरण में वह बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा, हसरंगा की उपलब्धता इस बात पर निर्भर करेगी कि अगर श्रीलंका ग्रुप चरण से आगे बढ़ता है तो वह अतिरिक्त चोटों के जोखिम के बिना भाग ले सकते हैं या नहीं।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में हसरंगा की वापसी सतर्क होगी क्योंकि श्रीलंका चाहता है कि वह विश्व कप के लिए उपलब्ध रहें। यह बात स्वस्थ होने पर श्रीलंका के तेज गेंदबाज चमीरा पर भी लागू होती है।

हसरंगा की चोट श्रीलंका की एशिया कप जीतने की संभावनाओं के लिए विशेष रूप से गंभीर झटका है। पूरे एलपीएल में बनाए गए रन और लिए गए विकेट दोनों के आंकड़ों में वह शीर्ष पर रहे।

2023 एशिया कप की संयुक्त मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका द्वारा की जाएगी, यह टूर्नामेंट 30 अगस्त से 17 सितंबर तक चलेगा। श्रीलंका अपने एशिया कप अभियान की शुरूआत 31 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।



# अमेजन बिजनेस का बिजनेस वैल्यू डेज 31 अगस्त तक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अमेजन बिजनेस 25 अगस्त से 31 अगस्त 2023 के बीच सभी बिजनेस ग्राहकों के लिए अपने प्रमुख ईवेंट, बिजनेस वैल्यू डेज का आयोजन करने जा रहा है। यह ईवेंट एंटरप्राइज ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगा, यहां वे स्मार्टवॉच, होम एवं किचन अप्लायंसेस, लैपटॉप, ऑफिस फर्नीचर, सिक्योरिटी कैमरे, स्मार्ट टीवी जैसे उत्पादों पर बेजोड़ डील्स और ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। एंटरप्राइज ग्राहक अपने प्रीपेड ऑर्डर पर 2500 रुपये या उससे अधिक के ऑर्डर पर 500 रुपये तक 10% कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। बिजनेस ग्राहक लैपटॉप और मॉनिटर पर 60% तक की छूट और स्मार्टवॉच पर 75% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही वे होम एवं किचन उपकरणों, डेकोर एवं फर्निशिंग उत्पादों और अन्य होम इंप्रूवमेंट उत्पादों पर 70% तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे स्मार्ट टीवी पर 65% तक की छूट और एसी तथा वॉशिंग मशीन पर 60% तक की छूट का भी लाभ उठा सकते हैं। इन लाभों के अलावा, एंटरप्राइज ग्राहक व्यावसायिक खरीदारी को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए मल्टी-यूजर अकाउंट, पे लेटर, बिल टू शिप और अप्रूवल जैसे अन्य खास फीचर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। बिजनेस वैल्यू डेज का लक्ष्य रोमांचक कीमतों पर टॉप कैटेगरी में 19 करोड़ से अधिक जीएसटी-सक्षम उत्पाद उपलब्ध कराते हुए सभी एंटरप्राइज ग्राहकों की मदद करना है। यह प्लेटफॉर्म 10 लाख से अधिक विक्रेताओं को सभी व्यवसायों के लिए थोक में उत्पाद बेचने का शानदार मौका देता है। मौजूदा अमेजन बिजनेस ग्राहक अपने बिजनेस अकाउंट में साइन इन कर इवेंट के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र को इस वर्ष 62 मिलियन डॉलर की मिली मदद



**एजेंसी। नई दिल्ली**
देश में स्पेसटेक क्षेत्र को इस साल अब तक 62 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है, जो पिछले साल की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म ट्रैक्सन की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्पेसटेक परिदृश्य में फंडिंग के मामले में सातवें स्थान पर है और इस क्षेत्र में अपना प्रभाव मजबूती से स्थापित कर रहा है। यह असाधारण विकास प्रवृत्ति आगामी महीनों में भी जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय स्पेसटेक क्षेत्र की यात्रा परिवर्तन में से एक रही है, जो 2020 में क्षेत्र के निजीकरण से प्रेरित है। 2010 और 2019 के बीच जुटाए गए 35 मिलियन डॉलर के मामूली फंड से, इस क्षेत्र ने 2020 में जबरदस्त छलांग लगाई और 28 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की। यह प्रवृत्ति तेजी से वृद्धि के साथ जारी रही, 2021 में 96 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई और 2022 में प्रभावशाली 112 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, पहले सरकारी भागीदारों का वर्चस्व था। इस क्षेत्र में निजीकरण के बाद निजी क्षेत्र की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। निजी संस्थाएं अब रॉकेट और उपग्रहों के अनुसंधान, विनिर्माण और निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो नवाचार के एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे रही हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक शक्तिशाली देश के रूप में भारत का उद्भव इसके प्रभावशाली उपग्रह परिनियोजन द्वारा और अधिक उजागर होता है। 381 उपग्रहों को निचली कक्षा में स्थापित करने के साथ, भारत ने खुद को इस क्षेत्र में एक प्रमुख देश के रूप में स्थापित किया है। विशेष रूप से, यूके स्थित वनवेब के लिए इसरो द्वारा कक्षा में 36 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण वैश्विक उपग्रह स्वामित्व में भारत के योगदान को दशार्ता है। सेटेलाइट निर्माण के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना की योजना भी पाइपलाइन में है। सेटेलाइट-आधारित इमेजिंग सॉल्यूशंस को भी पर्याप्त समर्थन मिला है, पिछले दो वर्षों में 84.2 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की गई है। पिक्सेल जैसी कंपनियों ने पृथ्वी अवलोकन के लिए अग्रणी तकनीकें पेश की हैं, जबकि ध्रुव स्पेस और बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस अपनी अनूठी पेशकशों के माध्यम से इस क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं।

# डीजीसीए ने की एयर इंडिया की खामियों की पहचान



**एजेंसी। नई दिल्ली**
नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के दो सदस्यों वाले एक जांच दल ने एयर इंडिया की आंतरिक सुरक्षा ऑडिट प्रक्रियाओं में कमियों की पहचान की है। जब खामियों के बारे में पूछताछ की गई, तो विमानन नियामक संस्था के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने कहा कि चल रही जांच के कारण, वे इसका खुलासा नहीं कर सकते। निगरानी टीम द्वारा की गई टिप्पणियों से कई गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। इन मामलों की जांच की जा रही है। डीजीसीए को सौंपी गई मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, ध्वजवाहक को केबिन निगरानी, कार्गो हैंडलिंग, रैंप संचालन और लोड प्रबंधन सहित विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में नियमित सुरक्षा स्पॉट जांच करने के लिए बाध्य किया गया था। लेकिन 13 सुरक्षा चौकियों के मूल्यांकन के दौरान, टीम ने सभी 13 घटनाओं के लिए गलत रिकॉर्ड का पता लगाया। सवालों के जवाब में, एयर इंडिया ने कहा कि फ्लैग कैरियर सहित सभी विमानन कंपनियां भारत और विदेश दोनों में नियामकों और अन्य निकायों द्वारा नियमित सुरक्षा ऑडिट के अधीन हैं। एयर इंडिया हमारी प्रक्रियाओं का लगातार आकलन करने और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से ऐसे ऑडिट में संलग्न रहती है। प्रवक्ता ने कहा, हम संबंधित प्राधिकारी के समक्ष उठाए गए किसी भी मामले को सीधे सुनते हैं।

# सरकार ने उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया



**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्र ने शुक्रवार देर रात तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया। सरकार ने कुछ दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि गैर-बासमती उबले चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने की कोई योजना नहीं है। यह निर्णय चावल की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है। उल?लेखनीय है कि जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 11 प्रतिशत और ओवरऑल खुदरा मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत हो गई थी। उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने के फैसले से विदेशी खरीदारों के लिए इसे खरीदना महंगा हो जाएगा, जिससे इसकी विदेशी बिक्री सीमित हो जाएगी और साथ ही इसकी घरेलू उपलब्धता भी बढ़ जाएगी। भारत ने 20 जुलाई को सफेद चावल का निर्यात रोक दिया था, जिससे खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के चावल मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई वैश्विक कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। उबली हुई किस्म के निर्यात पर ताजा अंकुश से वैश्विक कीमतों में और तेजी आने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा था कि महंगाई पर काबू पाना फिलहाल सरकार की प्राथमिकता है।

## एफपीआई ने अगस्त में 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** एफपीआई ने 26 अगस्त तक नकदी बाजार में 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। अगस्त की शुरूआत में शुरू हुई एफपीआई बिक्री जारी है। समेकित एनएसडीएल डेटा से पता चलता है कि हालांकि 26 अगस्त तक एफपीआई का निवेश 10,689 करोड़ रुपये है। लेकिन इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार और थोक सौदों के माध्यम से निवेश शामिल है, जो हाल ही में गति पकड़ रहा है। नकदी बाजार में एफपीआई ने 26 अगस्त तक 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 104 के आसपास मजबूती और यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.25 प्रतिशत के आसपास रहना भारत जैसे उभरते बाजारों में एफपीआई प्रवाह के लिए अल्पकालिक नकारात्मक है।

# हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन से तेजी संभव : टीवी नरेन्द्रन




**एजेंसी। नई दिल्ली**
टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने शनिवार को बी20 शिखर सम्मेलन में कहा कि हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हो रहा है, लेकिन इसकी गति मददगार नीतिगत ढांचे के माध्यम से बढ़ाई जा सकती है। जलवायु परिवर्तन के वित्तपोषण पर एक सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सहायक नीतिगत ढांचे यूरोपीय संघ में कार्बन सीमा समायोजन तंत्र जैसे कार्बन बाजार हो सकते हैं, और इसकी लागत तथा जटिलता को कम किए बिना कोयले से गैस और गैस से हाइड्रोजन में संक्रमण के लिए ढांचागत समर्थन हो सकता है।
नरेंद्रन ने कहा, इस यात्रा की लागत जटिलता महत्वपूर्ण होने वाली है। उद्योग लागत का कुछ हिस्सा वहन कर सकता है, लेकिन सरकारी समर्थन की आवश्यकता है। कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक ने कहा, ₹हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि ग्रह पृथ्वी की अस्तित्वगत व्यवहार्यता के जोखिम को व्यावसायिक व्यवहार्यता से एक कदम ऊपर रखना होगा। हालांकि बहुत अधिक ध्यान संक्रमण वित्तपोषण पर है, हम हमें इस बात पर विचार करना होगा कि क्या हमारे पास आर्थिक व्यवहार्यता बनाम अस्तित्वगत व्यवहार्यता के काम करने के लिए इंतजार करने का समय है। एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी, यूके के ग्रुप चेयरमैन मार्क टकर ने कहा, वित्तीय नवाचार के लिए, नवीन वस्तुओं और प्रणालियों के लिए टिकाऊ वित्त जुटाने की दिशा में बड़ी मात्रा में रचनात्मक सोच काम कर रही है। हमें शुरूआती चरणों में ही परियोजनाओं को जोखिम से मुक्त करने के लिए सरकारी समर्थन का उपयोग करने और समर्थन विकसित करने की आवश्यकता है।

## विदेश

# रूस ने वैगनर प्रमुख की मौत में शामिल होने से किया इनकार



**एजेंसी। मॉस्क**
रूस ने वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की मौत में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार किया है। क्रेमलिन ने पश्चिमी देशों के उस दावे का खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि रूसी भाड़े के समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन को पुतिन के आदेश पर मार दिया गया। क्रेमलिन ने परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता का हवाला देते हुए कहा, यह एक ₹सरासर झूठ₹ है। साथ ही प्रिगोझिन की मौत की निश्चित रूप से पुष्टि करने से इनकार कर दिया। रूस के विमानन प्राधिकरण ने कहा है कि वैगनर समूह के प्रमुख प्रिगोझिन एक निजी जेट पर सवार थे, जो बुधवार शाम मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कोई भी जीवित नहीं बचा।राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और प्रिगोझिन के बारे में बात की। प्रिगोझिन द्वारा सेना प्रमुखों के खिलाफ असफल विद्रोह का नेतृत्व करने के ठीक दो महीने बाद हुई घटना के बाद उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी। पुतिन ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए संकेत दिया कि प्रिगोझिन और वैगनर भाड़े के समूह में उनके शीर्ष सहयोगी दिमित्री उत्किन की मृत्यु हो गई। पुतिन ने प्रिगोझिन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ ₹गंभीर गलतियां₹ भी की थीं। पश्चिमी राजनेताओं और टिप्पणीकारों ने सबूत पेश किए बिना सुझाव दिया था कि पुतिन ने सेना के नेतृत्व के खिलाफ 23-34 जून को विद्रोह शुरू करने के लिए प्रिगोझिन को दंडित करने के रूप में उसे मारने का आदेश दिया था, क्योंकि यह 1999 में सत्ता में आने के बाद से पुतिन के अपने शासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यह आरोप और इसके जैसे कई अन्य आरोप झूठे हैं। पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा, अब इस विमान दुर्घटना और येवगेनी प्रिगोझिन सहित विमान के यात्रियों की दुखद मौतों को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। निःसंदेह, पश्चिम में यह सारी अटकलें एक सुविख्यात दृष्टिकोण के साथ पेश की जाती हैं। उन्होंने कहा, यह सब बिल्कुल झूठ है और यहां इस मुद्दे पर बात करते समय, अपने आप को तथ्यों पर आधारित करना आवश्यक है। अभी तक बहुत सारे तथ्य सामने नहीं आए हैं। उन्हें जांच कार्रवाई के दौरान प्रमाणित करने की आवश्यकता है। इससे पहले शुक्रवार को रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने एक विमान दुर्घटना में प्रिगोझिन के मारे जाने पर आश्चर्य व्यक्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को फटकार लगाई थी। उन्होंने बाइडन पर राजनयिक मानदंडों की अवहेलना करने का आरोप लगाया था। रूसी जांचकर्ताओं ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि क्या हुआ था, लेकिन अभी तक यह नहीं बताया है कि उन्हें क्या संदेह है कि विमान मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में आसमान से अचानक गिर गया था।

## ब्रिक्स प्लस यानी ब्रिक्स का बढ़ता वैश्विक दबदबा

**बीजिंग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में दुनिया की दूसरी और पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था के बीच संभावनाओं के नए दरवाजे खुलते दिख रहे हैं। इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह हाथ मिलाया है, उससे साफ है कि हाल की कुछ घटनाओं के बावजूद दोनों देश एक-दूसरे के साथ आने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। ब्रिक्स में असोसिएट सदस्यों के तौर पर कई अन्य देशों को जोड़ने के मसले पर चीन और भारत की सहमति से भी जाहिर है कि कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर दोनों देशों की राय एक ही है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के अनुसार आगामी एक जनवरी 2024 से ब्रिक्स के सदस्य देशों के रूप में मिस्र, इथियोपिया, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान और अजेर्टीना यानि कुल छह देश ब्रिक्स के नए स्थायी सदस्य देश बनने जा रहे हैं। माना जा रहा है।

## चीन का लक्ष्य नये चीन की स्थापना करना है : राष्ट्रपति

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति माटामेला सिरिल रामफोसा ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में चीन-अफ्रीका नेताओं की वार्ता की सह-अध्यक्षता की। शी चिनफिंग ने इसमें महत्वपूर्ण भाषण दिया। उन्होंने कहा, चीन का लक्ष्य इस सदी के मध्य तक नये चीन की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पर चीन को एक समृद्ध, मजबूत, लोकतांत्रिक, समुन्नत संस्कृति संपन्न, सामंजस्यपूर्ण और सुंदर आधुनिक समाजवादी देश बनाना है। चीनी शैली का आधुनिकीकरण पश्चिमी आधुनिकीकरण से भिन्न है। यह 1.4 अरब चीनी लोगों के एकसाथ समृद्ध होने की एक विशाल आबादी का आधुनिकीकरण है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का आधुनिकीकरण है, औपनिवेशिक लूट के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से प्राप्त आधुनिकीकरण है, भौतिक सभ्यता और आध्यात्मिक सभ्यता के साथ सामंजस्य में आधुनिकीकरण है।

**नाराजगी** पुतिन ने जी20 शिखर सम्मेलन से क्यों किया किनारा

# रूसी के इनकार में छिपा है भारत का हित



**एजेंसी। मॉस्को**
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत नहीं आ रहे हैं। पुतिन के कार्यालय क्रेमलिन ने इस बात की पुष्टि कर दी है। उनकी जगह पर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी पुतिन प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हुए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया था। पहले संभावना जताई जा रही थी कि पुतिन जी-20 में हिस्सा लेने भारत की यात्रा कर सकते हैं, क्योंकि उनके पहले से तय शेड्यूल में इसी को लेकर बदलाव किया गया था। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर पुतिन ने एन वक्त पर भारत आने से इनकार क्यों कर दिया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि पुतिन का व्यस्त कार्यक्रम है और उनका मुख्य ध्यान यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान पर है। इसलिए, सीधी यात्रा अभी एजेंडे में नहीं है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा भी नहीं की है। पुतिन अभी भी वर्चुअली भाग ले सकते हैं, लेकिन मॉस्को ने कहा कि इस पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। भारत ने जी-20 के सदस्यों के अलावा बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीसस, नाइजीरिया, नीदरलैंड, स्पेन, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर को भी आमंत्रित किया है। माना जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के जी20 सम्मेलन में हिस्सा न लेने के पीछे भारत का हित छिपा हुआ है। भारत ने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर रूस की आलोचना नहीं की है।

## पेज एक के शेष

### पीएम मोदी का...

मानवता का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्रतिबद्धता है।
मोदी ने कहा कि चंद्रमा के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिन्ह छोड़े हैं, वह प्वाइंट अब 'तिरंगा' कहलाएगा। ये तिरंगा प्वाइंट भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा, ये तिरंगा प्वाइंट हमें सीख देगा कि कोई भी विफलता आखिरी नहीं होती। इसके साथ ही एक और अहम ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 23 अगस्त को जब भारत ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया उस दिन को अब 'नेशनल स्पेस डे' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर के चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने की याद में भारत 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाएगा। मोदी ने वैज्ञानिकों को चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की बधाई देते हुए कहा, यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। यह अनंत ब्रह्मांड में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि की जोरदार उद्घोषणा है।
उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों से कहा, आपने एक पूरी पीढ़ी को जागृत किया है और उन पर गहरी छाप छोड़ी है।... आप ह्यमेक इन इंडिया को चंद्रमा तक लेकर गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत चंद्रमा पर है और देश का राष्ट्रीय गौरव भी चंद्रमा पर है। उन्होंने यहां स्थित इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) रवाना होने से पहले एचएएल (हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) हवाई अड्डे के बाहर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और भविष्य में विश्वास करने वाले दुनियाभर के लोगों में भारत की इस उपलब्धि को लेकर उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह देश लौटने पर इसरो के वैज्ञानिकों को धन्यवाद देने के लिए सबसे पहले इस शहर में आने से खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा, न केवल भारतीयों, बल्कि विज्ञान में भरोसा रखने वाले, भविष्य की ओर देखने वाले और मानवता के प्रति समर्पित दुनियाभर के लोगों में उत्साह है। मोदी ने उनसे मिलने के लिए बड़ी संख्या में आए बेंगलुरु के लोगों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं देख रहा हूं कि बच्चों समेत ये लोग सुबह इतनी जल्दी उठकर आए हैं। ये बच्चे भारत का भविष्य हैं।

### भारतीय ज्ञान...

अछूती नहीं है। इसीलिए संस्कृत का अध्ययन सभी लोगों को करना चाहिए। आयुर्वेद, योग, संगीत शास्त्र आदि विभिन्न विद्याएं संस्कृत से ही विकसित हुई हैं।
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति और दर्शन का वैश्विक प्रभाव निर्विवाद रूप से दृष्टिगोचर होता है। संस्कृत के शास्त्रों की धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए न केवल संरक्षित किया जाना चाहिए, बल्कि उसके अनुसन्धान की भी आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से संस्कृत में संरक्षित ज्ञान से नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ऋतुपरिवर्तन, आतंकवाद, मानसिक तनाव जिससे मानव जाति जूझ रही है, इन सबके निदान में भारतीय ज्ञान परम्परा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान समय में इस बात की आवश्यकता है हम भारतीय ज्ञान परम्परा में संरक्षित ज्ञान को आत्मसात करें। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत वाङ्मय में भारतीय ज्ञान परम्परा न केवल श्रुति परम्परा से संरक्षित है, बल्कि संस्कृत की विशाल ज्ञान राशि हमारे महर्षियों के द्वारा लिपिबद्ध भी की गई है। इस अवसर पर दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। संस्कृत में विज्ञान एवं वस्तु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन अन्य लोगों के साथ राज्यपाल ने किया।

### हम स्वाभिमान की...

हम लोगों की सेवा करते हुए पार करेंगे और उसके बाद हम फिर सरकार बनायेंगे।
हेमंत ने कहा कि भाजपा-आजसू वाले लोग आयेंगे तो पूछियेगा 20 साल में कितनी बार जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षा निकाली? आज हम हजारों की संख्या में युवाओं के लिए वेकैंसी निकालने का काम कर रहे हैं। आगे भी वेकैंसी निकालेंगे। पहले कभी भी सरकारी पदाधिकारी गांव-पंचायत नहीं जाते थे। आज हम सभी पदाधिकारियों को आपके द्वार भेज रहे हैं। विपक्ष ने 20 साल जरूरतमंदों को पेंशन नहीं दिया। आज लाखों बुजुर्गों, विधवा महिलाओं को पेंशन मिल रहा है। जगरनाथ दा ने पारा शिक्षकों को अधिकार देने में भी अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग सिर्फ मान, सम्मान और स्वाभिमान की राजनीति करते हैं। यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़ा, किसान के हक-अधिकार की लड़ाई कभी नहीं रुकती है।
बता दें कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में 373 मतदान केन्द्रों पर वोटिंग होगी। डुमरी मे 199, नावाडीह प्रखंड में 129 और चंद्रपुरा में 45 मतदान केंद्र समेत कुल 373 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। मतदान केंद्र के भवनों की कुल संख्या 240 है। वहीं, महिला मतदान केंद्र की संख्या एक है। इस उपचुनाव के लिए मॉडल मतदान केंद्र भी बनाया गया है। इस उपचुनाव में 159596, नावाडीह में 102736 और चंद्रपुरा प्रखंड में 36295 मतदाता वोट डालेंगे।

### झारखंडः संविदा पर नियुक्त...

को मातृत्व अवकाश देने की स्वीकृति दी है। 25 जुलाई 2023 कैबिनेट के फैसले के बाद वित्त विभाग ने संबंध में संकल्प जारी किया है।
जो महिला कर्मी पिछले 12 महीने में 80 दिन तक संविदा पर कार्य कर चुकी हो उन्हें 180 दिन का मातृत्व अवकाश अनुमान्य होगा। यह अवकाश दो जीवित संतान के उपरांत हुए परिवार पर लागू नहीं होगा। -मातृत्व अवकाश के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## जी-20 संस्कृति मंत्रिपरिषद की बैठक, पीएम मोदी ने वीडियो संदेश में कहा-

# संस्कृति में अंतर्निहित होती है एकजुट करने की क्षमता

**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने वीडियो संदेश में कहा कि 'संस्कृति में एकजुट करने की क्षमता अंतर्निहित होती है। यह हमें विविध पृष्ठभूमि और दृष्टिकोणों को समझने में सक्षम बनाती है। हम अपनी शाश्वत और विविध संस्कृति पर बहुत गर्व करते हैं। हम अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी बहुत महत्व देते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत सिर्फ वह नहीं है जो पत्थरों पर गढ़ी जाती है, यह परंपराएं, रीति-रिवाज और त्योहार भी है जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं। हमारा मानना है कि विरासत आर्थिक विकास और विविधीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। यह हमें विविध पृष्ठभूमियों और दृष्टिकोणों को समझने में सक्षम बनाता है। इसलिए आपका कार्य संपूर्ण मानवता के लिए बहुत महत्व रखता है। हम भारतवासियों को अपनी सनातन और विविध संस्कृति पर बहुत गर्व है।




जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव, जी-20 सीडब्ल्यूजी के अध्यक्ष गोविंद मोहन और जी-20 देशों के संस्कृति मंत्रियों ने पूरे उत्साह के साथ देखा व सुना।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हम अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी बहुत महत्व देते हैं। हम अपने विरासत स्थलों को संरक्षित और पुनर्जीवित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि भारत के सभी गांवों के स्तर पर भी अपनी सांस्कृतिक संपदा और कलाकारों का मानचित्रण किया है। हम अपनी संस्कृति का जश्न मनाने के लिए कई केंद्र भी बना रहे हैं। उनमें से प्रमुख हैं देश के विभिन्न हिस्सों में जनजातीय संग्रहालय। ये संग्रहालय भारत के जनजातीय समुदायों की जीवंत संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे।

प्रधानमंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में हमारे पास प्रधानमंत्रियों का संग्रहालय है। यह अपनी तरह का अनोखा प्रयास है जो भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करता है। हम 'युगे-युगीन भारत' राष्ट्रीय संग्रहालय भी बना रहे हैं। पूरा होने पर यह दुनिया का सबसे बड़ा संग्रहालय होगा। इसमें भारत के 5000 साल से अधिक पुराने इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक संपत्ति की बहाली का मुद्दा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस संबंध में आपके प्रयासों का स्वागत करता हूं। मूर्त विरासत का केवल भौतिक मूल्य नहीं होता। यह किसी राष्ट्र का इतिहास और पहचान भी है। हर किसी को अपनी सांस्कृतिक विरासत तक पहुंचने और उसका आनंद लेने का अधिकार है। मोदी ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से भारत सैकड़ों ऐसी कलाकृतियां वापस लाया है जो हमारी प्राचीन सभ्यता की महिमा को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि विरासत आर्थिक विकास और विविधीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। भारत को लगभग 3,000 अद्वितीय कलाओं और शिल्पों के साथ अपनी 2,000 साल पुरानी शिल्प विरासत पर गर्व है।

पीएम ने अपने संदेश में 4सी- कल्चर, क्रिएटिविटी, कॉमर्स और कॉरपोरेशन (सहयोग) का बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आपके समूह ने 'कल्चर यूनाइट्स ऑल' अभियान शुरू किया है। यह वसुधैव कुटुंबकम की भावना को ही समाहित करता है। यह हमें एक करुणामय, समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए संस्कृति की शक्ति का उपयोग करने में समर्थ बनाएगा।

पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे खुशी है कि हम वाराणसी में मिल रहे हैं जो मेरा संसदीय क्षेत्र है। काशी न केवल दुनिया का सबसे पुराना जीवित शहर है, यहां से कुछ ही दूरी पर सारनाथ भी है, जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। यह वास्तव में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी है। यह वास्तव में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी है।

## दलीलों में भारी-भरकम रूपरेखा से बचना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिकाओं में भारी सारांश से बचना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उपरोक्त टिप्पणी तब की, जब उसने पाया कि हाईकोर्ट आदेश में छह पृष्ठ थे, जबकि सारांश में 60 से अधिक पृष्ठ और 27 पृष्ठ विशेष अनुमति याचिका में थे। कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, ह्लभारत के संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।" इससे पहले अगस्त में, सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक कार्यवाही में दायर याचिकाओं या लिखित प्रस्तुतियों के संबंध में पृष्ठ सीमा निर्धारित करने के लिए दिशानिर्देशों की मांग करने वाली एक जनहित याचिका का निपटारा कर दिया था। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा था, हम सभी मामलों में कैसे कह सकते हैं कि



लिखित प्रस्तुतियों पर शब्द सीमा या पृष्ठ सीमा होनी चाहिए? सीजेआई के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा कि हालांकि जनहित याचिका में उठाई गई चिंता प्रशंसनीय है, लेकिन इस तरह की प्रकृति की एक आकार सभी के लिए उपयुक्त दिशा तय करना मुश्किल है। हालांकि शीर्ष अदालत ने कहा था कि यदि जनहित याचिका वादी के पास कोई ठोस सुझाव है, तो वह सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अभ्यावेदन देने के लिए स्वतंत्र है। जनहित याचिका में दावा किया गया था कि अदालत के समक्ष दायर याचिकाओं की पेज सीमा को परिभाषित करने वाले किसी विशिष्ट नियम की कमी के कारण न्याय मिलने में देरी होती है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सीतारमण ने ब्रिटेन की व्यापार मंत्री से निवेश व एफटीए पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय निवेश और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच की यहां मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने आपसी हितों के द्विपक्षीय निवेश और व्यापार मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय के मुताबिक बैठक के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और भारत-ब्रिटेन बीआईटी पर जारी बातचीत को जल्द नतीजे तक ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले सीतारमण ने यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष वी. डोम्ब्रोव्स्की से भी मुलाकात की। इस दौरान एफटीए तथा आपसी हितों के अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

### असम में सड़क दुर्घटना में 4 महिलाओं की मौत

**गुवाहाटी।** असम के धुबरी जिले में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में चार महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना गौरीपुर इलाके में आलमगंज के पास हुई। शुरूआती जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में चार महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम पहुंची।

### मृदुल कुमार लिकटेंस्टीन में भारत के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी मृदुल कुमार को बर्न में निवास के साथ लिकटेंस्टीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि मृदुल कुमार (आईएफएसः 1992), जो वर्तमान में स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत हैं, उन्हें समवर्ती रूप से बर्न में निवास के साथ लिकटेंस्टीन की रियासत में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

## मदुरै में ट्रेन में लगी आग से 10 की मौत



**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक यात्री में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। रेलवे सूत्रों ने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हुई। सूत्रों ने बताया कि सभी मृतक उत्तर प्रदेश के थे और रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। प्रभावित कोच में 55 यात्री थे, जिसे शुक्रवार को नागरकोइल में जोड़ा गया था। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि खाना पकाने के लिए अवैध रूप से कोच के अंदर ले जाए जा रहे गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी। इस बीच, घायल हुए 20 लोगों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन मदुरै रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूर एक यार्ड में खड़ी थी और यात्री दर्शन के लिए मीनाक्षी मंदिर के लिए निकलने वाले थे। अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया।

### राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने ट्रेन हादसे पर जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक खड़ी ट्रेन में आग लगने की दुर्घटना पर दुख जताया है। राष्ट्रपति ने अपने शोक संदेश में कहा कि तमिलनाडु के मदुरै जंक्शन के पास एक खड़ी ट्रेन में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की दुखद हानि के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मेरी संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने मदुरै रेलवे स्टेशन पर दुखद आग की घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## रविवार को सूर्य और शनि के बीच पहुंचेगी पृथ्वी, आपके सबसे करीब होगा शनि

# समीप रहने से सेटर्न दिखेगा सबसे सटीक : सारिका घारू

### टेलीस्कोप से ही देखे जा सकते हैं शनि के रिंग

**एजेंसी। भोपाल**

खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए रविवार, 27 अगस्त का दिन बहुत रोचक होने जा रहा है। इस दिन पृथ्वी सूर्य और शनि के बीच में पहुंचेगी और शनि आपके समीप रहेगा। यह खगोलीय घटना लगभग एक साल बाद होने जा रही है। यह जानकारी शनिवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी। उन्होंने खगोल विज्ञान की इस घटना की वैज्ञानिक जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी अपनी धुरी पर परिक्रमा करते हुए पृथ्वी रविवार को सूर्य और शनि के बीच पहुंचेगी। इस तरह शनि, पृथ्वी और सूर्य तीनों एक सीधी रेखा में रहेंगे। इस समय शनि पृथ्वी के सबसे समीप होगा,



जिससे यह अपेक्षाकृत अधिक चमकीला महसूस होगा। सारिका ने बताया कि भारतीय समय के अनुसार शनि रविवार को दोपहर एक बजकर 50 मिनट पर ठीक सीध में पहुंचेगा, लेकिन इसका दिखना शाम सूर्योस्त के बाद पूर्व दिशा में आरंभ होगा। शनि रातभर आकाश में भ्रमण करता दिख कर सुबह सबेरे सूर्योदय के पहले पश्चिम में अस्त होगा। अगर आपके पास टेलीस्कोप है और बादल बाधा नहीं बनते हैं तो इसे रिंग के साथ चमकता देख सकते हैं। बिना टेलीस्कोप यह एक मध्यम तारे के जैसा दिखेगा तथा इसके रिंग खाली आंखों से नहीं देखे जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अपोजीशन के समय सेटर्न की पृथ्वी से दूरी लगभग 131 करोड़ नौ लाख किलोमीटर होगी। इसका प्रकाश आप तक पहुंचने में लगभग 73 मिनट लग रहा होगा। इसके रिंग 8.1 डिग्री के कोण पर झुके होंगे। उन्होंने बताया कि चूंकि शनि की सूर्य से दूरी, पृथ्वी की सूर्य से दूरी की तुलना में लगभग साढ़े नौ गुना अधिक है इसलिये शनि के अपोजीशन की इस घटना में कोई चमत्कारिक अंतर नहीं आता है, जैसा कि सोशल मीडिया में बढ़-चढ़कर बताया जाता है। लगभग एक साल में होने वाली खगोलीय घटना 2024 में आठ सितम्बर को होगी।

# भाजपा हर लोस सीट पर 10 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर/आईटी विस्तारक तैनात करेगी

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

सात माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा अभी से चुनावी मोड में आ गयी है। हर तरफ जो कुछ कर रही है या सरकार द्वारा किया जा रहा है, सबको उसी लाइन पर पीक व पंच दिया जा रहा है। इसने अपने सबसे कारगर 10 हजार से ज्यादा आईटी सेल लड़ाकों या सदस्यों या इन्फ्लुएंसर्स को इसके लिए और भी सघन प्रशिक्षण देने की तैयारी कर ली है। जिसके तहत आईटी सेल व सोशल मीडिया मशीनरी के



लिए 27 अगस्त से मेगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होने जा रहा है। जिसका पूरा फोकस मतदाताओं को कैसे भी भाजपामय बनाये रखना होगा। इसके लिए 2019 के लोकसभा चुनाव के समय की गयी मेहनत से भी ज्यादा मेहनत व संसाधन झोंका जाना है। पंचायत व गांव स्तर तक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनको सरल, नमो व इसी तरह के अन्य भाजपा प्रचारक ऐप चलाना सिखाया जाएगा। आईटी सेल व उससे जुड़े लोगों का जो भी ट्वीट(एक्स) या व्हाट्सएप पर संदेश या वीडियो आएगा , उसे ज्यादा से ज्यादा युवकों, बुजुर्गों तक पहुंचाया जाएगा।सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भरपूर उपयोग करके गैर भाजपाई नेताओं व उनके समर्थकों की ट्रोलिंग करते हुए उनके प्रचार अभियान को फुस्स किया जाएगा। हर लोकसभा के लिए 10 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उर्फ. आईटी विस्तारक तैनात किया जाएगा।

## कार्रवाई एआई का गलत इस्तेमाल पर हो सकती है तीन साल की जेल

# डेटा प्रोटेक्शन लॉ के तहत होंगे केस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गलत इस्तेमाल को लेकर एक नई चुनौती लोगों के सामने आती दिख रही है। सोशल मीडिया पर इस तरह के कई मामले देखने को मिल रहे हैं, जहां एआई का इस्तेमाल करके आपकी तस्वीर को गलत रूप दिया जा सकता है। अगर कोई शख्स इस तरह का वीडियो एडिट करता है, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस तरह के मामले कई धाराओं के साथ मामला दर्ज हो सकता था। इस तरह के मामलों में आईटी एक्ट, आईपीसी की विभिन्न धाराओं और डेटा प्रोटेक्शन लॉ के तहत केस हो सकता है। एक साइबर एक्सपर्ट्स ने बताया कि आई टी एक्ट की धारा 67 के अंतर्गत यदि इंटरनेट




पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वीडियोज पोस्ट की जाती है तो व्यक्ति पर कार्रवाई करने का प्रावधान है।

इस धारा के तहत तीन साल तक की सजा और जुमार्ने का भी प्रावधान है और यह सजा बढ़ाई भी जा सकती है। आपके शेयर किए वीडियो से जिस शख्स की छवि खराब होती है, वो आप पर मानहानि का भी केस कर सकता है। हमने जिस मामले की बात इस आर्टिकल की शुरूआत में की है, उसमें पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कई मामलों में केस दर्ज किया है। इसमें यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पोस्को) की धाराओं के तहत भी केस दर्ज किया गया है। अगर कोई इस तरह के अपराध का शिकार हो जाएं, तो साइबर क्राइम संबंधित थाना से संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा यूजर्स को सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज को शेयर करते वक्त थोड़ा सवाधान रहने की भी जरूरत है। अगर आपको किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी फोटोज मिलती हैं, तो भी आप वहां भी रिपोर्ट कर सकते हैं।हर फोटोज के साथ आपको कई सारे ऑप्शन मिलते हैं। अगर आपको फेसबुक पर अपना कोई आपत्तिजनक वीडियो या फोटो मिलती है, तो आप उसे रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके साथ ही आप उस प्लेटफॉर्म के कस्टमर केयर से भी संपर्क कर सकते हैं और अपना वीडियो या फोटो रिमूव करने के लिए रिक्वेस्ट कर सकते हैं। सोशल मीडिया पर आपको ऐसे कई सबूत मिलते हैं, जिससे पता चलता है कि लोग एआई का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

## FILMY हलचल

### 17 साल बाद स्क्रीन पर साथ आएंगे मेगास्टार अमिताभ बच्चन और सुपरस्टार शाहरुख खान

**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन और सुपरस्टार शाहरुख खान, जिन्हें आखिरी बार 'कभी अलविदा ना कहना' में एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था, एक नए प्रोजेक्ट के लिए 17 साल बाद स्क्रीन पर एक साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बिग बी और शाहरुख आखिरी बार 2006 में करण जौहर द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' में नजर आए थे। फिल्म में अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा और किरण खेर भी थे। सूत्र के मुताबिक, "एक दिलचस्प प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान एक बार फिर साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। इस प्रोजेक्ट से संबंधित बहुत सी खबरें अभी तक सामने नहीं आई हैं, लेकिन जल्द ही और अधिक अपडेट और समाचार सामने आएंगे।"



### नहीं रहे मशहूर गीतकार देव कोहली



**बॉलीवुड** के दिग्गज गीतकार देव कोहली (82 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। गीतकार देव कोहली ने मैंने प्यार किया, बाजीगर, जुड़वा 2, मुसाफिर, शूटआउट एट लोखंडवाला, टैक्सी नंबर नौ दो इलेवन जैसी 100 से अधिक हिट फिल्मों के लिए गाने लिखे हैं। देव कोहली के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई के लोखंडवाला स्थित घर पर दोपहर 2 बजे रखा जाएगा। शाम 6 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। देव कोहली पिछले दो-तीन माह से कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती थे। तमाम इलाज के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं होने पर 10 दिन पहले डिस्चार्ज कर दिया गया था।

### केबीसी 15: 'अंधविश्वास' को लेकर अमिताभ बच्चन ने सुनाया किस्सा

**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन ने 'अंधविश्वास' की अवधारणा के बारे में बात करते हुए कहा है कि लोगों को अंधविश्वास पर विश्वास नहीं करना चाहिए क्योंकि यह उन्हें गुमराह करता है और इसे बढ़ावा भी नहीं किया जाना चाहिए। बिग बी कई सामाजिक कार्यों में शामिल रहे हैं जैसे वह 2002 में भारत में पोलियो उन्मूलन अभियान के लिए यूनिसेफ से जुड़े। वह 'सेव अवर टाइगर्स' अभियान का चेहरा भी हैं। अमिताभ स्वच्छ भारत मिशन के मुखर 'ब्रांड एंबेसडर' रहे हैं। 2020 में, उन्होंने सरकार को कोविड-19 से संबंधित



सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेश को बढ़ावा देने में मदद की। 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के होस्ट बिग बी ने 'केबीसी प्ले अलॉन्ग' स्पेशल एपिसोड में क्विज रियलिटी शो की हॉट सीट पर छत्तीसगढ़ के फाइनेंस एक्जीक्यूटिव सौरभ सेनगुप्ता का स्वागत किया। सौरभ से अमिताभ ने पूछा कि 'क्या वह अंधविश्वास में विश्वास करते हैं?' कंटेंस्टेंट्स ने सिर हिलाया और कहा, हां सर, मैं अंधविश्वास में विश्वास करता हूं। इसके बाद उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा, 'कभी-कभी जब आप किसी जरूरी काम से बाहर जा रहे होते हैं और आपको किसी ऐसे व्यक्ति का चेहरा दिख जाता है, जिसे देखने के बाद पूरा दिन खराब हो जाता है, तो मैं कोशिश करता हूं कि अगले दिन उस व्यक्ति को न देखूं।' इसके बाद उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मैं उस शख्स का नाम नहीं बता सकता।'